


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अख़बार

रांची, बुधवार 10 सितंबर 2025 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 154 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## काठमांडू की सड़कों पर निकली विक्ट्री परेड

## नेपाल में जेन-जेड विद्रोह ने कर दिया 2 दिन में ही तख्ता पलट

# पीएम केपी ओली और मंत्रियों ने कुर्सी छोड़ी, देश भी छोड़ेंगे

**एजेंसियां। काठमांडू**

नेपाली युवकों के गुस्से की आग से देश सुलग उठा है. नेपाल के पीएम केपी ओली और सभी मंत्रियों ने मंगलवार को आखिरकार अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. पीएम केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने देशवासियों से शांति की अपील की.

इसके बाद राजधानी काठमांडू की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों ने विक्ट्री परेड निकाल कर जश्न मनाया. हालांकि आक्रोश इतना है कि नेपाल के वित्त मंत्री को प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर दौड़ाकर पीट दिया. देश के पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जला दिया. इस गुस्से की जद में नेपाल के संसद भवन से लेकर पीएम केपी ओली का आवास भी आया. प्रदर्शनकारियों ने उनमें आग लगा दी. स्थिति हाथ से निकलने के बाद पीएम ओली ने भी कुर्सी छोड़ दी. गुस्सा बस सरकार के खिलाफ नहीं है. सभी दल के नेता निशाने पर हैं. उनके घरों में तोड़फोड़ की गई है. ओली से पहले कई दर्जनभर मंत्रियों के इस्तीफे हो चुके थे. सरकार में सहयोगी पार्टियों के कई सांसदों ने भी इस्तीफा दे दिया है. बताया जा रहा है कि पीएम ओली नेपाल के आर्मी चीफ को इस्तीफा देकर देश छोड़ सकते हैं. उनके साथ कई मंत्री भी नेपाल से निकल सकते हैं.

- पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा की हालत नाजुक
- संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट को लगाई आग
- पूर्व पीएम खनाल की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत
- बालेन शाह ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे को बताया जीत
- फिर भी शांत नहीं हो रहा नेपाल हिंसा जारी



### आर्मी चीफ ने कहा था कुर्सी छोड़ने से सुधरेंगे हालात

पीएम केपी शर्मा ओली को आर्मी चीफ जनरल अशोक राज सिगडेल ने कुर्सी छोड़ने की सलाह दी थी. उन्होंने कहा कि इस्तीफे के बाद ही हालात सुधरेंगे. नेपाल में सोशल मीडिया ऐप्स पर लगे बैन को लेकर जेन जेड विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. देश के बिगड़े हालात के बीच राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया है. ओली इस वक्त सुरक्षा के लिहाज से नेपाली आर्मी के साथ हैं. माना जा रहा है कि ओली जल्दी ही दुबई प्रस्थान कर जाएंगे.

### नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली ने इस्तीफे में क्या लिखा...

केपी शर्मा ओली ने इस्तीफे में लिखा, 'माननीय राष्ट्रपति जी, नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार 31 असद 2081 बी.एस. को प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद, तथा देश में वर्तमान में विद्यमान असाधारण स्थिति को ध्यान में रखते हुए, मैंने संविधान के अनुच्छेद 77 (1) (ए) के अनुसार आज से प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि संविधान के अनुसार समस्याओं के राजनीतिक समाधान और समाधान की दिशा में आगे कदम उठा सकूं.'

### कौन हैं बालेन शाह, जिन्हें कहा जा रहा विद्रोहियों का बड़ा चेहरा?

नेपाल आंदोलन के केंद्र में बालेन शाह उभर कर सामने आए हैं, जिन्हें काठमांडू के मेयर और युवाओं में बेहद लोकप्रिय नेता के रूप में देखा जाता है. टाइम मैगजीन और न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी बालेन को कवर किया. उनके सोशल मीडिया पोस्ट अक्सर राष्ट्रीय स्तर पर बहस और ट्रेंडिंग का कारण बनते हैं. उनकी जीवन शैली, स्टाइल और विचार युवा पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं. यही वजह है कि जेन जेड आंदोलन में बालेन शाह का समर्थन इसे तेजी से गति और पहचान दे रहा है. बालेन शाह की यात्रा भी दिलचस्प रही. उन्होंने सिविल इंजीनियर के रूप में करियर शुरू किया, फिर रैपर बने और अंततः राजनीति में कदम रखा. काठमांडू के मेयर बनकर उन्होंने युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल की.



## ब्रीफ न्यूज

### मालेगांव के पीड़ितों ने किया हाईकोर्ट का रुख

**मुंबई।** मालेगांव ब्लास्ट केस 2008 के पीड़ित परिवारों ने मंगलवार को स्पेशल कोर्ट के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है. 31 जुलाई 2025 को स्पेशल कोर्ट ने बीजेपी नेता प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और पांच अन्य को बरी कर दिया था. इस फैसले के खिलाफ अब पीड़ित परिवारों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. निसार व छह अन्य ने हाईकोर्ट से फैसले को रद्द करने की अपील की है.

### अमित शाह इस माह दो बार बिहार आएंगे

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो गए हैं. अमित शाह इस माह में दो बार बिहार का दौरे करेंगे. वे एनडीए की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे और रणनीति तय करेंगे. उनके इस दौरे को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है. अमित शाह 18 और 27 सितंबर को पटना आएंगे. इस दौरान वे एनडीए के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे और चुनाव की रणनीति तय करेंगे. भाजपा ने चुनाव की दृष्टि से बिहार को पांच जोन में बांटा है और शाह इन पांचों जोन की अलग-अलग बैठक करेंगे.

### भारत-पाक मैच रोकने के लिए याचिका दायर

**नयी दिल्ली।** एशिया कप में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाना है. इस मैच को लेकर पिछले कुछ दिनों से सवाल उठ रहे हैं. इसी बीच, पुणे के सामाजिक कार्यकर्ता केतन तिरोडकर ने सुप्रीम कोर्ट में इस मुकाबले को लेकर एक याचिका दायर की है. इसमें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट ऑफ मैंडमस जारी करने की मांग की गई है, ताकि इस मैच को असंवैधानिक घोषित किया जा सके.

# सीपी राधाकृष्णन नए उपराष्ट्रपति

## एनडीए उम्मीदवार को मिले उम्मीद से भी अधिक वोट

### इंडिया ब्लॉक के बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए हैं. राधाकृष्णन को 452 वोट मिले, जबकि विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 300 मत हासिल हुए. उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए, 752 वैध और 15 अवैध थे. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार को संसद भवन में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वोटिंग हुई. कुल 768 सांसदों ने वोट डाले. लोकसभा और राज्यसभा मिलाकर भारत की संसद में कुल 788 सांसद होते हैं. वर्तमान में दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं. इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 13 वोटिंग में शामिल नहीं हुए. इनमें बीआरएस के 4, बीजेडी के 7, अकाली दल के 1 और 1 निर्दलीय सांसद ने वोट नहीं डाला. एनडीए 427 सांसदों ने वोट किया.

राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने घोषणा की कि एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को 452 मत मिले, जबकि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी को 300 मत प्राप्त हुए हैं. उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 फीसदी मतदान हुआ. चुनाव में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था, जिसमें 15 वोट अवैध करार दिए गए. इस प्रकार, राधाकृष्णन ने रेड्डी को 152 वोटों के अंतर से हराया. इस बीच, भाजपा ने दावा किया है कि विपक्ष की तरफ से 14 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग करके सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया.

सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं, जबकि बी सुदर्शन रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रह चुके हैं. इस चुनाव में दोनों प्रमुख दलों ने दक्षिण भारत से अपने-अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था. सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं, जबकि बी सुदर्शन रेड्डी आंध्र प्रदेश से आते हैं. यह चुनाव दक्षिण भारत के लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि दोनों पक्षों ने अपने-अपने राज्यों से उम्मीदवार उतारे थे. एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ने इस चुनाव में दक्षिण भारत की पहचान और प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों को चुना था, लेकिन सीपी राधाकृष्णन ने जीत हासिल की.



### किसको कितने वोट

- सीपी राधाकृष्णन –452 वोट
- बी सुदर्शन रेड्डी – 300 वोट
- वोट अमान्य हुए –15 वोट
- क्रॉस वोटिंग हुई –14 वोट

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डाला पहला वोट




इससे पूर्व संसद भवन में देश के 17वें उप राष्ट्रपति पद के लिए मतदान कराया गया. पीएम नरेंद्र मोदी ने सुबह सबसे पहले 10 बजे अपना वोट डाला. एनडीए की ओर से उम्मीदवार बनाए गए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला था. इसके लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान समाप्त होने के बाद शाम 6 बजे से मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित कर दिया गया. पीएम मोदी के साथ-साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू, जी. किशन रेड्डी, रवनीत सिंह बिट्टू, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों ने अपने-अपने वोट डाले. पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर संसद पहुंचे और वोट डाला. विपक्ष की ओर से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर समेत अन्य सांसदों ने वोट डाले. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदान के बाद भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का काम दलों को इस्तेमाल करके बर्बाद करने का रहा है. इस चुनाव में बीजद, बीआरएस और शिरोमणि अकाली दल और एक निर्दलीय सांसद ने वोटिंग में हिस्सा न लेने का फैसला किया.

**कौन हैं सीपी राधाकृष्णन :** चंद्रपुरम पोन्नुसामी (सीपी) राधाकृष्णन, जो एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित होने से पहले 31 जुलाई, 2024 तक महाराष्ट्र के 24वें राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे. इससे पहले, उन्होंने फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया. मार्च और जुलाई 2024 के बीच, उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला. राधाकृष्णन इससे पहले झारखंड, तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में भी कार्य कर चुके हैं. कोयंबटूर से दो बार सांसद रहे राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर, 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में हुआ था. राधाकृष्णन ने 1974 में भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन, भारतीय जनसंघ की राज्य समिति के सदस्य बने. जनसंघ से पहले, वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हुए थे. वर्ष 1996 में, राधाकृष्णन को बीजेपी तमिलनाडु का सचिव नियुक्त किया गया, जिसके बाद वे 1998 में कोयंबटूर से लोकसभा सदस्य चुने गए और 1999 में पुनः निर्वाचित हुए.



झारखंड में राज्यपाल रहते सीपी राधाकृष्णन सीएम हेमंत सोरेन के साथ.

**सियाचिन बेस कैंप के पास एवलांच**

# दो अग्निवीर समेत सेना के तीन जवान हुए शहीद

- तीनों में से झारखंड, यूपी और गुजरात केएक-एक जवान

**एजेंसियां। लद्दाख**



लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में एक बड़ा हिमस्खलन हुआ है. इसमें भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए. जबकि पांच जवान फंसे हुए हैं. यह दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है, जहां सैनिक -60 डिग्री की ठंड, तेज हवाओं और बर्फीले खतरों का सामना करते हैं. जानकारी के मुताबिक जवान पेट्रोलिंग कर रहे थे, तभी हिमस्खलन की चपेट में आ गए. ये तीनों जवान महार रेजीमेंट के थे. तीनों गुजरात, उत्तर प्रदेश और झारखंड के रहने वाले थे. पांच जवान हिमस्खलन में फंसे हुए हैं. एक कैप्टन को बचाया गया है. सेना की बचाव टीमें तुरंत काम पर लग गई हैं, जो लेह और उधमपुर से मदद ले रही हैं. सियाचिन में हिमस्खलन सर्दियों में आम हैं. 1984 के ऑपरेशन मेघदूत से अब तक 1,000 से ज्यादा सैनिक मौसम की वजह से शहीद हो चुके हैं. अभी और जानकारी का इंतजार है.

**पेसा नियम लागू होने तक नहीं होगी बालू की नीलामी**

# हाईकोर्ट ने सचिव से कहा सीएम-मंत्री को जेल भेज दें?

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश देते हुए कहा, जब तक एसटी क्षेत्रों में ग्रामसभा को संसाधनों पर हक देने वाले पेसा नियम की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी लघु खनिज खदान की नीलामी नहीं होगी. इस आदेश से जिलों में चल बालू घाटों की नीलामी रुकेगी. आदेश चीफ जस्टिस तरलोक सिंह और राजेश शंकर की खंड पीठ ने दिया. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अजीत, अभिषेक व ज्ञानंत ने पक्ष रखा.



**पिछले आदेश की अवमानना पर सुनवाई :** मामला आदिवासी बुद्धिजीवी मंच द्वारा दायर अवमानना याचिका से जुड़ा है. मंच ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को दिए गए आदेश के बावजूद र सरकार ने पेसा नियम अधिसूचित नहीं किया और बालू घाटों की नीलामी जारी रखी. कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को फटकार लगाई. सुनवाई के दौरान जब पंचायतीराज के प्रधान सचिव मनोज कुमार ने यह जिम्मेदारी सीएम और मंत्रियों पर डालने की बात कही, तो कोर्ट ने तीखा रुख अपनाते हुए पूछा-क्या आप चाहते हैं कि हम सीएम व मंत्रियों को जेल भेज दें? यही आप कह रहे हैं?

**कोर्ट की सख्त टिप्पणी:** याचिकाकर्ता आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के संयोजक विक्टर माल्टो ने बताया कि कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार 73वें संविधान संशोधन की मंशा को निरर्थक कर रही है, जबकि एसटी क्षेत्रों में संसाधनों पर स्थानीय निकायों को अधिकार दिए जाने चाहिए.

## महंगाई : सोने की कीमत ने रचा इतिहास, निवेशकों में भारी उत्साह

# पहली बार 1.10 लाख रुपए का आंकड़ा किया पार

**शुभम संदेश डेस्क**

सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला. घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया. यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है.

**एमसीएक्स पर सोने का रिकॉर्ड स्तर ।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41% बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. वहीं, अक्तूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44% उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई.



**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में तेजी :** वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया है. अमेरिकी बाजार कॉमेक्स में दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है.

**डॉलर की कमजोरी का असर :** कमजोर अमेरिकी डॉलर का सीधा फायदा सोने को मिला. जब डॉलर कमजोर होता है, तो अन्य मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो जाता है. इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी मांग बढ़ती है और कीमतें ऊपर जाती हैं.

**सोने का भाव बढ़ने से निवेशकों में उत्साह :** तेजी से बढ़ती कीमतों के कारण निवेशकों में सोने को लेकर उत्साह बढ़ा है. कई निवेशक इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं, खासकर आर्थिक अनिश्चितता के दौर में. निवेशकों के लिए यह सलाह है कि आने वाले दिनों में सोने में उतार-चढ़ाव और बढ़ सकता है.

**कहां क्या पड़ेगा असर :** घरेलू बाजार में सोने के आभूषणों की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है. वहीं आगामी त्योहारी और शादी के सीजन में ग्राहकों को महंगे सोने का सामना करना पड़ सकता है. सोने की महंगाई से ग्रामीण इलाकों में होनेवाली शादियों के लिए खरीदारों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है.

**क्यों बढ़ा सोने का दाम :** रिलायंस सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, पिछले हफ्ते अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़े जारी हुए. इससे यह संभावना बढ़ गई कि फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) इस साल ब्याज दरों में तीन बार कटौती कर सकता है. अगली फेडरल रिजर्व पॉलिसी बैठक में 0.25% (25 बेसिस प्वाइंट) की दर कटौती की उम्मीद की जा रही है. ब्याज दरों में कमी से सोने की मांग बढ़ती है क्योंकि सोना निवेशकों के लिए ज्यादा आकर्षक विकल्प बन जाता है.

**21 सितंबर को लगेगा सूर्य ग्रहण**

# पितृपक्ष के अंतिम दिन लगेगा सूर्य ग्रहण

**शुभम संदेश डेस्क**

21 सितंबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है. यह ग्रहण सर्वपितृ अमावस्या के दिन लगने वाला है, जो इसे और भी विशेष बना देता है. ग्रहण की शुरुआत रात 11 बजे होगी और यह अगले दिन सुबह 3:24 बजे तक चलेगा. हालांकि यह आंशिक सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा और इसलिए इसका सूतक काल भी लागू नहीं होगा. यह ग्रहण कन्या राशि में लग रहा है और इसे न्यूजीलैंड, फिजी, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर और अटलांटिक महासागर जैसे देशों में देखा जाएगा. ज्योतिषविदों के अनुसार सूर्य ग्रहण का जीवन पर गहरा प्रभाव होता है, खासकर जब यह पितृ पक्ष में पड़ता है तो इसका महत्व और बढ़ जाता है. ग्रहण के समय शुभ और अशुभ दोनों प्रकार की ऊर्जा सक्रिय हो जाती हैं. यदि इस दौरान सही तरीके से उपाय और अनुष्ठान किए जाएं तो जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव हैं. इसलिए इस ग्रहण के प्रभावों को समझना और उनका सही दिशा में उपयोग करना बेहद जरूरी है. इस बार का सूर्य ग्रहण विशेष रूप से इसलिए अहम है क्योंकि यह कन्या राशि में हो रहा है और उस दौरान शनि वक्री अवस्था में रहेंगे.

**कोलियरी परियोजना में रिश्वत मामला**

# सीबीआई ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। रांची/नयी दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड की गिद्दी 'सी' कोलियरी परियोजना में रिश्वतखोरी के एक मामले में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के तीन कर्मचारियों और चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सीसीएल कर्मियों में सीसीएल प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारी (खनन) अनिल कुमार, क्लर्क दीपक कुमार, सुरक्षा गार्ड नरेश कुमार और अन्य लोगों में मोहम्मद सद्दाम, इसराइल अंसारी, मोहम्मद तबारक और अरुण लाल शामिल हैं. इन कर्मचारियों पर आरोप है कि इन्होंने सड़क मार्ग से कोयले की बिक्री के दौरान रिश्वत लेकर अवैध रूप से कोयला उठाने की अनुमति दी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सातों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन सभी को हिरासत में ले लिया. फिलहाल एजेंसी मामले की छानबीन कर रही है. सभी आरोपितों को आज रांची में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा. सीबीआई का कहना है कि इन लोगों की न्यायिक हिरासत में पूछताछ के लिए आवेदन किया गया है.

# हे मां दुर्गे... मंदिर से सटा कर ही तो खोल दी गई शराब की दुकान, कैसे करने आयें आपकी आराधना !

## किंग सफायर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने उपायुक्त से शराब दुकान हटाने की लगाई गुहार

राजेश कुमार सिंह। रांची






शहर के मोरहाबादी स्थित मान्या पैलेस के बगल में किंग सफायर वेलफेयर सोसाइटी की बाउंड्रीवाल से सटा कर ही शराब दुकान की बंदोबस्ती कर दी गई है. ब्राहमाणी इंटरप्राइजेज के नाम से शराब दुकान की बंदोबस्ती की गई है.

शराब की दुकान एक ओर सोसाइटी से सटी हुई है, तो दूसरी ओर दुर्गा मंदिर और आदिवासियों का पवित्र सरना स्थल भी है. मंदिर प्रांगण और शराब दुकान की दीवार एक ही है. या यों कहें मंदिर की दीवार से ही शराब दुकान की दीवार भी सटी हुई है. मंदिर के पास पहले से ही बच्चों का बस स्टाप है, जहां शहर के विभिन्न नामी स्कूलों की बसें आकर रुकती हैं. अभिभावकों को बच्चों को स्कूल बस पर चढ़ाने के लिए इसी मंदिर के पास आना पड़ता है, जहां अब शराब दुकान खोल दी गई. हालत ये है कि शराब दुकान खुल जाने से बच्चों के साथ- साथ अभिभावक भी यहां असहज महसूस करते हैं. शराब दुकान का बोर्ड देख बच्चे भी अभिभावकों से तरह-तरह के सवाल पूछते हैं, जिससे वे निरुत्तर हो जाते हैं.

मंदिर से सट कर शराब दुकान खुल जाने से पूजा-पाठ के लिए आनेवाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी हो ही रही है , साथ ही आसपास रहनेवालों को भी परेशानी हो रही है. शराब दुकान की वजह सुबह-सशाम मंदिर में पूजा के लिए आनेवाली महिलाएं भी खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं. कास कर शाम के वक्त पूजा के लिए मंदिर आना दुश्कर काम हो गया है. शराब दुकाम पर वैसे तो दिनभर भीड लगी रहती है, लेकिन शाम चार बजे के बाद तो भीड़ कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है. बल्कि शाम से देर रात तक लोग शराब की खरीदारी के लिए न सिर्फ भीड़ लगाए रहते हैं, बल्कि आसपास या सड़की के दूसरी ओर स्टेडियम की दावार से हटकर गाड़ी लगाकर शराब का भी सेवन करते हैं. ऐसे में मोरहाबादी में स्वस्थ रहने के लिए इवनिंग वॉक के लिए आनेवाले लोगों को भी पेरशानी होती है.

किंग सफायर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों व आसपास के लोगों का कहना है कि मंदिर से सटा कर शराब दुकान खोल दिए जाने से वहां साम के वक्त तो मेले का सा नजारा रहता है. शराब दुकान पर पहुंचनेवाले सड़क प रही गाड़ी खड़ी जाम लगा देते हैं, जिससे आवागमन में परेशानी तो होती ही है, इवनिंग वॉक करने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

शराब दुकान की वजह से स्टेडियम की सड़क किनारे बी वाहनों का जमावड़ा लगने से जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है.

शराब दुकान के बगल में पवित्र दुर्गा मंदिर और आदिवासियों का सरना स्थल भी है. इससे धार्मिक आस्था को चोट पहुंचती है. इसे लेकर आदिवासियों का विरोध भी लंबे समय से जारी है. लोगों की मांग है कि शराब की दुकान की बंदोबस्ती रद्द की जाए या इसे किसी दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को बेवजह की परेशानियों से बचाया जा सके.

## एक नजर

### आजसू को एक और झटका, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने सभी पदों से दिया इस्तीफा



**रांची** । आजसू पार्टी को मंगलवार को एक और बड़ा झटका लगा है. पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू ने सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि वह लंबे समय से पार्टी से जुड़े रहे और इस दौरान उन्हें सहयोग मिलता रहा, जिसके लिए वह आभार व्यक्त करते हैं. दिलीप कुमार साहू ने कहा कि कुछ व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया है. इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वह आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहे हैं. गौरतलब है कि दिलीप कुमार साहू बुण्डू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख भी रह चुके हैं. उनका कहना है कि संगठन से जुड़कर उन्होंने हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए काम किया, लेकिन अब व्यक्तिगत कारणों से पार्टी की जिम्मेदारियों से अलग हो रहे हैं. राजनीतिक गलियारों में उनके इस फैसले को आजसू पार्टी के लिए एक और झटके के रूप में देखा जा रहा है.

### बोतल पर नहीं, चार्ट पर लिखे प्राइस पर ही शराब लें उपभोक्ता: उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री

**रांची** । उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि नियम विरुद्ध दुकान खोलने और अत्यधिक मूल्य पर शराब बेचनेवाले खुदरा शराब बिक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने उपभोक्ताओं से भी आह्वान किया है कि वह बोतल पर लिखे दाम पर नहीं, दुकान के बाहर चार्ट पर दर्ज मूल्य पर शराब खरीदें. राज्य के सभी खुदरा शराब दुकानों के बाहर झारखंड बीवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के आदेश पर विभिन्न ब्रांड के शराब की कीमत प्रदर्शित किया गया है. उन्होंने कहा कि बोतल पर पुराना मूल्य भी दर्ज हो सकता है. स्टॉक क्लियरेंस के क्रम में शराब की पुरानी बोतलों को बेचने के क्रम में उस पर दर्ज प्राइस अलग हो सकता है. योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि स्कूल-कॉलेज, मंदिर-मस्जिद के पास अगर शराब की कोई दुकान खुली है, तो आम व्यक्ति इसकी शिकायत कर सकता है. लिखित शिकायत या मौखिक रूप से भी जानकारी दे सकता है. उनके कार्यालय, आवास या उत्पाद विभाग में इसकी जानकारी दे सकता है. ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मंत्री ने कहा कि शराब दुकानों के संचालन में नियम विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट संशोधित

**रांची**। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर जेएसएससी ने झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट को संशोधित कर दिया है. आयोग द्वारा आज अपने वेबसाइट पर संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया गया. उसमें कहा गया है कि जेटेट में प्राप्त आरक्षण के आधार पर अपने आरक्षण कोटि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अनारक्षित कोटि से अपनी आरक्षण कोटि में स्थानांतरित करने के साथ साथ पारा कोटि के वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा अधिकतम उम्र सीमा की छूट एवं रियायत प्राप्त की गयी है,को अनारक्षित कोटि से अपने आरक्षण कोटि में स्थानांतरित करते हुए संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया जा रहा है. मालूम हो कि हाईकोर्ट ने इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए स्कूली शिक्षा विभाग को संशोधित रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था.

### आरओबी निर्माण कंपनी से रंगदारी मामले में कुख्यात शूटर शिव शर्मा को हाईकोर्ट से बेल

**रांची**। रामगढ़ जिले के पतरातू इलाके में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी से रंगदारी मांगने के आरोपी कुख्यात शूटर शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र को हाईकोर्ट से बेल मिल गई है. हाईकोर्ट ने शिव शर्मा को 20-20 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में शिव शर्मा की बेल पर सुनवाई हुई. शिव शर्मा की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की. बता दें कि आरओबी कंपनी से रंगदारी मांगने को लेकर पतरातू थाना में कांड संख्या 02/2025 दर्ज किया गया था, जिसमें शिव शर्मा समेत अन्य को आरोपी बनाया गया था. इस केस में बेल मिलने के बाद अब शिव शर्मा जेल की सलाखों से बाहर आ सकता है.

### स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को ले मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**रांची**। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल ज़हीर ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. महासंघ ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री की इस तत्परता से 2210 शीर्ष के परिवार कल्याण स्वास्थ्य कर्मियों में आशा और विश्वास बढ़ा है.

---

केंद्र के आदेश पर हटाया जा रहा है एचईसी का अतिक्रमण

# भ्रम फैला रहे बाबूलाल मरांडी : सुप्रियो भट्टाचार्य

शुभम संदेश। रांची




झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी इन दिनों मुद्दों की तलाश में रांची में ही रहकर सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन उनकी बयानबाज़ी से ज़्यादा भ्रम फैल रहा है.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने हाल ही में वायरल हुए उस वीडियो का ज़िक्र किया, जिसमें मरांडी हटिया विधायक के साथ बिरसा चौक पर दिखे थे और मौके से डीसी को कॉल कर रहे थे. इस पर उन्होंने कहा कि एचईसी इलाके में अतिक्रमण हटाने का निर्णय राज्य सरकार का नहीं, बल्कि भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय और साउथ ईस्टर्न रेलवे के निर्देश पर लिया गया है. मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि एचईसी की जमीन पर आवासीय परिसर खड़ा कर दिया गया है और इसे खाली कराना ज़रूरी है.

उन्होंने सवाल उठाया कि जब आदेश केंद्र सरकार की ओर से आया है तो मरांडी ने भारी उद्योग मंत्रालय और रेलवे को पत्र क्यों नहीं लिखा. "बाबूलाल बताएं कि जिन लोगों ने एचईसी की जमीन पर कब्ज़ा किया है, वे कौन हैं. झारखंड की जनता अतिक्रमणकारी नहीं है, यहां बाहर से आए लोग ही ज़मीन पर कब्ज़ा जमाए बैठे हैं," भट्टाचार्य ने कहा.

जेएमएम प्रवक्ता ने उदाहरण देते हुए कहा कि कूटे गांव में विस्थापित परिवारों को सरकार ने आवास उपलब्ध कराया है, लेकिन धुर्वा डैम के आसपास सेक्टर-2 और सेक्टर-3 के पीछे किसके समय में बिजली के खंभे लगाए गए और किस आधार पर उन बस्तियों को वार्ड में शामिल किया गया, इसका जवाब भी बाबूलाल को देना चाहिए.

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, "असल अतिक्रमणकारी तो भाजपा है. असम में 3000 एकड़ कॉरपोरेट सौंप दी गई, जिस पर अदालत को सवाल उठाना पड़ा. मुंबई की धारावी, जहां मज़दूर रहते थे, उसे अदानी को दे दिया गया. हसदेव का जंगल अंबानी को और महाराष्ट्र का आरे जंगल काट कर साफ कर दिया गया. बाबूलाल बताएं, विस्थापन किसे कहते हैं?"

सुप्रियो ने कहा कि जेएमएम सरकार ने विस्थापन आयोग बनाया है और राज्य में विस्थापन की पीड़ा को भलीभांति समझती है. लेकिन भाजपा और उसके नेता केवल कॉरपोरेट घरानों के हित में खड़े रहते हैं.

उन्होंने आरोप लगाया कि एचईसी की अतिक्रमित ज़मीन पर ज़मीन दलाली करने वाले रहते हैं और इसी कारण वहां बाबूलाल मरांडी को "दर्द" दिखाई देता है.

सीएम आवास घेरने की मरांडी की घोषणा पर भी भट्टाचार्य ने कटाक्ष किया. उन्होंने कहा, "पहले एचईसी या डीआरएम ऑफिस घेर कर दिखाइए. वहां सीआईएसएफ और आरपीएफ आपका स्वागत करेंगे. उसके बाद सीएम आवास की बात कीजिए." भट्टाचार्य ने दो टूक कहा कि विस्थापन और अतिक्रमण की असली दोषी भाजपा है, जबकि जेएमएम सरकार झारखंडी जनता के साथ खड़ी है.

---

मुख्य सचिव ने की झारखंड ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक, कहा

# योजनाओं का लाभ देने के लिए राज्यव्यापी सर्वे कराएं

शुभम संदेश। रांची



झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए ट्रांसजेंडरों का राज्यव्यापी सर्वें कराने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि सर्वे से ही पता चलेगा कि ट्रांसजेंडरों की जिलावार संख्या क्या है. उनकी जरूरतें क्या हैं. वे क्या चाहते हैं. उसके बाद ही उनके कल्याण के लिए फंड और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने में सहूलियत होगी. साथ ही उनके लिए तय विभिन्न योजनाओं से उन्हें जोड़ना भी सुगम होगा. वह मंगलवार को अपनी अध्यक्षता में आहूत झारखंड ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक कर रही थीं.

### जिलास्तरीय समिति के यथाशीघ्र गठन पर बल

बैठक में यह बात उभर कर सामने आयी कि ट्रांसजेंडर खुलकर सामने आने से हिचकिचाते हैं. वह अपनी पहचान जाहिर नहीं करना चाहते. इससे उनका पहचान पत्र बनाने, आरक्षण का लाभ देने, पेंशन योजना से जोड़ने, आयुष्मान कार्ड से जोड़ने, गरिमा गृह निर्माण करने, भेदभाव के खिलाफ संरक्षण देने आदि का काम प्रभावित होता है. मुख्य सचिव ने इसके निराकरण के लिए उपायुक्तों की अध्यक्षता में प्रस्तावित जिलास्तरीय समिति के यथाशीघ्र गठन पर बल दिया.

### बोर्ड करेगा ट्रांसजेंडर सपोर्ट यूनिट का गठन

मालूम हो कि पूरे देश में ट्रांसजेंडरों की कुल संख्या (2011 की जनगणना के अनुसार) 4,87,803 है. झारखंड में उनकी संख्या 13,463 है. इस वर्ग के लोगों के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं. ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड इसमें सहयोग करता है. बोर्ड विभिन्न विभागों को ट्रांसजेंडरों से संबंधित योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करता है. बैठक में तय हुआ कि बोर्ड के द्वारा ट्रांसजेंडर सपोर्ट यूनिट का गठन किया जाएगा. यूनिट ट्रांसजेंडरों से संबंधित सभी मुद्दों को देखेगी, समस्याओं का समाधान करेगी और बोर्ड को अपनी अनुशंसाएं करेंगी. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न झारखंड ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक में गृह सचिव वंदना दादेल, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास सचिव मनोज कुमार, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे.

---

# पिठौरिया में सैकड़ों लोगों ने सुप्रीमो सुदेश महतो की उपस्थिति में थामा आजसू पार्टी का दामन

शुभम संदेश। रांची



रांची. कांके प्रखंड अंतर्गत पिठौरिया में आजसू पार्टी के मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को हुआ, जिसकी अध्यक्षता कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव ने की. समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश महतो रहे, जिनकी उपस्थिति में सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन का मूल उद्देश्य जल, जंगल और जमीन की रक्षा था. उन्होंने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन ने भी इस विचार के लिए संघर्ष किया, लेकिन वर्तमान हेमंत सरकार गुरुजी के मूल विचारों से भटक चुकी है. उन्होंने किसानों और विस्थापितों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जताते हुए कहा कि लाठीचार्ज और आंसू गैस से उनकी आवाज दबाई जा रही है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आजसू पार्टी अब किसानों और विस्थापितों के अधिकारों को लेकर संघर्ष तेज करेगी. उन्होंने कहा कि राज्य के 25 वर्षों की यात्रा का मूल्यांकन जरूरी है, क्योंकि झारखंड केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि वैचारिक दृष्टिकोण से भी बना है. उन्होंने कहा कि गांव और किसान की सोच झारखंड निर्माण की नींव रही है, लेकिन आज यह सोच सत्ता से दूर होती जा रही है.

**आजसू में शामिल हुए नए सदस्य:** संजीत कुमार महतो, नकुल महतो, शंकर महतो, शिवदास वर्मा, कमल महतो, राजेश नायक, पवन मुंडा, संजय महतो, शिरिल एक्का, सुदीप कुमार आदि ने आजसू पार्टी का दामन थामा.

---

राष्ट्रीय बैठक

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तेलहन वैज्ञानिकों की राष्ट्रीय बैठक में डॉ डीके यादव ने कहा

# झारखंड तीसी फसल के लिए संभावनाओं से भरा राज्य

शुभम संदेश। रांची






भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ डीके यादव ने कहा है कि झारखंड तीसी फसल का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए संभावनाओं से भरा राज्य है क्योंकि यह फसल ज्यादातर उपेक्षित क्षेत्रों में सीमांत एवं लघु किसानों द्वारा लगायी जाती है. डॉ यादव मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक रबी तेलहन समूह बैठक-2025 को संबोधित कर रहे थे. यह बैठक तीसी एवं कुसुम फसलों पर केंद्रित है. उन्होंने कहा कि भारत ने खाद्यान्न उत्पादन, नकदी फसल उत्पादन, चारा फसल उत्पादन जैसे मोर्चों पर बहुत पहले आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन अब भी अपनी आवश्यकता के 55% खाद्य तेल का आयात दूसरे देशों से करता है. वर्ष 1962 में देश में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष खाद्य तेल की खपत चार किलो थी, जो 2024 में बढ़कर 20 किलो हो गई किंतु इसकी उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाई. तेल और रेशा के लिए उपयोग की जानेवाली तीसी से रबी मौसम में गेहूं, चना और सरसों जैसी फसलें स्थान और लाभप्रदता के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं. इसकी पोषकता और औषधीय गुणों के बावजूद किसान तीसी उत्पादन के लिए तबतक उत्साह के साथ आगे नहीं आएंगे जबतक फसल सुधार प्रयासों द्वारा इसका उत्पादन अन्य रबी फसलों की तरह ही लाभकारी नहीं बना दिया जाता.

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने एंटी ऑक्सीडेंट और कैंसररोधी गुणों से भरपूर तथा प्राचीन काल से आयुर्वेद पद्धति का अंग रही इस फसल की संभावनाओं के समुचित दोहन पर बल दिया. उन्होंने कहा कि बायो फोर्टीफाइड प्रभेदों की सीमित उपलब्धता, बीज प्रतिस्थापन दर, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन कम होना इसके क्षेत्र विस्तार में प्रमुख बाधायें हैं.

आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (तेलहन एवं दलहन) डॉ संजीव गुप्त ने कहा कि अपनी गेहूं आवश्यकता के लिए कभी दूसरे देशों के आगे हाथ फैलाने वाला भारत पिछले 6 दशकों में गेहूं का बड़ा निर्यातक बन गया है. तेलहन फसल के मोर्चे पर भी वैसे ही समर्पित प्रयास की आवश्यकता है. पिछले एक दशक के दौरान तीसी के क्षेत्र में लगभग 20% की कमी आई है. देश में इस क्षेत्र के लिए अब अच्छे वैज्ञानिक, अच्छे संस्थान, वैश्विक साझेदारी और नीतिगत समर्थन उपलब्ध है. जरूरत है समेकित प्रयास की ताकि इस फसल के क्षेत्र, उत्पादकता और तेल की मात्रा में वृद्धि हो सके. हाल में विकसित कुसुम की एक प्रजाति में तेल की मात्रा 42% से अधिक पाई गई है यद्यपि इस फसल का 94% क्षेत्र कर्नाटक और महाराष्ट्र में है.

भारतीय तेलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक डॉ आरके माथुर ने कुसुम और तीसी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 में प्रजाति विकास, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन तथा बीज उत्पादन के क्षेत्र में हुई उपलब्धियों का खाका प्रस्तुत किया.

बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने स्वागत भाषण तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती ने धन्यवाद किया. संचालन शशि सिंह ने किया. बिहार कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को तीसी के सर्वोत्तम शोध केंद्र तथा वसंत राव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभनी, महाराष्ट्र को कुसुम फसल के सर्वोत्तम शोध केंद्र का पुरस्कार प्रदान किया गया.

---

वेटिंग फॉर पोस्टिंग में कई आईपीएस व डीएसपी

# जल्द कई जिलों में हो सकता है फेरबदल

**रांची** । झारखंड में कई आईपीएस और डीएसपी पिछले कई महीनों से अपनी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं. इस वक्त पांच आईपीएस और 109 डीएसपी ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक कोई पद नहीं दिया गया है. वर्तमान में झारखंड पुलिस में आईपीएस अधिकारियों के 32 पद या तो खाली हैं या फिर उनका अतिरिक्त प्रभार किसी और अधिकारी के पास है. इसके बावजूद एक एडीजी रैंक और चार एसपी रैंक के आईपीएस अधिकारी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं. दूसरी ओर, रांची, हजारीबाग और बोकारो रेंज में डीआईजी का पद लंबे समय से खाली पड़ा है. खबर यह भी है कि जल्द ही चार से पांच जिलों के एसपी का तबादला हो सकता है. साथ ही कई जिले में पदस्थापित डीएसपी की भी ट्रांसफर-पोस्टिंग की जा सकती है.

**केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी :** झारखंड पुलिस के कई आईपीएस अधिकारी, जिनमें आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं, केंद्र सरकार के विभागों में प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी में हैं. कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की फाइलें आगे बढ़ चुकी हैं. सरकार की अनुमति मिलते ही वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे. वहीं कई अन्य अधिकारी भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए आवेदन करने की योजना बना रहे हैं.

**झारखंड पुलिस में आईपीएस अधिकारियों के 14 पद खाली :** डीजी ट्रेनिंग, एडीजी स्पेशल ब्रांच, एडीजी रेल, आईजी एसीबी, डीआईजी रांची, डीआईजी हजारीबाग, डीआईजी बोकारो, एसपी स्पेशल ब्रांच, एसपी होमगार्ड, एसीबी एसपी (2 पद), एसपी वायरलेस, एसपी सीआईडी (2 पद),

**अतिरिक्त प्रभार वाले पद :** एडीजी ट्रेनिंग, एडीजी आधुनिकरण, आईजी जैप, आईजी हेडक्वार्टर, एसपी रेल (जमशेदपुर), एसपी रेल (धनबाद), एसपी जगुआर, कमांडेंट जैप 1, कमांडेंट जैप 3, कमांडेंट जैप 5, कमांडेंट आईआरबी 1, 2, 3, 4, 8, 9, 10, कमांडेंट एसआईआरबी 1.




रोहित शर्मा आधी रात को पहुंचे अस्पताल वीडियो वायरल होने से बढ़ गयी है टेंशन


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





रांची, बुधवार 10 सितंबर 2025, आश्विन कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082

# डीसी करेंगे हर प्रखंड में योजनाओं और संस्थाओं का भौतिक निरीक्षण

**एक्सक्लूसिव**

**खास बातें**

- गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई
- हर प्रखंड से योजनाओं और संस्थाओं की सूची तलब

अमित सिन्हा




**धनबाद।** धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन सभी प्रखंडों में औचक निरीक्षण करेंगे. इस दौरान सभी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा. उपायुक्त ने बताया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है. इस निर्देश के अनुसार, उपायुक्त एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में रैंडमली चयनित पंचायतों में संचालित योजनाओं और संस्थाओं का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा. गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी. विशेष कार्य पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान प्रखंड स्तर पर संचालित सभी प्रकार की योजनाओं, जैसे मनरेगा, आवास योजना आदि, के साथ-साथ स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, अस्पताल, पीडीएस दुकान, पंचायत भवन और हल्का जैसे संस्थानों की प्रगति, उपयोगिता, गुणवत्ता और अभिलेखों के रख-रखाव की जांच की जाएगी. पत्र में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्तर पर संबंधित कर्मियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करें. इस बैठक में योजनाओं के भौतिक सत्यापन, प्रगति, गुणवत्ता और अभिलेख संधारण से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है. इस पहल का उद्देश्य जिले में चल रही योजनाओं और संस्थाओं की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है. उपायुक्त द्वारा किए जाने वाले इस निरीक्षण से योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिलने की उम्मीद है.

## प्रखंडों में वित्तीय ऑडिट 11 से

प्रखंड अंतर्गत योजनाओं का वित्तीय ऑडिट 11 से शुरू होगा. रांची के सूचीबद्ध ऑडिटर मेसर्स प्रमोद के शर्मा एंड कंपनी के द्वारा हर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा, पीएम आवास ग्रामीण, अबुआ आवास, रुर्बन मिशन योजनाओं के वित्तीय गतिविधियों का ऑडिट 11 से 25 सितंबर तक किया जाएगा. इसके लिए सभी प्रखंड को सूचित कर दिया गया है. इस दौरान ऑडिटर सभी प्रखंड अंतर्गत योजनाओं में वित्तीय गड़बड़ी की भी जांच करेंगे.

## आदिवासी कर्मयोगी अभियान कार्यशाला आज से

**धनबाद।** धनबाद जिला प्रशासन और आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम आदिवासी कर्मयोगी अभियान के तहत उत्तरदायी शासन को बढ़ावा देने और ग्रामीण विकास के लिए आयोजित हो रहा है. कार्यक्रम बुधवार से शुरू होकर 20 सितंबर तक चलेगा, जिसमें ब्लॉक ओरिएंटेशन, ब्लॉक प्रोसेस लैब, ग्राम कार्यशाला, और ग्राम दृष्टि एवं एक्शन प्लान तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. यह चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक ऑफिस और जीपी भवन, धनबाद में आयोजित होगा. प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा, वन, ग्रामीण विकास, और स्वास्थ्य से आए डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स (डीएमटी) शामिल होंगे. प्रतिभागियों में बीडीओ, फ्रंटलाइन वर्कर, पंचायत राज वर्कर, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, और अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं. डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर के रूप में ममता शाह, धीरज चौधरी, उमेश लाल, गोविंद मिस्त्री, मृत्यंजय कुमार, संतोष सिन्हा, रवीश चंद्र सिन्हा को प्रतिनियुक्त किया गया है.

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों से इस निर्देश का कड़ाई से पालन करने और निरीक्षण के लिए पूर्ण तैयारी करने को कहा है.

## झारखंड में आज भी बारिश के आसार

**रांची (शुभम संदेश)।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 10 सितंबर से हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है. विभाग के अनुसार इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही. इससे भारी गर्मी और उमस का एहसास हुआ. रांची में अधिकतम 92 प्रतिशत तक उमस दर्ज किया गया. 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश कोडरमा जिले के चंदवारा में 42 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई. वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36.9 डिग्री सेल्सियस, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

## सदर अस्पताल में आज


| | |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ पीपी पांडेय तथा डॉ शीला |
| शिशु रोग | डॉ पल्लवी |
| हड्डी रोग | डॉ मुकेश कुमार |
| सर्जरी | डॉ जितेन्द्र कुमार चौधरी |
| नेत्र रोग | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | डॉ अनुपमा कुमारी |
| फिजियोथेरेपी | डॉ दीपाली राय |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | डॉ सुमन |
| न्यूरो | डॉ मनोज कुमार |
| मनोरोग | डॉ संजय कुमार |
| **गायनी इमर्जेंसी** | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ विश्व भारती |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ संध्या तिवारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ रुमा प्रसाद |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | डॉ पीके सिंह |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | डॉ मासूम आलम |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | डॉ राकेश रंजन |

# रेलवे साइडिंग में टेंडर को लेकर चली पांच राउंड गोली, एक घायल

**पर्चा में लिखा :** महुदा भोजूडीह में बिना पूछे डाला टेंडर तो अंजाम ऐसा ही होगा

- अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी गठित : एसपी
- अपराधी फरार, घटनास्थल पर छोड़ा पर्चा

शुभम संदेश। बोकारो



चास (मु.) थाना क्षेत्र के बांधडीह रेलवे साइडिंग में काम कर रहे आस्था कंस्ट्रक्शन के 45 वर्षीय ट्रैक्टर चालक जादू हाड़ी को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने पांच गोली मारी. दो गोली उनके दोनों पैरों में, जबकि दो गोली पेट के निचले हिस्से में लगी. एक गोली उनके मोबाइल पर लगी, जिससे मोबाइल के टुकड़े-टुकड़े हो गए. वहाँ काम कर रहे लोगों ने घायल जादू हाड़ी को आनन-फानन में मोटरसाइकिल पर बैठाकर बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया. जहां उनका इलाज जारी है और स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की जानकारी मिलने पर एसपी हरविंदर सिंह स्वयं अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल लिया.

अज्ञात हमलावरों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी फेंका, जिसमें लिखा था, महुदा भोजूडीह ईएन के अंतर्गत आने वाला कोई भी टेंडर बिना पूछे डालेगा, तो उसका अंजाम ऐसा ही होगा. इससे यह स्पष्ट होता है कि रेलवे ठेका को लेकर चल रहे अंदरूनी टकराव के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया. एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है. संभावना है कि रंगदारी की मंशा से यह घटना की गई हो. अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीडीपीओ प्रवीण सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है. जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे. वहीं, चंदनकियारी के पूर्व विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि चंदनकियारी क्षेत्र में इस तरह की यह पहली घटना है. यहाँ गोली-बंदूक वाली संस्कृति पनपने लगी है, जिसे चंदनकियारी की जनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की माँग की.

## राजगंज में पेट्रोल पंप पर फायरिंग, इलाके में दहशत

**कतरास।** राजगंज थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर चाली बंगला के समीप स्थित बीबीडी फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई. तीन अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर दो से तीन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए. इस घटना में पेट्रोल पंप के केबिन में बैठे मैनेजर शंभूनाथ अग्रवाल बाल-बाल बच गए. एक गोली केबिन के शीशे को भेदकर दीवार में लगी, जबकि दूसरी गोली केबिन के साइड शीशे से टकराई. इसके अलावा, अपराधियों ने एक हवाई फायरिंग भी की. घटना से पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी और राजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए और मामले की जांच शुरू कर दी. पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, और सीसीटीवी का डीवीआर भी जब्त कर लिया गया है. पेट्रोल पंप के मालिक बीरबल मंडल हैं.



मैनेजर शंभूनाथ अग्रवाल ने बताया कि एक बाइक पर सवार तीन अपराधी आए और अचानक फायरिंग शुरू कर दी. फायरिंग के बाद वे तुरंत फरार हो गए. इस घटना के बाद से पेट्रोल पंप के कर्मचारियों में डर का माहौल है.

**मेजर ने पर्चा जारी कर ली जिम्मेदारी :** पुलिस के अनुसार, एक पर्चे के माध्यम से मेजर नामक व्यक्ति या समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है. ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया. अभी तक पेट्रोल पंप मालिक की ओर से रंगदारी या धमकी से संबंधित कोई शिकायत राजगंज थाने में दर्ज नहीं की गई है. अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

# रामकनाली हादसा है कृत्रिम आपदा : मरांडी

शुभम संदेश। धनबाद



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में रामकनाली खदान हादसे को लेकर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने इस हादसे को प्राकृतिक आपदा न मानते हुए इसे पूरी तरह कृत्रिम आपदा करार दिया और कोयला माफियाओं के साथ-साथ जिला प्रशासन की मिलीभगत पर गंभीर आरोप लगाए. मरांडी ने कतरास क्षेत्र के केशलपुर मुंडा धौड़ा में हुए जमीन धंसने की घटना का जायजा लेने के लिए स्वयं घटनास्थल का दौरा किया था और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी. प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि धनबाद में ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं, जो सरकार और प्रशासन की लापरवाही का परिणाम हैं. इन घटनाओं से आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है. मरांडी ने कोयला माफियाओं और जिला प्रशासन की मिलीभगत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह तय करना मुश्किल है कि कोयला माफियाओं को जिम्मेदार ठहराया जाए या जिला प्रशासन को. उन्होंने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि रोजाना 500 से 1000 ट्रक अवैध कोयला ढलेड़ों से बाहर भेजा जाता है और हाइवा ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है. मरांडी ने आरोप लगाया कि कोयला माफिया अवैध खनन से होने वाली कमाई का 20 से 50 लाख रुपये विभिन्न स्तरों पर बांटते हैं और मोटा मुनाफा कमाते हैं. रामकनाली हादसे में सात लोगों की मौत पर दुख जताते हुए मरांडी ने कहा कि जिस क्षेत्र में यह हादसा हुआ, वहां करीब 50 परिवार लगातार खतरे में जी रहे हैं. उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल इन परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करने की मांग की. साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते, तो भाजपा इस मुद्दे पर जोरदार आंदोलन करेगी. प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रमुख नेताओं में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, रमेश राही, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, राजकुमार अग्रवाल, मानस प्रसून, बीरेंद्र हांसदा, अजय निषाद, मोहन कुंभकार, योगेंद्र यादव, गीता सिंह, जिला मीडिया सह-प्रभारी पंकज सिन्हा, सत्येंद्र मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

विधायक रागिनी के कार्यालय पर गोली बारी का मामला

### नवीन सिंह ने किया सरेंडर, गया जेल

**धनबाद।** झरिया की भाजपा विधायक रागनी सिंह के झरिया स्थित कार्यालय पर हमला करने के आरोपी नवीन सिंह उर्फ रतीश सिंह ने मंगलवार को अदालत में सरेंडर किया. अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने नवीन की जमानत अर्जी खारिज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. 10 जनवरी को विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय के बाहर फायरिंग की गई थी. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी. शिकायत में उन्होंने शशि सिंह, नवीन सिंह को फायरिंग का आरोपी बताया था. जबकि हर्ष सिंह और एकलव्य सिंह को साजिशकर्ता कहा था.पुलिस ने बयान के आधार पर उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था.

### नगर आयुक्त ने दिया रेमकी के खिलाफ एफआईआर का आदेश

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रेमकी के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया है. नगर आयुक्त के निर्देश पर पुराने वाहनों और स्क्रैप की अनाधिकृत बिक्री की जांच के लिए गठित टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है. जांच में पाया गया कि निगम के कुछ पुराने उपकरण और स्क्रैप अवैध रूप से बेचे गए, जिनका कुछ हिस्सा रेमकी यार्ड, जीटी रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान सहित अन्य स्थानों पर पाया गया. जांच दल ने आवश्यक दस्तावेज और फोटोग्राफ संकलित किए, जिसमें चालान और कोटेशन में विसंगति पाई गई. संबंधित व्यक्तियों के बयान भी रिकॉर्ड किए गए. प्रमाणों के आधार पर सामग्री का नगर निगम से संबंध होने की संभावना प्रबल है. नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और प्रशासनिक नियमों के अनुपालन पर जोर दिया है. उन्होंने रेमकी को कारण पृच्छा पत्र जारी करने और एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, ताकि निष्पक्ष और विस्तृत विधिक जांच सुनिश्चित हो.

### अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने किरायेदार सत्यापन को बनाया अनिवार्य

**गोविंदपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अब सभी मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का थाना में सत्यापन कराना अनिवार्य होगा. बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर मकान मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी. थाना प्रभारी ने यह बात गोविंदपुर की प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह और पूर्व प्रमुख डीएन सिंह के साथ हुई बैठक में कही. प्रतिनिधियों ने गोसाईंडीह, साबलपुर बैंक कॉलोनी और आकाशगंगा कॉलोनी में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर चिंता जताई और पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की.

### भाजपा ने चिरकुंडा कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा 12 सूत्री ज्ञापन

**चिरकुंडा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए भाजपा चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी को 12 सूत्री मांगों वाला ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में प्रमुख रूप से सभी वार्डों में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था, सड़कों की मरम्मती और जल निकासी की उचित व्यवस्था की मांग की गई. भाजपा नेताओं ने जीईएम पोर्टल पर अनावश्यक खरीददारी कर सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया और इसकी जांच की मांग की.

विधायक सरयू राय ने अवमानना की कार्रवाई करने की मांग की

# दरिदा में अतिक्रमण हटाने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

शुभम संदेश। धनबाद

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को पत्र लिख कर धनबाद के उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और बाघमारा के अंचल अधिकारी के खिलाफ सदन की अवमानना और सभा-सदस्य के विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई आरंभ करने के संबंध में आग्रह किया है. विधानसभाध्यक्ष को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है, षष्ठ्म विधानसभा के तृतीय (मानसून) पूरक सत्र में दिनांक 28 अगस्त 2025 को उनके गैर सरकारी संकल्प के उत्तर में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने सदन के समक्ष अंचल कार्यालय, बाघमारा के पत्रांक 1158, 22 अगस्त 2025 का उद्धहरण देते हुए कहा था कि उपायुक्त धनबाद के प्रतिवेदन के अनुसार मौजा-दरिदा, मौजा नं.- 120, खाता सं.- 271 की भूमि पर चाहरदिवारी कर अतिक्रमण किये गये भूमि से संबंधी मामले में अतिक्रमण वाद सं.-7/ 2024-25 दायर कर अभिलेख संधारित करते हुए अतिक्रमण की गयी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आदेश पारित किया गया है. सरयू राय के अनुसार, मंत्री ने सदन को बताया था कि अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु 08 सितंबर 2025 की तिथि निर्धारित की गई है. अतिक्रमण हटाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद से मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल-महिला बल सहित (सशस्त्र एवं लाठी पार्टी) की प्रतिनियुक्ति करने को अनुरोध किया गया था. निर्धारित तिथि को प्रश्नगत भूमि को अतिक्रमण मुक्त करते हुए प्रतिवेदन अंतिम रूप से समर्पित कर दिया जायेगा. **शेष खबर पेज 11 पर**

यूटिलिटी कॉरिडोर, ट्रैफिक सिग्नल, सीसीटीवी लगेंगे चौक चौराहों पर

# आई लव धनबाद, शहर को सुंदर बनाने के लिए उपायुक्त ने बनाया चार्ट

- सड़क से दूर होर्डिंग और इलेक्ट्रिक डिस्प्ले की भी योजना

शुभम संदेश। धनबाद

केवल आई लव धनबाद नहीं, धनबाद को सुंदर भी बनाना है. धनबाद में पदस्थापना के बाद से ही उपायुक्त आदित्य रंजन फार्म में है. बैंक मोड़ ओवरब्रिज के बाद गया पुल अंडर पास और अब पूरे शहर के जाम मुक्त कराने के साथ उसके सौंदर्यीकरण के लिए उपायुक्त ने मंगलवार को मंगलवार बैठक की. को शहर के प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त ने कहा कि सभी चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण के साथ उसके एप्रोच रोड को भी सुंदर बनाना है. हर चौक पर सीसीटीवी कैमरा, ट्राफिक सिग्नल लगाने के लिए स्थल के साथ यूटिलिटी कॉरिडोर का निर्माण करना है. उन्होंने सभी चौक पर एक समान साइन बोर्ड लगाने, होर्डिंग को सड़क से दूर करने, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाने का भी निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कम रखरखाव, बेहतर स्थायित्व तथा सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यकरण करना है. बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए चौक पर बेहतर दृश्यता रखने, चौक के चारों ओर स्टेनलेस स्टील ग्रिल से घेर घेराबंदी करके उसे आकर्षक बनाने, हर चौक के लिए अलग थीम निर्धारित करने व एकसमान होलोग्राम लगाने का सुझाव दिया. बैठक में सिटी सेंटर, मेमको मोड़, बिरसा चौक, रणधीर वर्मा चौक, पूजा टॉकीज, श्रमिक चौक, जेपी चौक बैंक मोड़, सूर्यदेव सिंह चौक, पॉलिटेक्निक जंक्शन बेकारबांध सहित अन्य चौक चौराहों पर गोल चक्कर और द्वीप का सौंदर्यीकरण होगा.

**गुड न्यूज :** चाकुलिया में तैयार हुआ झारखंड का सबसे बड़ा इकोलॉजिकल पार्क

# अक्टूबर में सीएम करेंगे उद्घाटन, बढ़ेगा पर्यटन

- 195 एकड़ में फैला है विशाल इकोलॉजिकल पार्क
- ओडिशा, बंगाल और बिहार के पर्यटकों के लिए भी बनेगा आकर्षण

शुभम संदेश। जमशेदपुर



पूर्वी सिंहभूम जिला अब पर्यटन मानचित्र पर नई चमक बिखेरने जा रहा है. चाकुलिया प्रखंड के अमलागोड़ा रोड स्थित 78 हेक्टेयर (लगभग 195 एकड़) में फैला विशाल इकोलॉजिकल पार्क बनकर तैयार हो गया है. यह राज्य का सबसे बड़ा पार्क होगा, जिसका उद्घाटन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करने वाले हैं. यह पार्क अपनी भव्यता और विविधताओं के कारण झारखंड ही नहीं, बल्कि ओडिशा, बंगाल और बिहार जैसे पड़ोसी राज्यों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा. इतनी बड़ी परिधि और आधुनिक सुविधाओं वाला पार्क इन राज्यों में और कहीं नहीं है. पार्क का निर्माण कार्य चाकुलिया के रेंजर दिग्विजय सिंह की देखरेख में हुआ है और इसे बेहद कम समय में तैयार किया गया. इस परियोजना पर लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत आई है. पार्क में पर्यटकों के मनोरंजन और सुकून के लिए कई विशेष आकर्षण बनाए गए हैं. इसमें चार प्रकार के म्यूजिकल फव्वारे, बोटिंग क्लब, तैराकी की सुविधा, नवग्रह पार्क, विशाल कैंटीन, कम्युनिटी हॉल, कैक्टस गार्डन, रोज गार्डन, औषधीय पौधों का उद्यान, सफेद और लाल चंदन का वन, शिव कुंड, प्राचीन मूर्तियां, चिल्ड्रन पार्क और सीनियर सिटीजन जोन शामिल हैं. पर्यटकों की रुकने और आराम की सुविधा के लिए रेस्ट हाउस भी बनाया गया है. वन विभाग के सचिव, पीसीसीएफ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी पार्क का निरीक्षण कर इसकी सराहना कर चुके हैं. रेंजर दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को प्रेस को बताया कि यह पार्क न केवल मनोरंजन और रोमांच का केंद्र होगा बल्कि पर्यावरण शिक्षा और धार्मिक महत्व का संगम भी बनेगा. उनकी मानें तो "जो भी पर्यटक यहां आएंगे, वे हरियाली और आधुनिक सुविधाओं से सजे इस पार्क की चकाचौंध देखकर तनाव भूल जाएंगे और प्रकृति के बेहद करीब महसूस करेंगे. भौगोलिक दृष्टि से चाकुलिया की स्थिति भी इस पार्क को विशेष बनाती है, क्योंकि यह क्षेत्र बंगाल और ओडिशा की सीमा से सटा हुआ है. ऐसे में यहां तीनों राज्यों से पर्यटकों के हर मौसम में आने की संभावना है. आने वाले दिनों में यह पार्क न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगा.

# शारदा सिंह ने सदर अस्पताल में कराई खुद की स्वास्थ्य जांच

- सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

शुभम संदेश। धनबाद



बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह ने मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण भी किया. निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सहित अस्पताल प्रशासन के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे. जांच के दौरान अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं. शारदा सिंह ने कहा कि वह हमेशा लोगों और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सदर अस्पताल आने के लिए प्रेरित करती रही हैं, और आज उन्होंने स्वयं यहां आकर इसका अनुभव किया. उन्होंने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं. उनके अनुसार, ऐसा करने से न केवल अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा, बल्कि आम लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

## हॉलीडे कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

### धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने गोविंदपुर क्षेत्र के सभी इकाई में किया आंदोलन



**शुभम संदेश। कतरास**

धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के सभी कोलियरी में रविवार एवं हॉलीडे कटौती के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान सभी कोलियररियों में संघ समर्थकों ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया.संघ पदाधिकारियों ने बताया कि विरोध प्रदर्शन ब्लॉक-IV कोलियरी, न्यू आकाश किनारी कोलियरी, क्षेत्रीय शाखा, जोगीडीह कोलियरी में आंदोलन चरणबद्ध जारी रहेगा है. कंपनी को हर हाल में हमारी जायज मांगों को पूरा करना होगा. कार्यक्रम में मुख्यरूप से केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के कार्यकारी सदस्य, क्षेत्रीय पदाधिकारी, शाखा के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्य समिति सदस्य और कोलियरी के श्रमिक उपस्थित रहे. संघ द्वारा जानकारी दी गई कि विभागीय श्रमिकों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है. मजदूरों पर कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है फिर भी उनका रविवार एवं हॉलीडे कटौती क्यों? प्रबंधन कंपनी को नुकसान का हवाला तो देता है लेकिन अधिकारियों के सुविधाओं में कोई कटौती नहीं की जाती. बल्कि श्रमिकों की सुविधाएं, उनका रविवार-हॉलीडे कार्य कटौती करके उनका आर्थिक नुकसान किया जा रहा है और मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, उनके मनोबल को तोड़ा जा रहा है. संघ मजदूरों के साथ है.

## श्रीसाईं इंडस्ट्रीज सॉफ्ट कॉक भट्ठा के जमीन की हुई मापी

- ग्रामीणों ने मापी को बताया गलत

**शुभम संदेश (शुभम संदेश)।** तेतुलमारी मंगलवार को गंडुवा खेपचा टांड़ जोरिया के सीमा श्मशान घाट अतिक्रमण को लेकर बाघमारा अंचल अमीन पैईकू टुडू ने बसंत कुमार सिंह, उमेश महतो, पुनीत कर्मकार के सहयोग से जमीन की मापी किया. अमीन पैईकू टुडू ने श्रीसाईं इंडस्ट्रीज सॉफ्ट कॉक भट्ठा के भीतर मापी किया. ग्रामीणों का कहना कि बिना तेहड़ा के मापी करना गलत है. पूरे प्लॉट का मापी किए बगैर अतिक्रमण का पता नहीं चल सकता है. इसीलिए पूरे प्लॉट की मापी की जाए. अमीन ने कहा कि जमीन की मापी कर ली गई. रिपोर्ट सीओ को सुपुर्द की जाएगी. मापी का काम रामकनालीओ पी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि व सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो के उपस्थिति में किया. मौके पर लोकनाथ महतो गोविंद ठाकुर सुभाष महतो सहित भट्ठा समर्थक मौजूद थे.

## मुखिया पुत्री ने नेशनल रोप स्किपिंग में जीता दो सिल्वर

**शुभम संदेश। महुदा**



तेलमच्चो पंचायत की मुखिया मीरा कुमारी की पुत्री ने हरियाणा के अंबाला में आयोजित नेशनल रोप स्केपिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है. सिग्नस वर्ल्ड हाई स्कूल अंबाला हरियाणा में 4 से 7 सितम्बर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल रोप स्केपिंग प्रतियोगिता में मुखिया मीरा कुमारी की पुत्री वंशिका सुमन ने दो रजत पदक हासिल कर महुदा और राज्य का नाम रोशन किया है. वंशिका सुमन दिल्ली पब्लिक स्कुल (डीपीएस) चास की छात्रा है. इस संबंध में मुखिया पति शिबू महतो ने बताया कि सीबीएसई नेशनल रोप स्केपिंग प्रतियोगिता में पूरे भारत से 125 से ज्यादा विद्यालय के सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया था. इसी कड़ी में डीपीएस चास के चार छात्राओं ने भी पदक हासिल किया है. जिसमें वंशिका सुमन 2 रजत पदक, आशी सिंह 2 रजत, कुमारी आकृति 2 रजत तथा जोया सिद्दीकी ने 1 रजत पदक हासिल किया है. इस सफलता में इनके प्रशिक्षक राहुल प्रताप एवं शिप्रा द्विवेदी की भूमिका सराहनीय रही. मुखिया मीरा कुमारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी कड़ी मेहनत करें और राज्य स्तर से लेकर देश स्तर तक के हर प्रतियोगिता में शामिल हों और माता पिता का नाम रोशन करें.

## ब्रीफ खबरें

### बाइक में लगी आग

**चासनाला।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चासनाला सीएचसी के समीप मंगलवार को बबलू के विश्वकर्मा वर्कशॉप में बाइक संख्या जे एच 10एजे/3656 में वेल्डिंग के समय अचानक आग लग गई. बाइक को धू-धू कर लहकते देख अफरा तफरी मच गई. किसी तरह पानी मिट्टी बालू डाल कर आग पर काबू पाया गया. एक बड़ी घटना होने से बच गयी.

### बच्चों की उपस्थिति के लिए शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी

**कतरास।** एमटी मध्य विद्यालय रामपुर में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम एवं समग्र शिक्षा कार्यक्रम की जानकारी दी गई. अभिभावकों को बताया गया कि 6-18 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन कराना तथा उनकी 12वीं तक की शिक्षा पूर्ण कराना उद्देश्य है. हर तीन माह में शिक्षक-अभिभावकों की बैठक होने से स्कूल में बच्चों की नियमित उपस्थिति संभव है. मौके पर मुखिया यशोदा देवी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका तथा प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे.

### महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**कुमारधुबी।** सशक्त पंचायत महिला नेत्री बनाने को लेकर मंगलवार को एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ. एग्यारकुण्ड उत्तर पंचायत मुखिया काकुली मुखर्जी एवं आमकुड़ा पंचायत मुखिया कंचन महतो मास्टर ट्रेनर थी. पहले दिन 108 महिला वार्ड सदस्यों में आधे से भी कम की उपस्थिति थी. बीस पंचायत को दो ग्रुप में बांटा गया था. दोनों ग्रुप को अलग-अलग शिफ्ट में ट्रेनिंग देनी थी. लेकिन एक साथ सभी को दोनों ट्रेनरों ने सशक्त महिला नेत्री बनने के आवश्यक टिप्स दिये. ट्रेनरों ने बताया कि पहले दिन उपस्थिति कम हुई है. दूसरे दिन उपस्थिति अधिक होगी. वहीं बताया जा रहा है कि वार्ड सदस्यों का 19 सूत्री मांग पर कोई पहल नहीं होने के कारण वार्ड सदस्यों में नाराजगी है.

### मारपीट के विरोध में एसोसिएशन की बैठक

**तेतुलमारी।** कोलियरी परियोजना पदाधिकारी सुनील कुमार दास के साथ सोमवार को हुए मारपीट की घटना को लेकर मंगलवार को सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार मे कोल माइंस आफिसर्स एसोसिएशन की बैठक हुई. बैठक में सीएमओएआई के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि अधिकारियों के साथ मारपीट की घटना बढ़ी है. जो भी घटनाएं घटी उसमें अधिकांश जेल के अंदर है,प्रशासन का सहयोग मिला है, उन्होंने कहा कि जल्द ही एसएसपी से मिलेंगे, ताकि इस तरह की घटना ना हो. जल्द ही सीआईएसएफ के डीआईजी के साथ बैठक कर घटित घटनाओं तथा सीआईएसएफ के खामियां को अवगत कराया जाएगा. सीएमओएआई के उपाध्यक्ष एके झा ने तेतुलमारी पीओ के साथ मारपीट की घटना को तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा सिजुआ एरिया के अधिकारियों के एकता अखंडता के कारण आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. सीएमओएआई के महासचिव सह सिजुआ महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ने बैठक का संचालन किया. बैठक मे अधिकारियों मे एजीएम एम के मिश्रा, बीबी सिंह, जगदीश कर्मकार, संजय नंदा, आदि उपस्थित थे.

## बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग और डीजीएमएस पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा : अंबा प्रसाद

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद पहुंचीं मुंडाधौड़ा, पीड़ित परिवारों से मिलीं, भू-धंसान का लिया जायजा

**शुभम संदेश। कतरास**



आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई घटना कोई हादसा नहीं बल्कि हत्या है, इसलिए बीसीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनी व डीजीएमएस पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए. उक्त बातें बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा अंबा प्रसाद बीसीसीएल एरिया 4 अंतगत कांटा पहाड़ी में संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग में हुए लैंड स्लाइडिंग व मुंडा धौड़ा में हुए भूधसान की घटनाक्रम का जायजा लेने मंगलवार को पहुंची थी. इस दौरान अंबा प्रसाद ने मुंडा धौड़ा की वस्तुस्थिति का आवलोकन किया तथा भूधसान से पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हालचाल लिया. आउटसोर्सिंग में हुए घटना की जानकारी ली. पत्रकारों से बातचीत के दौरान अंबा प्रसाद ने कहा की आउटसोर्सिंग प्रबंधन व डीजीएमएस पर लापरवाही व अफसर शाही के कारण छः लोगों की जान गई है. साथ ही अनगिनत परिवार घटना से प्रभावित है. कंपनी व डीजीएमएस पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि डीजीएमएस माइंस का निरीक्षण भी किया था या नहीं इसकी जांच होनी चाहिए. अगर डीजीएमएस ने माइंस का निरीक्षण किया था तो फिर इतनी अनियमित आउटसोर्सिंग में होने के बावजूद भी कंपनी को नियम कानून तक पर रखकर माइंस कैसे चलने दिया. भू-धसान घटनाक्रम के पीछे बीसीसीएल का हाथ है. बीसीसीएल की गठजोड़ से ही इलाके में कोयला चोरी का खेल चल रहा है. बीसीसीएल के अधिकारी अपने एसी चेम्बर में बैठकर अपनी लाइफ सेट करने व अवैध उगाही में व्यस्त है. कहा कि बुटू बाबू बंगला व मुंडा धौड़ा के इस डेंजरजोन में लोग कैसे रहते है. अविलंब बीसीसीएल प्रबंधन इन्हे विस्थापित कर उचित स्थान पर पुनर्वास करे नहीं तो जन आक्रोश भड़केगा. बीसीसीएल ,डीजीएमएस भारत सरकार के अंग है. इनके अधिकारी का चयन राज्य सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार करती है. इस घटना की जिम्मेवारी केंद्र सरकार को जाती है.

## चाउमीन विक्रेता सोनू ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश। झरिया**

झरिया थाना क्षेत्र के गुजराती मोहल्ला जैन मिलन धर्मशाला के समीप रहने वाले विजय साव के पुत्र चाउमीन विक्रेता सोनू साव (26) ने मंगलवार को अपने घर के एक कमरे में बेल्ट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामले को लेकर बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह मृतक सोनू अपने पत्नी को निरसा स्थित उसके मायके छोड़ने गया था. पत्नी को छोड़कर वापस अपने घर झरिया लौट आया और फिर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. घर वालों ने जब सोनू को फंदे से झूलता देखा तो चिल्लाने लगे. इस दौरान मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और सोनू को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सोनू अपने पीछे माता-पिता पत्नी बच्चा व भाई समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया है. वही मामले की जानकारी मिलते ही झरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है. सोनू झरिया के मेन रोड पर चाऊमीन व पास्ता का दुकान लगाता था. सोनू के द्वारा आत्महत्या करने के इस घटना से घर व मोहल्ले के लोग भी काफी स्तब्ध और चकित हैं. सोनू साव का विवाह लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुआ था. उसे एक डेढ़ वर्ष का बच्चा भी है. हालांकि घटना के बाद से लोगों को यह चिंता सता रही है कि अब उसके पत्नी और बच्चे का क्या होगा, उनका भरण पोषण कैसे होगा .

## शिखा महतो ने संभाला केओसीपी सहायक प्रबंधक का पद

### पहली बार एक महिला संभालेंगी कमान



**शुभम संदेश। झरिया**

बीसीसीएल के बस्ताकोला एरिया 09 अंतरगर्त कुइयां ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (केओसीपी) कार्यालय में सहायक प्रबंधक (एचआर) के पद पर पहली बार एक महिला कुर्सी पर बैठकर कमान संभालेगी. जहां मंगलवार को एच आर के पद पर शिखा महतो ने पदभार ग्रहण किया. शिखा महतो को बीसीकेयू के लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं पहले के सहायक प्रबंधक (एचआर) को माला पहनाकर विदाई दिया. बताते चलें कि शिखा महतो इससे पूर्व बस्ताकोला एरिया ऑफिस में कार्यरत थी. केओसीपी में इसके पूर्व प्रतीक प्रकाश झा सहायक प्रबंधक (एचआर) के रूप में पददस्त थे. मौके पर राजेंद्र वर्मा, राजाराम पासवान, जयप्रकाश, दीपक निषाद, चंदा देवी, किरण सिंह, सुनीता मांझी, अलाउद्दीन अंसारी, तेजेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, मोहमद अलीमुद्दीन, अमली महत्ताइन आदि लोग उपस्थित थे.

## भाजपा नेता ने सौंपा सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन



**शुभम संदेश। कतरास**

सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा कतरास मंडल महामंत्री राजेश स्वर्णकार ने सहायक नगर आयुक्त प्रतिभा रानी से मुलाकात कर कतरास बाजार वार्ड न. 01 के सभी चौक -चौराहों एवं गली मोहल्ले के सभों स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट को दुर्गा पूजा से पहले ठीक करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा. साथ ही भटमुरना चौक के पास गुजराती मोहल्ले में एवं हनुमान के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट जल्द से जल्द लगाने की मांग की. इसके साथ ही स्वर्णकार ने अपनी मांगों को लेकर हर बिंदु पर सहायक नगर आयुक्त को जानकारी दी. सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सभी खराब लाइटों को बनवा दिया जायेगा एवं भटमुना के गुजराती मोहल्ला मे नई स्ट्रीट लाइट के लिए बहुत जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## 300 युवाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ

- एमपीएल और लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी का निरसा में रोजगार परक कौशल कार्यक्रम

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**



लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी एवं मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) के संयुक्त प्रयास से निरसा में 300 युवाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत की गई. यह पहल आसपास के 30–35 गाँवों के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है. कार्यक्रम का उद्घाटन मैथन पावर लिमिटेड के मुख्य अतिथियों — अंग्शुमन चक्रवर्ती (मुख्य वित्तीय अधिकारी), जयंश्री चौधरी (प्रमुख, खरीद विभाग), मृत्युञ्जय राय (प्रमुख, सीएसआर), विजय कुमार (प्रोग्राम मैनेजर, लोक भारती) ने रिबन काटकर किया गया. अंग्शुमन चक्रवर्ती ने युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि "असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, डोमेस्टिक सॉल्यूशन और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे कोर्स युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ेंगे." जयंश्री चौधरी और मृत्युञ्जय राय ने कहा कि एमपीएल का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर सम्मानजनक रोजगार से जोड़ना है. उदय सिंह, रश्मि प्रियंका लकड़ा, सनी सेसोदिया ने ने आत्मनिर्भर बनने पर ज़ोर दिया. प्रोग्राम मैनेजर विजय कुमार ने बताया कि असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर और डोमेस्टिक सॉल्यूशन में 35 गाँवों के युवाओं का नामांकन किया गया है. भविष्य में 300 से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने की योजना है. प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें अत्याधुनिक लैब, थ्योरी व प्रैक्टिकल कक्षाएँ और अनुभवी ट्रेनर उपलब्ध हैं. प्रशिक्षण के बाद दिल्ली, नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं.

## नया ट्रांसफार्मर लगा जलापूर्ति कराई शुरू

**शुभम संदेश। महुदा**

लालबंगला के कतरी नदी स्थित महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट में 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाकर तीन पंचायतों में पानी सप्लाई चालू करवाया गया. मंगलवार को कतरी नदी स्थित इंटेक बेल में लगे ट्रांसफार्मर को तीनों पंचायत के मुखिया महेश पटवारी, दिनेश कुमार महतो एवं सूर्यकांत महतो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उदघाटन किया. इस संबंध में मुखिया महेश पटवारी ने बताया कि महुदा जलापूर्ति योजना के संप हाउस में लगे ट्रांसफार्मर जलने के कारण पिछले दो सप्ताह से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित थी. इससे तीन पंचायत कपुरिया, पदुगोड़ा एवं सिंगड़ा पंचायत के करीब 20 हजार आबादी प्रभावित हो रहा था. ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मुखिया सूर्यकांत महतो एवं दिनेश कुमार महतो के साथ मिलकर विद्युत अभियन्ता से गणेशपुर में जाकर वार्ता किया. अभियंता के सहयोग से 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लाया गया और चालु करके पानी सप्लाई चालू करवाया गया. मौके पर विकास महतो, गोपाल प्रमाणिक, मंटु शर्मा, आभाश मंडल आदि मौजूद थे.

## कनकनी ग्राउंड में फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**शुभम संदेश। लोयाबाद**



कनकनी मैगजीन ग्राउंड में आयोजित स्व बिरजू, राजेश,गफ्फार मेमोरियल पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का मंगलवार को रोमांचक समापन हुआ. फाइनल मुकाबले में सांप का बेटा सपोला क्लब कनकनी निचला धौड़ा ने बैड रेंजर क्लब कोरबा छत्तीसगढ़ को पेनाल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया. दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में दोनों टीमों ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया.पूरे मैच के दौरान गोल करने के लिए दोनों टीमों ने लगातार प्रयास किए,लेकिन अंततः विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ.सांप का बेटा सपोला क्लब ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया.विजेता टीम को एक लाख पच्चीस हजार रुपये नकद ट्रॉफी और आकर्षक मोमेंटो प्रदान किए गए,जबकि उपविजेता टीम को पचहत्तर हजार रुपये,ट्रॉफी और मोमेंटो से सम्मानित किया गया.इसके अलावा टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जेएमएम धनबाद महानगर के वरीय उपाध्यक्ष हरेन्द्र चौहान ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद राशि का वितरण किया.अपने संबोधन में उन्होंने कहा,यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं था,बल्कि खिलाड़ियों के उत्साह,मेहनत और संघर्ष की मिसाल है. मेहनत, प्रतिभा व अनुशासन की जीत होती है. उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को करियर के रूप में अपनाने की भी अपील की. फाइनल में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीत चौहान, मनोज मुखिया,राणा प्रताप चौहान, खड़ग सिंह सहित कई गणमान्य थे. टूर्नामेंट को सफल बनाने में लालू तुरी,सत्यम चौहान, बबलू चौहान, सूरज मंडल, सोनू चौहान, नीरज चौहान,मोंटी चौहान, बादल हरि,सागर सिंह,बिट्टू अंसारी, रवि चौहान,संतोष चौहान आदि ने सक्रिय योगदान दिया.

## विस्थापित हुए ग्रामीणों के साथ कर्माटांड़ में मारपीट, टूटा हाथ

**शुभम संदेस। झरिया**



विस्थापित हुए ग्रामीणों के साथ कर्माटांड़ में मारपीट की घटना हुई. बताया जाता है कि रविवार की रात्रि किसी बात को लेकर लड़कों की बीच बहसबाजी हुई थी. जिसपर आसपास के रहने वाले ग्रामीणों द्वारा मारपीट की गई. सोमवार की सुबह फिर गांव वाले लाठी डंडों के साथ कर्माटांड़ कॉलोनी में रहने वाले महिलाएं, बच्चों और लड़कों के साथ मारपीट की किया. मारपीट की घटना में एक लड़का का हाथ भी टूट गया और महिलाओं और बच्चों को सर और शरीर में चोट आई है. सैकड़ो की संख्या में विस्थापितों ने आकर एनटीएसटी परियोजना कार्यालय एमओसीपी में हंगामा शुरू कर दिया लगभग 2 घंटे तक हंगामा करते ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी से इंसाफ दिलाने की मांग की. 12 की संख्या में कॉलोनी वालों को चोट लगी है, जिसमें पांच लोग को बुरी तरह से पीटा गया है. परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप के कार्यालय में ग्रामीणों ने घंटे तक हंगामा किया. परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मारपीट की सूचना दिया गया है वह स्वयं मामले की जांच करेंगे और बलियापुर थाना जाकर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराएंगे.

# जन शिकायत में सुनी गई जनता की समस्याएं, समाधान का आश्वासन

**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार प्रभारी जन शिकायत पदाधिकारी नियाज अहमद ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना. लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया. जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा हटाने, अबुआ आवास योजना का लाभ देने, भूमि मापी करने, बीपीएल कोटे के तहत स्कूल में नामांकन, गोल पहाड़ी में हेवी ब्लास्टिंग रोकने, पेंशन का भुगतान करने, बारिश के कारण घर गिरने पर सहायता देने, मूकबधिर बच्चे की शिक्षा, जमीन बंदोबस्ती, राशन कार्ड निर्माण, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ देने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन का लाभ देने, आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका पद पर चयन करने, रोजगार देने, वज्रपात से मृत्यु का मुआवजा देने, रैयती भूमि का दाखिल खारिज करने, पारिवारिक समस्या का समाधान करने, समेत कई विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए थे. उन्होंने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा. मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा मौजूद रहें.

## उपायुक्त ने की कृषक पाठशाला के कार्यों की समीक्षा

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई. इस अवसर पर उन्होंने समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित 5 मेट्रिक टन क्षमता के कोल्ड रूम निर्माण, पैक हाउस, वर्मी कंपोस्ट यूनिट, फलदार पौधों का रोपण, ड्रिप इरीगेशन इत्यादि की समीक्षा की. समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सभी कार्यों की जांच करने तथा कार्य एजेंसी को सारा विवरण समर्पित करने का निर्देश दिया. इस बैठक के बाद उपायुक्त ने भारत सरकार के नवीन व नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम कुसुम योजना के कार्यान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की. उन्होंने वैसे लाभुकों का चयन करने



का निर्देश दिया जिनके खेत में ग्रीड कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं हो, कृषि योग्य भूमि एवं अद्यतन भूमि लगान रसीद हो. साथ ही सभी आवेदनों की गहनता से जांच करने और योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## धनबाद डाकघर के पास से बीसीसीएल कर्मी की बाइक चोरी



**धनबाद (शुभम संदेश)।** धनबाद में बाइक चोरी की एक और घटना सामने आई है. भूली निवासी और बीसीसीएल कर्मचारी सत्येंद्र कुमार सिन्हा की बाइक (नंबर जेएच 10 बीपी 6072) धनबाद पोस्ट ऑफिस के समीप से चोरी हो गई. यह घटना दोपहर करीब 12 बजे उस समय हुई, जब वे प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड की ज़ेरॉक्स कराने गए थे. सत्येंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक प्रज्ञा केंद्र के सामने खड़ी की थी. कुछ ही देर में अज्ञात चोर ने लॉक तोड़कर बाइक चुरा ली. बाइक की डिक्की में आधार कार्ड, पैन कार्ड और पीएफ से संबंधित कई जरूरी दस्तावेज भी रखे थे.प्रज्ञा केंद्र से बाहर निकलने पर सत्येंद्र को बाइक नजर नहीं आई. काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता न चलने पर उन्होंने धनबाद थाने में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं.

# नियोजन, मुआवजा के लिए संजय आउटसोर्सिंग का चक्का जाम



**शुभम संदेश। मधुबन**

फुलारीटांड आशाकोठी स्थित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी का पैच नम्बर सात माइंस के उत्पादन के काम को ग्रामीणों ने नियोजन, मुआवजा और पुनर्वास को लेक 24 घंटे तक कंपनी का चक्का जाम कर दिया. 24 घंटे उत्पादन का कार्य पूरी तरह बाधित रहा. इसके बाद बीसीसीएल एरिया 1 के जीएम पीयूष किशोर ने वार्ता के लिए ग्रामीणों को बुलाया. ग्रामीणों की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और स्थानीय नेता कारू यादव, वीरेंद्र यादव और जितेंद्र यादव तथा अन्य लोगों के साथ वार्ता के लिए बीसीसीएल क्षेत्र एक महाप्रबंधक के कार्यालय पहुंचे. महाप्रबंधक के साथ वार्ता सकारात्मक रही. ग्रामीणों की और से वार्ता करने आए कारू यादव ने कहा कि जब से संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी काम करने आई है तब से ग्रामीण निरंतन अपनी मांग को लेकर बीसीसीएल प्रबंधक से वार्ता करते आए है.

पर नतीजा अभी तक कुछ भी नहीं निकला. ग्रामीणों की मांग है कि फुलारीटांड स्थित मोहली पट्टी,चौहान पट्टी खटाल पट्टी के लोगों को उनकी जमीन के बदले नियोजन, उचित मुआवजा, उनका पुर्नावास किया जाए. वार्ता के बाद ग्रामीणों ने अपने बंद के निर्णय को वापस ले लिया है. जिसके बाद संजय उद्योग का उत्पादन का कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया है.

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सफल भैया - बहन को सम्मान



**शुभम संदेश। मधुबन**

सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह की वंदना सभा में मंगलवार को नोवामुंडी (पूर्वी सिंहभूम) में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा 4 से 7 सितम्बर 2025 को आयोजित 36 वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 (एथलेटिक्स) में विद्यालय से 17 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे. जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर छात्र छात्राओं ने 3 स्वर्ण,11 रजत एवं 8 कांस्य पदक प्राप्त किए. सभी सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में 7 से 9 अक्टूबर 2025 को पूर्णिया, बिहार में सम्मिलित होंगे. खेलकूद के आचार्य प्रवीण कुमार दास एवं नमिता कुमारी ने सभी छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया. प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने सभी सफल प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग से क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफल होकर अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भी अपनी जीत सुनिश्चित करें. इस अवसर पर सभी आचार्य- दीदी जी उपस्थित थे.

# झमाडा अधिकारियों का लोगों ने किया विरोध

## कंट्रोल वॉल्व लगाने पहुंची थी जेएमसी की टीम

**शुभम संदेश। झरिया**

मंगलवार को डिगवाडीह मांझी बस्ती में जलापूर्ति व्यवस्था सुधारने पहुंचे झमाडा की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा. झमाडा के इंजीनियर अनमोल गुप्ता और जेएमसी टीम बस्ती में कंट्रोल वॉल्व लगाने पहुंचे थे, जिससे ऊंचाई वाले इलाकों तक पानी पहुंचाया जा सके. लेकिन जैसे ही कार्य शुरू हुआ, कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. स्थिति बिगड़ते देख झमाडा अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया. जोड़ापोखर थाना की टीम मौके पर पहुंची और विरोध कर रहे लोगों को समझाकर हटाया, तब जाकर कार्य शुरू हो सका. गौरतलब है कि डिगवाडीह मांझी बस्ती में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है. पानी-बिजली उपभोक्ता मंच और स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी. मामला झरिया विधायक रागिनी सिंह के संज्ञान में आने के बाद दिशा सदस्य राज कुमार जेना ने समाधान की दिशा में कदम उठाए. हालांकि, पानी-बिजली उपभोक्ता मंच के शुभाशीष रॉय ने केवल मांझी बस्ती में वॉल्व लगाने की योजना को दिखावटी बताया. उन्होंने कहा कि पानी की समस्या सिर्फ मांझी बस्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि बनियाहीर, सुंदरनगर, जियलगोरा, बालू लाइन जैसे इलाकों में भी पानी की भारी किल्लत है. उन्होंने समस्या की जड़ को दामोदर स्थित जल संयंत्र से कम प्रेशर से पानी छोड़े जाने को बताया. उनका सुझाव है कि या तो पूरे प्रेशर से पानी छोड़ा जाए या फिर डिगवाडीह 12 नंबर सिनेमा हॉल के पास मुख्य पाइप में वॉल्व लगाकर समयानुसार पानी छोड़ा जाए. साथ ही क्षेत्र में जगह-जगह हो रहे पाइप लीकेज को ठीक कराने की मांग भी की गई, ताकि जल आपूर्ति सुचारु हो सके. वास्तविक समाधान के लिए ठोस कदम की जरूरत बताई गई, न कि केवल एक बस्ती तक सीमित दिखावटी योजनाओं की.

## भालगोड़ा में झमाडा, जेएमसी और विधायक प्रतिनिधियों का दौरा



**झरिया (शुभम संदेश)।** झरिया शहर से सटे भालगोड़ा इलाके में पानी की भीषण किल्लत को देखते हुए विधायक रागिनी सिंह की ओर से दिशा सदस्य राज किशोर जेना ने जेएमसी और झमाडा अधिकारियों के साथ दौरा कर पेयजलापूर्ति सुचारू करने की बात कही. उल्लेखनीय है कि भालगोड़ा के लगभग पाँच-छह सौ परिवार एक अर्से से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है. यहाँ लोगो का मांग है कि जेएमसी द्वारा बिछाए गए नए पाइप लाइन से उन्हें कनेक्शन दिया जाए. दौरे में श्री जेना के साथ झमाडा के एसडीओ सचिन झा व जेएमसी के अधिकारियों के अलावा झरिया नगर महामंत्री श्रवण राम, संतोष राबानी, मिरिंडा अजय रबी दास, प्रोमाद राम नैकी भूईआ आदि शामिल थे.

# मधुबन में ग्रामीणों ने किया जमीन अधिग्रहण का विरोध

### बरोरा महाप्रबंधक ने किया समझौते का प्रयास

**शुभम संदेश। मधुबन**

बरोरा क्षेत्र के अंतर्गत मधुबन, मोहनपुर, सिद्धपोकी, सद्रीयाडीह और केशरगढ़ के ग्रामीणों ने बीसीसीएल पर जमीन हड़पने की साजिश का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि उनकी गैरआबाद और निजी जमीन को अंचल अधिकारी बाघमारा के माध्यम से राज्य सरकार को लीज के लिए भेजा गया है, जो कि जमीन अधिग्रहण की साजिश है. इस संबंध में ग्रामीणों ने बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपकर इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की. ग्रामीणों की आपत्ति के बाद, बरोरा महाप्रबंधक ने मधुबन के मुखिया कमलेश्वर महतो को पत्र भेजा, जिसकी प्रतिलिपि क्षेत्र के अपर महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक (भूसंपदा), परियोजना पदाधिकारी (मधुबन कोलियरी) और आउटसोर्सिंग कंपनी मेसर्स इंदुकुरी मधुबन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को भी दी गई है. महाप्रबंधक द्वारा भेजे गए पत्र में मुखिया और ग्रामीणों से राष्ट्रहित और कंपनी हित को ध्यान में रखते हुए इंदुकुरी प्रबंधन को सहयोग करने की अपील की गई है. पत्र में बताया गया है कि मधुबन कोलियरी को एमडीओ (माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर) मॉडल के तहत मेसर्स इंदुकुरी मधुबन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को उत्खनन और खनन कार्य हेतु नियमानुसार टेंडर के माध्यम से कार्य सौंपा गया है. इस परियोजना के तहत मधुबन कोलियरी की लीज में आने वाली जमीन का अधिग्रहण आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा किया जाना है. इसमें गैरआबाद सरकारी जमीन के लिए राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त किया गया है, जबकि रैयती जमीन का अधिग्रहण भी कंपनी द्वारा किया जाएगा. महाप्रबंधक ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इंदुकुरी प्रबंधन से संवाद स्थापित करें, ताकि नियमानुसार जमीन का निबंधन हो सके और मुआवजा एवं भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जा सके. इससे न केवल कंपनी को सुचारू संचालन में मदद मिलेगी, बल्कि ग्रामीणों को भी आर्थिक लाभ मिल सकेगा.

## आसनसोल

# षष्ठी पदो की भादु गीतों में जीवंत है पुरुलिया की लोक संस्कृति



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

बंगाली लोक संस्कृति की हर परत में विविध त्योहार और गीत छिपे हैं. इन्हीं में से एक है भादु गीत. एक ज़माने में, भाद्र मास के आगमन पर ग्रामीण बंगाल का आकाश और हवा भादु गीतों की धुन से गूंज उठते थे. भादु देवी या भादुमणि पर केंद्रित ये गीत ग्रामीण महिलाओं की अंतरतम भावनाओं की अभिव्यक्ति हैं. हालांकि आधुनिकता के प्रभाव के कारण ये ध्वनियाँ अब मंद होती जा रही हैं, फिर भी पुरुलिया के प्रमुख भादु गायक षष्ठीपद बाउरी की आवाज़ में ये गीत आज भी जीवित हैं. काशीपुर के छाटामाड़ा गाँव निवासी कलाकार षष्ठीपद बाउरी ने इस सदियों पुराने लोकगीत को न केवल जीवित रखा है, बल्कि अपनी रचनाओं, धुनों और साधना के माध्यम से इसे नया जीवन भी दिया है.अब तक उन्होंने 118 भादु गीतों की रचना की है, जो बंगाली लोकगीतों के भंडार में एक अमूल्य योगदान हैं. हर भाद्र मास में उनकी आवाज़ में आज भी वो पुराना भादु गीत गूंजता है, जो कभी ग्रामीण बंगाल की अनगिनत महिलाओं के दिलों की भाषा हुआ करता था. आज भी गाँव की कई महिलाएँ उनके भादु गीत सत्रों में भाग लेती हैं. भादु गीत राजकुमारी भद्रावती के प्रेम, विरह और स्नेह की शाश्वत कहानी कहता है, जिसने सदियों से लोगों के दिलों को छुआ है. कलाकार षष्ठीपद बाउरी द्वारा रचित 118 भादु गीत सिर्फ़ गीत नहीं, बल्कि बंगाल की लोक परंपरा में एक अमिट योगदान हैं. उन्हें पुरुलिया, कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में सम्मानित और पुरस्कृत किया जा चुका है. उनका सपना है कि एक दिन ये गीत बंगाल के गाँवों तक सीमित न रहें, बल्कि विश्व पटल पर पहुँचें, और दुनिया बंगाली लोक संगीत की आत्मा को समझे, महसूस करे. आज, जब लोक संस्कृति लुप्त होने के कगार पर है, तब षष्ठीपद बाउरी जैसे कलाकार यह सिद्ध कर रहे हैं कि लोकगीतों की धड़कन अब भी जीवित है — और यह भविष्य का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार है.

## मंत्री संध्या रानी टुडू ने किया सड़क का शिलान्यास

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** जिले के हुड़ा प्रखंड के दलदली ग्राम पंचायत अंतर्गत लालपुर कॉलेज चौराहे से सैय्यदी तक सड़क नवीनीकरण कार्य सोमवार को शुरू हुआ. राज्य की पश्चिमी क्षेत्र विकास मंत्री संध्या रानी टुडू ने फीता काटकर इस परियोजना का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में हुड़ा पंचायत समिति की अध्यक्ष दीपाली महतो, क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के हुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रोसेनजीत महतो, दलदली ग्राम पंचायत प्रमुख आलोमोनी महतो, सामाजिक कार्यकर्ता बबन रजक, बानीब्रत मंडल तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. बताया जा रहा है कि इस परियोजना की लागत लगभग 95 करोड़ 48 लाख 412 रुपये आंकी गई है. प्रशासन ने विश्वास जताया है कि लगभग 8 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने पर आम जनता को काफी सुविधा मिलेगी

# सीतारामपुर स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन' का दर्जा, तेजी से हो रहा कायाकल्प

**शुभम संदेश। सीतारामपुर**

सीतारामपुर स्टेशन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नए रूप में विकसित हो रहा है. नए डीआरएम के पदभार संभालने के बाद विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिली है. उनके निरीक्षण के बाद से ही स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है. रेलवे मंडल के एईएन-2 अधिकारी और सीतारामपुर एसएससी वर्क्स स्वयं इन कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, जिससे गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित हो रही है. प्रमुख परियोजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण कार्य एक विशाल और आधुनिक फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण है, जो प्लेटफॉर्म 1 को 2, 3, 4 और 5 से जोड़ेगा. यह ब्रिज यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ स्टेशन की सुंदरता में भी इज़ाफा करेगा. इसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और जल्द ही उद्घाटन की उम्मीद है. इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए



प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर आधुनिक बायो-टॉयलेट का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं होंगी. यह स्वच्छता और आधुनिकता की दिशा में एक बड़ा कदम है. सीतारामपुर अमृत भारत स्टेशन कमेटी के सदस्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत चुना जाना गर्व की बात है. उन्होंने यह भी कहा कि स्टेशन का नाम सीतारामपुर भगवान राम और सीता के नाम पर है, और यह स्थान सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है. वर्मा ने ट्रेन ठहराव की मांग को भी उठाया और उम्मीद जताई कि जल्द ही रेल मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी इस पर विचार करेंगे. आगामी समय में स्टेशन का उद्घाटन समारोह आयोजित होने की संभावना है, जो स्थानीय जनता के लिए गर्व और खुशी का अवसर होगा.

# पुरस्कार वितरण के साथ राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



**शुभम संदेश। रानीगंज**

डीएवी पब्लिक स्कूल रानीगंज में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबलों के उपरांत विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए. पुरस्कार ग्रहण करते समय बच्चों के चेहरे खुशी और गर्व से खिल उठे. कार्यक्रम में उपस्थित लायन स्कूल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट सुशील गनेड़ीवाला ने खेल का भरपूर आनंद उठाया. उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीत केवल प्रतिभा का नहीं, बल्कि परिश्रम और अनुशासन का भी प्रतीक है. हारने वाले खिलाड़ियों को उन्होंने निराश न होकर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी. मेजबान स्कूल की प्राचार्या मंदिरा दे ने उन खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की जो विजेता नहीं बन सके, लेकिन पूरे साहस और समर्पण के साथ मैदान में डटे रहे. उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि निरंतर परिश्रम और अभ्यास ही सफलता की कुंजी है. अंत में, वरिष्ठ शिक्षिका ने खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षकगणों, निर्णायकों और सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया. उनके प्रेरक शब्दों से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा, बल्कि भविष्य के लिए नए उत्साह और आत्मविश्वास का संचार भी हुआ. अंत में प्राचार्या ने खेल ध्वज अवतरण किया. अंत में राष्ट्रीय गान के साथ राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ.

# सांता डंगाल जलजमाव से निजात के लिए होगा हाई ड्रेन निर्माण



**शुभम संदेश। बर्नपुर**

राज्य सरकार की 'दुआरे सरकार' योजना की सफलता के बाद आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान शिविर प्रत्येक वार्ड में लगाया गया था. इसी क्रम में वार्ड 56 में आयोजित शिविर के दौरान स्थानीय लोगों ने सांता डंगाल के निचले इलाकों में दशकों पुरानी जलजमाव की समस्या के समाधान की मांग की थी.स्थानीय पार्षद श्रावणी विश्वास ने मेयर विधान उपाध्याय से आग्रह कर इस इलाके के बूथ के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई, जिसके अंतर्गत हाई ड्रेन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है. मंगलवार को पार्षद ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से सुझाव भी मांगे. उन्होंने बताया कि छाई गादा इलाके से सटे क्षेत्र में हल्की बारिश में भी नाली का पानी घरों में घुस जाता था. भारी बारिश में दर्जनों घरों में घुटनों तक पानी भर जाता था. अब इस हाई ड्रेन निर्माण के माध्यम से इस दशकों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जा रहा है. पार्षद ने जानकारी दी कि एक माह के भीतर यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा. स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की और पार्षद के प्रयासों की सराहना की.

# पांडवेश्वर पुलिस का राखल चंद गर्ल्स स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम



**शुभम संदेश। रानीगंज**

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देशानुसार पांडवेश्वर पुलिस की ओर से राखल चंद गर्ल्स स्कूल में लड़कियों की जागरूकता बढ़ाने के लिए 'स्वयंसिद्ध स्वच्छंदता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया. इस अवसर पर पांडवेश्वर थाना प्रभारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आपके हौसले को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है ताकि आप सभी समझदार बनें और आगे चलकर कोई गलती न करें. यदि गलती हो भी जाए और आप अपने माता-पिता से उस बारे में बात नहीं कर पा रही हों, तो आप बेझिझक पुलिस से मदद ले सकती हैं. पुलिस आपकी मदद के लिए हमेशा उपलब्ध है.८साथ ही महिला तस्करी (वुमन ट्रैफिकिंग) जैसे अपराधों के प्रति भी छात्राओं को जागरूक किया गया. इस दौरान उखड़ा आउटपोस्ट की आईसी सिउली मंडल, पांडवेश्वर एसआई समीर हालदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे.

# जावेद बारीक हत्याकांड: 7 आरोपी गिरफ्तार, फाड़ी प्रभारी सम्मानित



**शुभम संदेश। सीतारामपुर**

नियामतपुर फाड़ी पुलिस ने सैयद जावेद बारीक शूटआउट हत्याकांड को महज 10 दिनों के भीतर सुलझाते हुए शूटर सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस उल्लेखनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने फाड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया.मृतक की पत्नी शबाना खानम ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए राज्य की मुख्यमंत्री से अपील की कि दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दी जाए. उन्होंने यह भी कहा कि हमारा पूरा परिवार पुलिस पर भरोसा करता है कि मेरे पति के कातिलों को न्याय मिलेगा. इस हत्याकांड में दो आरोपी अभी भी फरार हैं. पुलिस ने आश्वासन दिया है कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

मीर हासिम ने मौके पर कहा कि नियामतपुर पुलिस की जितनी तारीफ की जाए कम है. उन्होंने 9-10 दिन में हत्या की गुत्थी सुलझा दी और शूटर सहित सभी साजिशकर्ताओं को जेल भेज दिया, जिससे आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है.

मंथन

## नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन व लोकतंत्र की कसौटी

नेपाल की राजधानी काठमांडू जिस जनाक्रोश का गवाह बनी है, वह केवल सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की पुकार है. सरकार द्वारा फेसबुक, एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सएप समेत 26 प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाने से हजारों युवा सड़कों पर उतर आए. हालात इतने बिगड़े कि पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 20 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हैं. यह किसी भी लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है. सरकार का तर्क है कि यह कदम फर्जी खबरों, उकसावे और अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया. प्रशासनिक दृष्टि से यह शर्तें उचित हो सकती हैं, किंतु संपूर्ण बैन लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटने जैसा प्रतीत होता है. यही कारण है कि इसे जनविरोधी और अलोकतांत्रिक कदम बताया जा रहा है. नेपाल के युवाओं ने जेन-जेड रिवोल्यूशन के नाम से जिस आंदोलन की शुरुआत की है, वह सरकार को यह संदेश देता है कि डिजिटल युग में नागरिकों की आवाज दबाना संभव नहीं. सोशल मीडिया आज केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद, संगठन और लोकतांत्रिक भागीदारी का अहम जरिया है. सरकार को चाहिए कि वह पूर्ण प्रतिबंध की जगह नियामक व्यवस्था और जवाबदेही पर जोर दे. यदि कंपनियां स्थानीय नियमों का पालन नहीं कर रही हैं तो उनके साथ संवाद और सहयोग का रास्ता अपनाया जा सकता है. कठोर दमन और कर्फ्यू न केवल सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को भी कमजोर करेंगे. नेपाल के लिए यही समय है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों को प्राथमिकता दे.

नजरिया

## मतदाता पहचान में आधार की नई भूमिका से राहत

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की मतदाता सूची से जुड़े मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आधार कार्ड को पहचान के उद्देश्य से 12वें दस्तावेज़ के रूप में मान्यता देने का निर्देश दिया है. यह आदेश एसआईआर की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है. चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार के 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 प्रतिशत पहले ही 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में से किसी एक को जमा कर चुके हैं. ऐसे में आधार को अतिरिक्त विकल्प के रूप में शामिल करना उन लोगों के लिए राहत है, जो अब तक दस्तावेज़ों के अभाव में कठिनाई का सामना कर रहे थे. इससे किसी भी वास्तविक मतदाता को वंचित किए जाने की संभावना कम होगी. याचिकाकर्ताओं की ओर से यह आशंका जताई गई थी कि उचित निगरानी के अभाव में अवैध प्रवासी भी मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं. न्यायालय ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि कोई भी ऐसी स्थिति नहीं चाहता. यही कारण है कि आधार को नागरिकता का प्रमाण न मानते हुए केवल पहचान के लिए स्वीकार किया गया है. यह निर्णय संतुलित है. एक ओर यह चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाता है, वहीं दूसरी ओर नागरिकता की कसौटी से कोई समझौता नहीं करता. अब आवश्यकता इस बात की है कि चुनाव आयोग पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक और मानवीय संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल करे. यही कदम लोकतंत्र को और मजबूत करेगा.

# पितृपक्षः पांच ग्रास और प्राणियों के निमित्त संदेश

रमेश शर्मा





पूर्वजों का स्मरण हमेशा बना रहे, इसी लिए पितृपक्ष मनाया जाता है

पूरे संसार में पूर्वजों के स्मरण करने और श्रृद्धांजलि अर्पित करने की परंपरा है. लेकिन भारत में अपने पूर्वजों के स्मरण की यह पितृपक्ष की अवधि व्यक्तित्व निर्माण, कुटुंब महत्ता व प्रकृति से समन्वय की अद्भुत अवधि है. वस्तुतः भारतीय और पश्चिमी चिंतन में एक आधारभूत अंतर है. पश्चिमी चिंतन वाह्य जगत अर्थात भौतिक सृष्टि तक सीमित है जबकि भारतीय चिंतन लौकिक से अधिक अलौकिक सृष्टि तक व्यापक है. विकास के लिए जितना जोर वाह्य शक्ति पर दिया जाता है उससे अधिक आंतरिक ऊर्जा के संचार पर होता है. इसे हम सनातन परंपरा के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक समागमों से समझ सकते हैं और यही विशेषता पूर्वजों के स्मरण के लिए पितृपक्ष के इन दिनों की है.

सूर्योदय से सूर्यास्त तक की पूरी दिनचर्या आंतरिक ऊर्जा जाग्रत करने और आरोग्य शक्ति अर्जित करने की अद्भुत प्रक्रिया है. जबकि इसके कर्मकांड कुटुम्ब समन्वय और प्रकृति से समन्वय बनाकर पर्यावरण संरक्षण के निमित्त हैं. पितृपक्ष की दिनचर्या पर चर्चा करने से पहले इन तीन बिन्दुओं को समझना आवश्यक है . पहली व्यक्ति के अवचेतन की शक्ति, दूसरी आंतरिक ऊर्जा और तीसरी कुटुम्बिक शक्ति एवं ऊर्जा. इससे एकाग्रता आती है. यही आत्मशक्ति पराक्रम व पुरुषार्थ में गुणवत्ता प्रदान करती है. घर आकर पूजन हवन और पांच ग्रास निकालना मनोवैज्ञानिक रूप से व्यक्ति, परिवार और प्रकृति से समन्वय का साधन है. इन पांच ग्रास में मछली, चींटी, कौआ, गाय और कुत्ता होते हैं. पितृपक्ष या पितरों की महत्ता का उल्लेख सभी पुराणों में है. श्रीमद्भागवत की रचना ही पूर्वजों की मुक्ति केलिये मानी जाती है. विस्तृत वर्णन गरुण पुराण में है. सबसे पहले पूर्वजों के प्रतीक के रूप में जौं के आटे का एक छोटा पिण्ड बनाया जाता है. पिण्ड स्थापित करके पितृ गायत्री मंत्र के साथ 108 बार जल अर्पित किया जाता है. पूजन-अर्पण के बाद इस पिण्ड को पीपल के नीचे रखकर अर्पित किये गये जल को किसी बहते जल स्त्रोत में प्रवाहित कर दिया जाता है .

इसमें पूजन हवन विधि के बाद महत्वपूर्ण है पांच अलग-अलग प्राणियों के लिये ग्रास निकालना . इनमें गाय, कुत्ता, मछली, चींटी और कौआ हैं. पितरों के संदर्भ इन पांच प्राणियों का जो महत्व पुराणों में वर्णित है उससे अलग इनका समाज और व्यक्तित्व निर्माण से गहरा संबंध है. पितृपक्ष में ग्रास निकालने की परंपरा बनाकर इनका समाज से अटूट रिश्ता बनाने का प्रयास किया गया है. सबसे पहले गाय की महत्ता को देखिए. गाय का दूध हृदयरोग, मधुमेह, कैंसर उपचार में उपयोगी है. गाय का गोबर कृषि के लिए उपयोगी है. गाय सबसे सरल, सहज और सेवाभावी जीव है. तभी सरल सज्जन और सहनशीलता के लिए गाय का उदाहरण दिया जाता है .

दूसरा ग्रास कुत्ते के लिए निकाला जाता है. कुत्ता जैसा स्वामी भक्त जीव दूसरा नहीं होता. वह कभी भी पीठ नहीं दिखाता, यदि रणनीति के अंतर्गत वह पीछे हटता है तब भी भौंकता रहता है और अवसर मिलते ही पलटकर हमला करता है.

पितृपक्ष एवं श्राद्ध में तीसरा ग्रास मछली के लिए निकाला जाता है तथा नदी तालाब में जाकर डाला जाता है. जल किसी भी प्राणी के जीवन का आधार होता है जल की कमी हो या जल अशुद्ध हो तो जीवन संकट में पड़ जाता है और जल का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत नदी और सरोवर होते हैं. जहां मछलियां रहतीं हैं. नदी सरोवर या कुएं के जल को शुद्ध रखने का काम मछली करती है. नदी तालाबों में जल को प्रदूषित करने वाले कीटों को मछली अपना आहार बना लेती है. मछली के महत्व को समाज भूले नहीं इसलिये पितृ पूजन से भी मछली को जोड़ा गया. आज भी भारतीय वाड्मय के जानकार लोग मछलियों को दाना डालने जाते हैं.

चौथा ग्रास चींटी के लिए निकाला जाता है. पितृपक्ष में चींटी को भी समाज से जोड़ा गया. आधुनिक विज्ञान के शोध के अनुसार चींटी धरती के पुनर्चक्र को सक्रिय करने में सबसे महत्वपूर्ण होती है. धरती का यह पुर्नचक्र ही धरती के पोषक तत्वों को पुनर्जीवित करता है. समाज चींटी का संरक्षण करे, इसके लिए विभिन्न कथाओं के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया और पितृपूजन से भी जोड़ा. चींटी की सूंघने की शक्ति अद्भुत है. चींटियों में सामाजिक अनुशासन भी है. वे श्रृंखला बद्ध होकर चलतीं हैं. कभी कतार नहीं तोडतीं. भोजन खोजने वाली टीम अलग होती है और भोजन ढोकर लाने वाली भी टीम अलग. चीटियों में संगठनात्मक अनुशासन अद्भुत होता है. चींटी से यह संदेश भी है कि भले हमारा अस्तित्व कितना ही लघुतम हो किन्तु मनोबल ऐसा होना चाहिए कि हाथी समान विशालकाय जीव भी भयभीत रहे और संकट आने पर हाथी को भी धराशाई किया जा सके.

> भारतीय ग्रंथों में सामाजिक जीवन में अच्छे व्यवहार की सीख देने वाली अनेक कथाएं हैं, पर समाज आपस में जुड़ा रहे, इसके लिए पितृपक्ष में कई प्रतीकों के माध्यम से समाज को जाग्रत करने का कर्मकांड निर्धारित किया गया है.

पितृपक्ष में पांचवां ग्रास कौए के लिए निकाला जाता है. कौए की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी जीवन शैली सर्वाधिक आत्म अनुशासित है इसीलिए यह सबसे कम बीमार होता है, यह भोजन को देखकर उसमें अशुद्धता भांप लेता है और हानिकारक होने का आभास होते ही ग्रहण नहीं करता. यह भूख से तो मर जाता है पर बीमारी से कभी नहीं मरता. कौए को कभी थकान नहीं होती. कौआ उन विरले प्राणियों में से एक है जो नर और मादा दोनों एक ही आकार के होते हैं. कौए समूह बनाकर रहते हैं. यदि एक साथी कौए को कुछ हो जाए, तो दूसरा कौआ साथी भोजन ग्रहण नहीं करता. इनकी समझ और देखने की सामर्थ्य भी बहुत तीखी होती है. पौराणिक महत्व के अतिरिक्त कौए को समाज से जोड़ने का संदेश यही है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति कुशाग्र हो, दूरदृष्ट हो, समाज संगठित हो.

भारतीय वांड्मय में समाज जीवन में अच्छे व्यवहार की सीख देने वाली अनेक कथाएं हैं पर समाज व्यावहारिक रूप से भी अपने प्रेरणादायकों से जुड़ा रहे. इसलिए पितृपक्ष में इन प्रतीकों के माध्यम से समाज को जाग्रत करने का कर्मकांड निर्धारित किया गया है.

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं.)

## आज का इतिहास

- 1846: एलायस ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया.
- 1847 : हवाई द्वीप में पहला थिएटर खुला.
- 1887: स्वतन्त्रता सेनानी एवं यूपी के प्रथम सीएम गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म.
- 1926: जर्मनी मित्र राष्ट्रों के संघ में शामिल हुआ.
- 1966 : पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी.
- 1974: अफ्रीकी देश गिनी पुर्तग़ाल से आजाद.
- 1976: इंडियन एयरलाइंस के विमान को लाहौर ले जाया गया. बाद में सभी मुक्त हुए.
- 2002: स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना.
- 2007 : नाटकीय घटनाक्रम में पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ़ को स्वदेश लौटने के बाद पुनः जेद्दा भेजा गया.
- 2020: पांच राफेल लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना में शामिल हुए.
- 2020: भारत- जापान ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच आपूर्ति एवं सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए.

## अपने काम का खुद आकलन करें, क्या आप बेहतर हैं

चिंतन

रामू ईमानदार और मेहनती युवक था. एक दिन रामू किराने की दुकान पर गया. वहां सिक्का डालने वाला फ़ोन लगा था. रामू ने एक नंबर डायल किया. किसी ने फ़ोन उठाया. रामू बोला, हेलो सर नमस्ते, मैंने सुना था कि आपको ड्राइवर की जरूरत है. मैं भी ड्राइवर हूं. क्या आप मुझे ड्राइवर की नौकरी देंगे? व्यक्ति ने कहा बेटा, मेरे यहां ड्राईवर है. मुझे ड्राईवर की जरूरत नहीं है. रामू ने कहा,सर, मैं अच्छा ड्राइवर होने के साथ ईमानदार भी हूं. आपके यहां जो ड्राईवर है, मैं उससे कम वेतन पर काम कर लूंगा. बेटा, जो ड्राइवर मेरे पास है, मैं उसके काम से खुश हूं.बात पैसों की नहीं है, हम जैसा ड्राइवर चाहते हैं, वैसा हमारे पास है. व्यक्ति ने कहा. रामू ने कहा, सर, मैं ड्राइवर का काम करने के साथ अन्य काम भी करूंगा,जैसे-सब्जी लाना, बच्चों को स्कूल छोड़ना आदि. व्यक्ति बोला, कहा न मुझे किसी ड्राइवर की जरूरत नहीं है.

दुकानदार रामू की बात सुन रहा था. उसने कहा, मेरा बेटा शहर में है. मुझे अच्छे ड्राइवर की जरूरत है. तुम कहो तो मैं तुम्हे नौकरी दिलवा सकता हूं.रामू ने कहा, आपके सहयोग के लिए धन्यवाद. पर मुझे नौकरी नहीं चाहिए. दुकानदार बोला, लेकिन अभी तो तुम फ़ोन पर नौकरी की बात कर रहे थे. रामू ने कहा, मुझे काम की जरूरत नहीं है. सच तो यह है कि, मैं अपने ही काम की परीक्षा ले रहा था. उस व्यक्ति के यहां काम करने वाला ड्राईवर मैं ही हूं.

दोस्तों, सफल जीवन के लिए यह जरूरी है कि हम खुद को जानें. यह समझना जरूरी है की कोई भी हमें उतना नहीं समझ सकता जितना कि हम खुद को समझते हैं.स्वमूल्यांकन ऐसी ही प्रक्रिया है, जिससे हम खुद ही खुद की परीक्षा लेते हैं, और अपनी कमियों को जानने की कोशिश करते हैं. हमें ईमानदारी से खुद से पूछना चाहिए कि- मैं जो काम कर रहा, क्या मैं उसे ईमानदारी के साथ कर रहा? क्या मैं अपने काम में 100% योगदान दे रहा हूं? क्या मैं अपने काम को और बेहतर कर सकता हूं? क्या मैं अपनी कंपनी के लिए और उपयोगी हो सकता हूं? इस स्वमूल्यांकन से हम न केवल अपनी पेशेवर जिंदगी बेहतर बना सकेंगे, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी सफलता पक्की कर सकते हैं. तो, आइए इस कला को जीवन का अभिन्न अंग बनायें, और ईमानदारी से इसे जीवन में अपना लें.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #VicePresidentialElection2025
2. #PadhegaUPBadhegaUP
3. कैप्टन विक्रम बत्रा
4. कारगिल युद्ध
5. परमवीर चक्र
6. #VikramBatra
7. #SanatanDharma
8. #CPRadhakrishnan
9. Vigyan
10. Praacheen Gyaan



## सलमान खान ने शुरू की 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग, लद्दाख में फौजी अवतार में आए नजर

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी अपकमिंग देशभक्ति फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग लद्दाख में शुरू कर दी है. इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं और कहानी 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित है. सलमान इस फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं और हाल ही में उन्होंने शूटिंग के पहले दिन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह फौज की वर्दी में और चेहरे पर खून के निशान के साथ नजर आ रहे हैं. फिल्म के क्लाइमैक्स सीन को लेकर टीम खास रणनीति पर काम कर रही है. लद्दाख के अनिश्चित और कभी भी बदल जाने वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रोड्यूसर्स फिल्म के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से-यानी क्लाइमैक्स-को शूटिंग के शुरुआती चरण में ही पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगले दो से तीन हफ्तों में क्लाइमैक्स की शूटिंग पूरी करने का प्लान तैयार किया गया है. टीम नहीं चाहती कि मौसम की खराबी के कारण शूटिंग में कोई रुकावट आए या सीन की क्वालिटी पर असर पड़े. सलमान का इस फिल्म में लुक भी काफी चर्चा में है. पोस्टर और क्लैप बोर्ड के साथ शेयर की गई तस्वीर में सलमान मूंछों में, खून से लथपथ फौजी वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो उनके 'दबंग' वाले अंदाज की याद दिलाता है. मोशन पोस्टर में भी उनका यह अवतार देशभक्ति की भावना से लबरेज नजर आया. फिल्म में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं और वह भी लद्दाख पहुंच चुकी हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में सलमान ने लद्दाख में शूटिंग के अनुभव साझा करते हुए बताया, "यह फिजिकली बहुत चुनौतीपूर्ण है. पहले मैं किसी रोल के लिए कुछ हफ्तों की ट्रेनिंग करता था, अब इसमें ज्यादा समय लगता है. इस फिल्म में दौड़ना, फाइटिंग सीन्स और ऊंचाई व बर्फीले पानी जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है." 'बैटल ऑफ गलवान' के मोशन पोस्टर ने ऑनलाइन जबरदस्त सुर्खियां बटोरी हैं. फैन्स का मानना है कि सलमान इस फिल्म से अपनी पिछली फिल्म 'सिकंदर' की कमियों को पूरी तरह पीछे छोड़ देंगे. इस बीच सलमान का शेड्यूल और भी व्यस्त हो गया है क्योंकि वह 'बिग बॉस 19' को भी होस्ट कर रहे हैं. दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स को मैनेज करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है. 'बैटल ऑफ गलवान' का क्लाइमैक्स न केवल तकनीकी लिहाज से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि यह इमोशन्स और देशभक्ति से भी भरपूर होगा. यही कारण है कि फिल्ममेकर्स इस हिस्से पर खास ध्यान दे रहे हैं. सलमान के इस फौजी अवतार और देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले किरदार को लेकर दर्शकों की उम्मीदें आसमान पर हैं. फिल्म की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन क्लाइमैक्स की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है.

## अभिनेत्री छाया कदम ने साझा किए अमिताभ के साथ काम करने के अनुभव, बोलीं- अनुशासन की पाबंदी है, जो हर कलाकार के लिए एक सीख है



अभिनेत्री छाया कदम ने फिल्म 'झुंड' में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया है. छाया कदम ने बताया कि सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम करना किसी भी कलाकार के लिए एक सपना होता है. नागराज मंजुले के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई थी, जिसमें छाया ने अमिताभ बच्चन की पत्नी की भूमिका निभाई थी. इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमिताभ बच्चन की सबसे बड़ी खासियत उनका अनुशासन और समय की पाबंदी है, जो हर कलाकार के लिए एक सीख है. छाया कदम मराठी रंगमंच की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं और उन्होंने 'लापता लेडीज', 'मडगांव एक्सप्रेस', 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' जैसी फिल्मों में भी अपनी खास पहचान बनाई है. इसके अलावा उन्होंने 'न्यूड' और 'सिस्टर मिडनाइट' जैसी फिल्मों में अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए भी सराहना हासिल की है. फिल्मफेयर समेत कई पुरस्कार जीत चुकीं छाया ने कहा कि अमिताभ बच्चन का डेडिकेटिड और अनुशासित व्यक्तित्व उन्हें और भी खास बनाता है. उन्होंने एक दिलचस्प किस्सा भी बताया कि 'झुंड' की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन ने क्रू मेंबर्स को पहले ही फोन करके बताया था कि वे 10 मिनट देर से आएंगे, जो उनके प्रोफेशनलिज्म को दर्शाता है. हाल ही में छाया कदम शिमला में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में शामिल हुईं. इस अवसर पर उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले कलाकारों, स्क्रिप्ट राइटर्स और तकनीशियनों के लिए ओटीटी प्लेटफार्मों की भूमिका की प्रशंसा की. उनका मानना है कि ओटीटी प्लेटफार्मों ने नए कलाकारों के लिए नए रास्ते खोले हैं और यह बहुत सकारात्मक कदम है.

# बहुरंग

## मर्मस्पर्शी नाटक बंटवारे की आग से नौटंकी समारोह की शुरुआत



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज द्वारा आयोजित "नौटंकी समारोह 2025" जो बहुचर्चित नाटककार एवं नौटंकीविद् स्वर्गीय विनोद रस्तोगी की स्मृतियों को समर्पित है, जिसकी प्रथम संध्या में सोमवार को प्रयागराज के प्रतिष्ठित नाट्य दल "विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान" द्वारा "बंटवारे की आग" की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया. प्रस्तुति में एक किसान परिवार के बंटवारे की कहानी के माध्यम से देश के बंटवारे व जाति में बांटने वालों और ऐसी साज़िशों से सतर्क रहने को दिखाया गया. प्रस्तुति के दौरान व समाप्ति पर दर्शक दीर्घा तालियों से गूंजती रही और सुधी जन संगीत का आनंद लेते अपने हाथों से ताल देते रहे. मंच पर शुभम वर्मा, दिव्यांश राज गुप्ता, गजेन्द्र यादव, अभिलाष नारायण, अजय मुखर्जी, तुषार सौरभ, अनुज कुमार, प्रतिमा श्रीवास्तव व अहोना भट्टाचार्या ने अभिनय किया. मंच परे संगीत एवं हारमोनियम उदय चंद्र परदेसी, ढोलक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, नक्कारा बिंदेश्वरी प्रसाद, कोरस उत्कर्ष, शुभम, प्रतीक, अभिषेक, शांकू आदि. प्रकाश संयोजन सुजॉय घोषाल, प्रस्तुतकर्ता अभिलाष नारायण व परिकल्पना एवं निर्देशन अजय मुखर्जी का रहा.

## महाभारत के दुर्योधन पुनीत इस्सर ने किया पिंडदान



बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता और टीवी सीरियल 'महाभारत' में दुर्योधन का किरदार निभाने वाले पुनीत इस्सर बिहार के पवित्र शहर गया पहुंचे. यहां वे अपनी पत्नी दीपावली इस्सर के साथ पितृपक्ष मेले में शामिल होकर अपने पूर्वजों का पिंडदान एवं तर्पण कर्म संपन्न किया. पुनीत इस्सर ने गया के विष्णुपद मंदिर के अक्षयवट और फल्गु नदी के किनारे अपने पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रद्धा से पिंडदान किया. पशुपति दाढ़ी वाला ने बताया कि पुनीत इस्सर के पूर्वज पाकिस्तान के पंजाबी क्षेत्र रावलपिंडी से थे, जबकि उनके साले सत्यजीत पूरी के पूर्वज गुजरांवाला, पंजाब (पाकिस्तान) से थे. पुनीत इस्सर को विष्णुपद मंदिर परिसर में विष्णु चरण का प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया गया, जिससे वे गया के धार्मिक महत्व और इतिहास से परिचित हुए. इस अवसर पर पुनीत इस्सर ने बिहार की वर्तमान व्यवस्था की जमकर प्रशंसा की और कहा, "यह तो एकदम बदला हुआ बिहार है. जो बातें बिहार को लेकर बाहर कही जाती हैं, वास्तविकता उससे बिल्कुल अलग है. यहां की व्यवस्था देखकर मैं खुश और चौंका हुआ भी हूं. हमें यहां पहले आना चाहिए था." उन्होंने बिहार सरकार और प्रशासन को इस सुचारु व्यवस्था के लिए बधाई दी. गया के पितृपक्ष मेले में हर साल देशभर से श्रद्धालु और कई वीआईपी आगमन करते हैं. इस बार भी पितृपक्ष मेले में कई चर्चित हस्तियों ने हिस्सा लिया है. पुनीत इस्सर की इस यात्रा ने इस धार्मिक आयोजन की गरिमा और बढ़ा दी है.




आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-3-5-7

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय समान रहेगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. सुख-आनंद कारक समय है. अपने काम पर ध्यान दीजिए. अंधविश्वासी न बनें. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-6-7-9

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें. अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-4-6-8

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कार्यसिद्घि में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. यात्रा का योग. शुभांक-6-8-9

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. शुभांक-5-7-9

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. शुभांक-3-6-8

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-2-3-5

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. आर्थिक चिंताएं कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-2-5-7

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-3-5-8

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रह कर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. मन प्रफुल्लित रहेगा. शुभांक-3-5-7

## ब्रीफ न्यूज

### फलका गोलीकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले के फलका थाना पुलिस ने गोलीकांड के मुख्य अभियुक्त मनोज महलदार को घटना में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. मनोज महलदार ने अपने पड़ोसी मोनू महलदार को सीने में गोली मारकर घायल कर दिया था. पुलिस ने घायल मोनू महलदार को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है जो अब खतरे से बाहर है. उक्त घटना बीते देर शाम पीर मुकाम गांव में हुई थी. गिरफ्तार अभियुक्त मनोज महलदार पिता उपेंद्र महलदार फालका थाना क्षेत्र के पीर मुकाम वार्ड नंबर 13 का निवासी है.

### नक्सल विरोधी अभियान के तहत हथियार बरामद

**पटना।** बिहार पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है. औरंगाबाद में बिहार पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त खोजी (सर्च) अभियान में बीती रात हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं. औरंगाबाद पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक लगातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत औरंगाबाद जिले के टण्डवा थानांतर्गत लगड़ाही पहाड़ के पास औरंगाबाद पुलिस, एसएसबी और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया. इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं.

### ट्रैक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर चल रहे अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत मद्यनिषेध विभाग को एक अहम सफलता हाथ लगी है. सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई, जो उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्र की अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने ख्वासपुर थाना क्षेत्र के नायकाटोला मोड़ के पास ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की. लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में लिए गए कई अहम फैसले, 26 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय अब 9,000 रुपये प्रतिमाह

**शुभम संदेश। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 26 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. इनमें आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार, नई योजनाओं के क्रियान्वयन और नगर निकायों के बिजली बिल भुगतान जैसे कई अहम फैसले शामिल हैं. बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 7,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रतिमाह और सहायिकाओं का मानदेय 4,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है. यह बढ़ोतरी आगामी 1 अक्टूबर से प्रभावी होगी. इस बढ़ोतरी से सरकार पर 345.19 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय आएगा. इसके अलावा, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत सभी 8053 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ढंग से विवाह मंडप निर्माण के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है. बैठक में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुंगेर जिले में 466.49 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 1 अरब 24 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई. वहीं, पटना में जीविका मुख्यालय भवन निर्माण के लिए 73.66 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान की गई. राज्य के नगर निकायों के बकाया विद्युत बिलों के



भुगतान हेतु 400 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई. साथ ही, पंचायती राज विभाग और मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के लंबित विद्युत भुगतान के लिए 5 अरब 94 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है. कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना' के लिए 1 अरब रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए 3,303 अतिरिक्त राजस्व कर्मचारियों के पदों को भी स्वीकृति दी गई है. वहीं, गन्ना उद्योग विभाग के लिए ₹बिहार ईख पर्यवेक्षक संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) नियमावली 2025₹ को भी मंजूरी दी गई. कैबिनेट ने ईशा फाउंडेशन, कोयंबटूर को पटना, गया, छपरा, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय में एलपीजी आधारित शवदाह गृहों की स्थापना हेतु प्रत्येक शहर में एक-एक एकड़ भूमि एक रुपये टोकन मनी पर 33 वर्षों की लीज पर देने का निर्णय लिया है. इसके अतिरिक्त, 'बिहार जीविका गोधन संरक्षण एवं प्रबंधन योजना' के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में बेसहारा गोवंशों की देखभाल की व्यवस्था जीविका समूहों के माध्यम से की जाएगी. बैठक में 'फेलोशिप योजना' को भी मंजूरी दी गई, जिसके अंतर्गत राज्य के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और अध्ययन के अवसर प्रदान किए जाएंगे. इन निर्णयों से साफ है कि सरकार ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, औद्योगिक विस्तार और सामाजिक कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है.

### बिहार में अब मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना शुरू हुई

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक और बड़ा और महत्वाकांक्षी फैसला लिया है. राज्य कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना' को मंजूरी दे दी गई. इस योजना का उद्देश्य राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों को लोक नीति निर्माण और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे शासन व्यवस्था में दक्षता और गुणवत्ता बढ़ सके. फेलोशिप योजना के तहत राज्य के 12 चुनिंदा सरकारी कर्मियों को प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. यह प्रशिक्षण दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसके अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा. इस योजना में चयनित अधिकारियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 80,000 रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह तक का मानदेय दिया जाएगा. यह मानदेय प्रतिभागियों के अनुभव, योग्यता और पद के आधार पर तय किया जाएगा. फेलोशिप के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय, उपमुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, विकास आयुक्त कार्यालय, विभागीय सचिवालय, प्रमंडलीय आयुक्त और नगर आयुक्त कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों को चुना जाएगा. सरकार का मानना है कि इस योजना से नीति-निर्माण में व्यावहारिक दृष्टिकोण और आधुनिक प्रबंधन तकनीकों का समावेश होगा.

# मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**मधेपुरा।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी विभाग की टीम ने मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी मितेंद्र प्रसाद मंडल को 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. यह कार्रवाई जिले में सनसनीखेज बन गई है और पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी एक वकील कुमार यादव की शिकायत के बाद हुई. वकील ने बताया कि उनका एक जमीन विवाद का मामला चल रहा था, और इसी केस में पैरवी के नाम पर मितेंद्र मंडल उनसे लगातार पैसे की मांग कर रहे थे. वकील के अनुसार, आरोपी अधिकारी पिछले एक साल से उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहा था और गाली-गलौज कर रिश्वत मांग रहा था. थक-हार कर वकील कुमार यादव ने निगरानी विभाग, पटना से संपर्क किया. विभाग ने शिकायत की जांच की और मामले को सत्यापित करने के बाद एक विशेष टीम गठित की. तय योजना के अनुसार, जैसे ही वकील ने मितेंद्र मंडल को 20,000 रिश्वत की राशि सौंपी, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया. निगरानी डीएसपी संजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस गिरफ्तारी की पुष्टि की और कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्ट अधिकारियों को चेतावनी है कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## मोक्ष की नगरी गयाजी में आध्यात्म और राजनीति का दिखा अनोखा संगम

# लालू यादव ने परिवार संग किया पिंडदान

**शुभम संदेश। गयाजी**



मोक्ष की नगरी गयाजी में इन दिनों पितृपक्ष मेला अपने चरम पर है, जहां श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है. सोमवार को इस धार्मिक माहौल में एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने राजनीति और अध्यात्म को एक ही धारा में बहता दिखा दिया. राजद प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने विष्णुपद मंदिर के पवित्र प्रांगण में अपने सात कुलों का विधिवत पिंडदान किया. इस अवसर पर उनके साथ पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बहू राजश्री और पोती कात्यायनी भी उपस्थित रहीं. सुबह 7:30 बजे हेलिकॉप्टर से गयाजी पहुंचे लालू परिवार का स्वागत तीर्थ पुरोहित शंभूनाथ जी ने किया. पहले से निर्धारित वेदी पर मंत्रोच्चार और वेदपाठ के बीच करीब डेढ़ घंटे तक पिंडदान और तर्पण की विधियां संपन्न हुईं. लालू यादव, जो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, फिर भी पूरे मनोयोग से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए. पुरोहितों ने बताया कि इस बार का पिंडदान विशेष रूप से विस्तृत और पूर्ण विधि-विधान के साथ हुआ, जिसमें सात कुलों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए आह्वान किया गया. पितृपक्ष मेला के दौरान गया में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है. श्राद्ध के तीसरे दिन उत्तर मानस, कनखल, दक्षिण मानस, उदीची और जिह्वालोल जैसी पवित्र वेदियों पर पिंडदान का विशेष महत्व रहा. मान्यता है कि इन स्थलों पर किया गया पिंडदान पितरों को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त कर ब्रह्मलोक की प्राप्ति कराता है.

दो दिनों में ही ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु गया पहुंच चुके हैं और प्रशासन का अनुमान है कि यह संख्या चार लाख को पार कर सकती है. मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों की गूंज, धूप-दीप की सुगंध और श्रद्धालुओं की आस्था से आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा है. धार्मिक अनुष्ठान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, "पिताजी की तबीयत ठीक नहीं है, फिर भी उनकी इच्छा थी कि भगवान विष्णु के दर्शन करें. गया मोक्ष और ज्ञान की भूमि है. पहली बार पूरा परिवार एक साथ यहां आया है, यह सौभाग्य की बात है." वहीं, तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि "माई बहन योजना" के दबाव में आकर सरकार 10-10 हजार रुपए बांट रही है. उन्होंने इसे "नकलची सरकार" करार दिया. गया की पुण्य भूमि से लालू यादव का यह धार्मिक स्वरूप देखकर श्रद्धालु आश्चर्यचकित रह गए.

## न्यूज अपडेट

### अफेयर से खफा भाई ने बहन को मारी गोली, अस्पताल में हुई मौत

**पूर्णिया।** शहर के मधुबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी बाजार इलाके में सनसनीखेज वारदात सामने आई. बहन के अफेयर से खफा एक युवक ने अपनी ही सगी बहन को गोली मार दी. आरोपी भाई ने घर में मौका पाकर बहन पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां दाग दीं, जिसमें से दो गोलियां उसे जा लगीं. आनन-फानन में परिजनों ने खून से लथपथ लड़की को जीएमसीएच पूर्णिया पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. मृतका की पहचान मधुबनी थाना क्षेत्र निवासी सुधीर केसरी की 27 वर्षीय बेटी छोटी कुमारी केसरी के रूप में हुई है. बताया जाता है कि छोटी ग्रेजुएशन की छात्रा थी और पिछले ढाई साल से पिता के ही परिचित के बेटे के साथ प्रेम संबंध में थी. इसी को लेकर कई बार घर में तनाव की स्थिति बनी थी.

### पूर्व विधायक राजवल्लभ यादव का लालू परिवार पर विवादित हमला

**पटना।** नवादा के पूर्व विधायक राजवल्लभ यादव, जो बलात्कार के आरोप से बरी होकर हाल ही में जेल से बाहर आए हैं, ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तीखा हमला बोला है. राजवल्लभ ने खास तौर पर लालू के दोनों बेटों-तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव-की शादियों पर सवाल उठाए. उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की. राजवल्लभ यादव ने कहा, ₹ये लोग जात-पात के नाम पर वोट लेते हैं, लेकिन जब शादी करनी होती है तो पंजाब-हरियाणा जाते हैं.

### एनडीए 150 से कम सीटें नहीं जीतेगा इस बार: रवि कुमार

**भागलपुर।** जदयू नेता रवि कुमार ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बिहार की जनता जिस तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सुशासन की तारीफ कर रही है, उससे स्पष्ट है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे. उन्होंने कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा और सरकार भी उनके ही नेतृत्व में बनेगी. वर्तमान माहौल साफ़ इशारा कर रहा है कि एनडीए 150 से कम सीटें नहीं जीतेगा, जबकि महागठबंधन 75-90 सीटों पर ही अटक जाएगा.

### गंगा कटाव पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर राजेश का सत्याग्रह 10 से

**कटिहार।** मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी चार सूत्री मांगों को लेकर बुधवार से जिला समाहरणालय मुख्य द्वार के बाहर आमरण अनशन पर बैठेंगे. राजेश गुरनानी का कहना है कि मनिहारी प्रखंड के कारी कोसी बांध पर बसे गंगा कटाव पीड़ितों को अविलंब पुनर्वासित किया जाए. इन परिवारों को पिछले 15 वर्षों से पुनर्वास की आस है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. बिहार सरकार ने राशि भी उपलब्ध करा दी है और उच्च न्यायालय का आदेश भी उनके समर्थन में है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. कहा है कि मनिहारी नगर पालिका अंतर्गत चरवाहा विद्यालय एवं सिंगल टोला की भूमि पर बसे कटाव पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाए जाएं.

## कारोबार

### एनसीडीईएक्स लॉन्च करेगा इक्विटी एक्सचेंज

**नई दिल्ली।** बीएसई और एनएसई की तरह अब भारत को जल्द ही एक नया स्टॉक एक्सचेंज मिलने जा रहा है. नेशनल कमोडिटी एंड डेरीवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स), जो अब तक केवल कमोडिटी एक्सचेंज के रूप में काम कर रहा था, अब इक्विटी एक्सचेंज की दुनिया में कदम रखने की तैयारी में है. एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अरुण रास्ते ने बताया कि कंपनी को सेबी से इक्विटी एक्सचेंज शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है. इस पहल के तहत एनसीडीईएक्स ने करीब 770 करोड़ रुपये जुटाने के लिए कई प्रमुख निवेशकों से समझौता किया है.

### बांग्लादेश भेजेगा 1,200 टन हिल्सा मछली

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए भारत को 1,200 टन हिल्सा (इलिश) मछली के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है. वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार देर रात अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी. यह विशेष अनुमति केवल त्योहार के अवसर पर दी जाती है. वर्ष 2012 में बांग्लादेश ने हिल्सा के निर्यात पर रोक लगा दी थी, लेकिन 2019 से दुर्गा पूजा के दौरान भारत को सीमित मात्रा में निर्यात की छूट दी जाती है. अधिसूचना के अनुसार, इच्छुक निर्यातक 11 सितंबर, 2025 को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं.

### 22 सितंबर से लागू होंगी नई जीएसटी दरें

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद के हालिया फैसले के तहत 375 वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती की गई है, जो 22 सितंबर से प्रभावी होंगी. इस निर्णय के तहत अब दो प्रमुख दरें – 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत – रखी गई हैं, जिससे मौजूदा चार स्लैब (5%, 12%, 18%, 28%) की जटिलता को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने इस बदलाव को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अधिकारियों और व्यापार जगत के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता बताई है.

## ऑटो सेक्टर के लिए राहत: जीएसटी में कटौती से शेयरों में उछाल

# त्योहारों में बिक्री बढ़ने की पूरी उम्मीद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े निवेशकों और कंपनियों के लिए अच्छी खबर है. हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों ने इस सेक्टर को बड़ी राहत दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से जीएसटी में कटौती की घोषणा की थी. इसके बाद से शेयर बाजार में ऑटो कंपनियों के स्टॉक्स में जबरदस्त तेजी देखी गई है. बीएसई में लिस्टेड 20 प्रमुख ऑटो कंपनियों के शेयरों की वैल्यू में लगभग 33 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है. इस दौरान ऑटो सेक्टर का इंडेक्स 12% से ज्यादा उछल गया है, जबकि बीएसई सेंसेक्स लगभग स्थिर बना हुआ है. इसकी एक प्रमुख वजह यह है कि अमेरिका ने भारत से आने वाले उत्पादों पर 50% तक का टैरिफ लगा दिया है, जो एशिया में सबसे अधिक है. इसका असर भारतीय बाजार और अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहा है. जीएसटी काउंसिल ने ज्यादातर पैसेंजर वाहनों पर जीएसटी दर को 31% से घटाकर 18% कर दिया है. पहले इन पर 28% जीएसटी और 3% सेस लगाया जाता था. इस कटौती से कार और बाइक जैसे वाहनों की कीमतों में काफी कमी आएगी, जिससे ग्राहकों को राहत मिलेगी और वाहन खरीदना पहले की तुलना में सस्ता होगा.

भारतीय बाजार में अगले महीने से त्योहारों का सीजन शुरू हो रहा है, जिसमें आमतौर पर वाहनों की बिक्री 20-25% तक बढ़ जाती है. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जीएसटी कटौती का सीधा फायदा ऑटो कंपनियों को मिलेगा. महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सबसे अधिक—15% से ज्यादा—की बढ़ोतरी देखी गई है. यह कंपनी एसयूवी से लेकर ट्रैक्टर तक का निर्माण करती है. वहीं, बुलेट और ट्रैक्टर बनाने वाली आयशर मोटर्स और टू-व्हीलर निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी के शेयरों में भी उल्लेखनीय तेजी आई है. आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के एनालिस्ट शशांक कनौडिया का कहना है कि यह फैसला ऑटो सेक्टर के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है. टैक्स में कटौती से एंट्री-लेवल वाहनों की कीमतें कम होंगी, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी. इससे ना केवल कंपनियों के मुनाफे में इजाफा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी. कुल मिलाकर, सरकार के इस कदम से ऑटोमोबाइल सेक्टर में नई जान आ गई है और आने वाले महीनों में इसकी ग्रोथ और भी रफ्तार पकड़ सकती है.

### 1 लाख करोड़ रुपए का ग्रॉस लोन बुक बनाएगा उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

**रांची।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए बड़े फायदे और भरोसे के साथ वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए के ग्रॉस लोन बुक बनाने की योजना तैयार की है. बैंक का मकसद सिर्फ खुद बढ़ना नहीं, बल्कि ग्राहकों को सुरक्षित, आसान और लाभदायक लोन उपलब्ध कराना है. इस योजना के तहत बैंक अपने लोन पोर्टफोलियो में बदलाव कर रहा है. अब तक सुरक्षित लोन की हिस्सेदारी 46% तक बढ़ गई है और बैंक का लक्ष्य इसे 65%-70% तक ले जाना है. इसमें किफायती आवास, माइक्रो मॉर्गेज, एमएसएमई लोन, वाहन लोन, गोल्ड लोन और कृषि ऋ्रण शामिल हैं. इससे ग्राहक हर तरह की जरूरत के लिए भरोसेमंद विकल्प पा सकेंगे. बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए की ग्रॉस लोन बुक का हमारा रोडमैप स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने के बाद से स्थापित नींव पर आधारित है. शाखाओं और ग्राहक आधार के विस्तार से बैंक ने खुदरा डिपॉजिट और सीएएसए को भी मजबूत किया है. इसका मतलब है कि ग्राहकों की जमा राशि सुरक्षित रहेगी और वे आसानी से अपनी वित्तीय जरूरतें पूरी कर सकेंगे.

### स्टॉक मार्केट में गोयल कंस्ट्रक्शन की जोरदार एंट्री

**नई दिल्ली।** कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी गोएल कंस्ट्रक्शन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही बढ़िया मुनाफा करा दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 263 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 15.02 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 302.50 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इसकी चाल में और तेजी आ गई, जिसकी वजह से थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर 317.60 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 20.76 प्रतिशत का मुनाफा हो गया. गोएल कंस्ट्रक्शन का 100.15 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 4 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 124.34 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 124.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 224.80 गुना सब्सक्रिप्शन आया था.

### तीन कंपनियों के कंधों पर अमेरिकी शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के शेयर बाजार में अब ऐपल, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया का वर्चस्व और मजबूत होता जा रहा है. इन तीनों कंपनियों की कुल बाजार हिस्सेदारी अब 17.5% तक पहुंच गई है, जो पांच साल पहले की तुलना में दोगुनी हो चुकी है. 2010 में इनकी हिस्सेदारी केवल 3.1% और 2015 में 4.2% थी. वर्तमान में इन कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैप 11.8 ट्रिलियन डॉलर है. एनवीडिया, जो एआई चिप बनाने के लिए जानी जाती है, अब 4.097 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ सबसे आगे है.

### भारत में स्टील उत्पादन में उछाल जापानी कंपनियों का बढ़ता निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में स्टील के घरेलू उत्पादन और खपत में तेज़ी से वृद्धि के कारण जापानी कंपनियां अब भारतीय बाजार में अपने कारोबार का विस्तार करने की दिशा में सक्रिय हो रही हैं. राजधानी दिल्ली में आयोजित आईएसए स्टील कॉन्क्लेव के दौरान जापान आयरन एंड स्टील फेडरेशन के प्रतिनिधि काजुओ माइक फुजिसावा ने बताया कि भारत में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत लगातार बढ़ रही है, जो निवेश के लिए एक अनुकूल माहौल प्रदान करती है. फुजिसावा ने यह भी कहा कि जापान की जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन और भारत की जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के बीच पहले से ही कुछ महत्वपूर्ण संयुक्त उद्यम हैं. इनमें से एक प्रमुख उद्यम जेएसडब्ल्यू जेएफई इलेक्ट्रिकल स्टील प्राइवेट लिमिटेड है, जिसकी स्थापना अनाज-उन्मुख विद्युत स्टील के निर्माण के लिए की गई है. यह परियोजना कर्नाटक के बेल्लारी में विकसित की जा रही है, जहां 12 फरवरी, 2024 को ग्राउंडब्रेकिंग समारोह आयोजित किया गया था. यह संयुक्त उद्यम वित्त वर्ष 2027 तक पूर्ण उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और भारत में विद्युत स्टील की बढ़ती मांग को पूरा करने की योजना बना रहा है. फुजिसावा ने संकेत दिए कि भविष्य में और भी नए संयुक्त उपक्रमों की संभावना को नकारा नहीं जा सकता.

## फिजिक्सवाला आईपीओ जल्द 3,820 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी

# कारोबार विस्तार और टेक्नोलॉजी पर है अलख का जोर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला जल्द ही शेयर बाजार में कदम रखने जा रही है. कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को आईपीओ से जुड़े सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं और उसे जुलाई में मंजूरी भी मिल चुकी है. कंपनी इस आईपीओ के जरिए 3,820 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है. इस पब्लिक ऑफर में दो तरह के शेयर होंगे—3,100 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 720 करोड़ रुपये के शेयर प्रमोटर बेचेंगे. प्रमोटर अलख पांडे और प्रतीक माहेश्वरी (दस्तावेज़ों में प्रतीक बूब) 360-360 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे. वर्तमान में दोनों की



कंपनी में 40.35% हिस्सेदारी है. आईपीओ से मिलने वाला बड़ा हिस्सा कंपनी अपने फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करेगी. करीब 460.5 करोड़ रुपये नए ऑफलाइन और हाइब्रिड सेंटर खोलने में लगाए जाएंगे. मौजूदा सेंटरों के किराए के लिए 548.3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. सहायक कंपनी जाइलम लर्निंग में 47.2 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे, जिससे नए सेंटर, किराए और हॉस्टल सुविधाएं मिलेंगी. वहीं, उत्कर्ष क्लासेज एंड एडुटेक के किराए के लिए 33.7 करोड़ रुपये खर्च होंगे और उसमें हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 26.5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे.

टेक्नोलॉजी और ब्रांड प्रमोशन पर भी कंपनी विशेष ध्यान दे रही है. क्लाउड और सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 200.1 करोड़ रुपये और प्रमोशन व मार्केटिंग पर 710 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. फिजिक्सवाला की शुरुआत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से हुई थी और इसका मुख्यालय नोएडा में है. यह कंपनी प्रतियोगी परीक्षाओं और अपस्किलिंग प्रोग्राम्स के लिए टेस्ट-प्रेप कोर्स कराती है. इसका यूट्यूब चैनल फिजिक्सवाला अलख पांडे 9 सितंबर 2025 तक 1.38 करोड़ सब्सक्राइबर्स तक पहुंच चुका है. पूरे यूट्यूब नेटवर्क पर इसके 9.88 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं, जो एफवाई23 से एफवाई 25 के बीच 41.8% की वृद्धि दर्शाते हैं. मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का राजस्व 49% बढ़कर 28.87 अरब रुपये तक पहुंच गया.

### स्टॉक मार्केट में हुई अमंता हेल्थकेयर की मजबूत एंट्री

**नई दिल्ली।** जेनरिक दवाएं और मेडिकल डिवाइसेज बनाने वाली कंपनी अमंता हेल्थकेयर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 126 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 7 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 134 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 135 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में और तेजी आ गई. सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 138 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 9.25 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है. अमंता हेल्थकेयर का 126 करोड़ रुपये का आईपीओ 1 से 3 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 82.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 35.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

# एशिया कप टी20 में सिर्फ दो टीमों के खिलाफ हारा है भारत, 80% मैच जीते

एजेंसियां। दुबई

एशिया कप 2025 की तैयारियों ने क्रिकेट फैंस का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया है. टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार को हो चुका है और इसका फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा. इस बार एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसकी सबसे बड़ी वजह अगले साल होने वाला आईसीसी टी20 विश्व कप है. यही परंपरा एशिया कप में रही है कि अगले बड़े आईसीसी टूर्नामेंट के मुताबिक इसका फॉर्मेट तय किया जाता है. भारत का रिकॉर्ड इस टूर्नामेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है. एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण होगा. पहला संस्करण 2016 में खेला गया था, जब महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने खिताब अपने नाम किया. इसके बाद 2022 में यह टूर्नामेंट दूसरी बार टी20 फॉर्मेट में खेला गया था, जिसे श्रीलंका ने जीता. भारत अब तक एशिया कप टी20 में कुल 10 मैच खेल चुका है, जिनमें से 8 में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की है. दो मुकाबलों में उसे हार झेलनी पड़ी है और ये दोनों हार 2022 में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ आई थीं. इनके खिलाफ भारत एशिया कप टी20 में खेल चुका. एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें खेल रही हैं.

इनमें से अन्य छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में एशिया कप टी20 में खेल चुका है. भारत ने बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, हॉन्गकॉन्ग और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ मैदान संभाला है. ओमान के खिलाफ भारत पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरेगा. भारत ने एशिया कप टी20 के अब तक खेले गए मैचों में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मुकाबले जीते हैं. पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन मैच खेले हैं, जिनमें दो में जीत मिली जबकि एक में हार झेलनी पड़ी. अफगानिस्तान के खिलाफ भारत ने एक मैच खेला और उसे भी जीता. हॉन्गकॉन्ग और यूएई के खिलाफ खेले गए एक-एक मैच में भी भारत विजयी रहा. श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया ने दो मुकाबले खेले हैं, जिनमें से एक जीता और एक हारा.



भारत का एशिया कप 2025 के सात अन्य देशों के खिलाफ T20 रिकॉर्ड

| खिलाफ | मैच | जीते | हारे | टाई | बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रीलंका | 32 | 21 | 9 | 1 | 1 |
| बांग्लादेश | 17 | 16 | 1 | 0 | 0 |
| पाकिस्तान | 13 | 9 | 3 | 1 | 0 |
| अफगानिस्तान | 9 | 7 | 0 | 1 | 1 |
| हांगकांग | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| यूएई | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| कुल मिलाकर | 73 | 55 | 13 | 3 | 2 |

## भारत का शेड्यूल और हाईवोल्टेज मुकाबला

भारत का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेला जाएगा. क्रिकेट फैंस की सबसे बड़ी उत्सुकता भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर है, जो 14 सितंबर को दुबई में होगा. दोनों टीमें 2024 टी20 विश्व कप के बाद पहली बार इस प्रारूप में आमने-सामने आएंगी. वनडे प्रारूप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत इस साल चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी, जिसे टीम इंडिया ने जीता था.

## एशिया कप का खिताबी सफर

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी. शुरूआती वर्षों से लेकर 2014 तक यह टूर्नामेंट केवल वनडे प्रारूप में खेला जाता रहा. पहली बार 2016 में इसे टी20 फॉर्मेट में खेला गया, जिसे भारत ने जीता. फिर 2022 में श्रीलंका ने दूसरी बार टी20 फॉर्मेट में आयोजित टूर्नामेंट अपने नाम किया. 2018 और 2023 में यह वनडे प्रारूप में खेला गया था. भारत एशिया कप में सबसे सफल टीम रही है. वनडे और टी20 दोनों फॉर्मेट को मिलाकर भारत ने कुल आठ बार खिताब जीता है. श्रीलंका छह बार चैंपियन रहा है, जबकि पाकिस्तान ने दो बार ट्रॉफी अपने नाम की है.

## टी20 में भारत का बाकी टीमों के खिलाफ रिकॉर्ड

अगर एशिया कप के अलावा समग्र टी20 अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड देखा जाए, तो भारतीय टीम का दबदबा साफ दिखता है. भारत ने इन सात टीमों (पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ओमान, हॉन्गकॉन्द और यूएई) के खिलाफ कुल 73 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं. इनमें से 55 में भारत विजयी रहा, 13 में उसे हार झेलनी पड़ी, जबकि दो मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला.

# भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उत्साह कम, अब तक नहीं बिकीं टिकटें

एजेंसियां। दुबई





एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला महामुकाबला हमेशा की तरह सुर्खियों में है, लेकिन इस बार एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की टिकटें अब तक हाउसफुल नहीं हुई हैं. यूं तो क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मैच केवल खेल नहीं बल्कि भावनाओं का टकराव होता है. यही वजह है कि हर बार भारत-पाकिस्तान मुकाबले की टिकटें कुछ ही घंटों में बिक जाती हैं. लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी अलग है. अब सवाल उठ रहा है कि आखिर क्यों क्रिकेट जगत का सबसे बड़ा मुकाबला अब तक दर्शकों को स्टेडियम तक लाने में नाकाम रहा है.

**पैकेज सिस्टम से टूटा प्रशंसकों का उत्साह :** आयोजकों ने इस बार टिकटिंग सिस्टम में बड़ा बदलाव किया है. पहले जहां फैंस सीधे भारत-पाकिस्तान मैच की टिकट खरीद सकते थे, इस बार उन्हें पूरा ग्रुप-स्टेज पैकेज लेना पड़ रहा है. इसका मतलब है कि भारत-पाकिस्तान मैच देखने के लिए फैंस को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी होंगी. यह व्यवस्था क्रिकेट प्रेमियों को रास नहीं आई. बहुत से प्रशंसकों का कहना है कि वे सिर्फ भारत-पाकिस्तान का मैच देखना चाहते हैं, बाकी मैचों में उनकी दिलचस्पी नहीं है.

हैरानी की बात यह है कि आयोजकों ने यह पैकेज केवल ग्रुप-स्टेज मैचों तक सीमित रखा है. यानी सुपर-4 और फाइनल मुकाबले इसमें शामिल ही नहीं हैं. प्रशंसकों का मानना है कि अगर नॉकआउट मुकाबलों को भी पैकेज में शामिल किया गया होता तो इस खर्च का औचित्य था, लेकिन अभी यह सिस्टम अतिरिक्त बोझ लग रहा है.

**टिकटों की ऊंची कीमत ने बढ़ाई मुश्किल :** टिकटों की कीमत भी इस बार चर्चा का विषय है. सामान्य एंट्री टिकट एईडी 440 (करीब 10,565 रुपए) से शुरू होती है. वहीं, प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी पैकेज एईडी 60,500 (करीब 14.5 लाख रुपए) तक पहुंच रहा है. यही नहीं, ट्रैवल एजेंसियों ने इस मैच के लिए खास पैकेज बनाए हैं, जिनमें टिकट और होटल शामिल हैं. इन पैकेज की कीमत 51,000 से 1.57 लाख तक है. इतना अधिक खर्च हर क्रिकेटप्रेमी के लिए संभव नहीं है. यही वजह है कि कई लोग सोशल मीडिया पर मांग कर रहे हैं कि आयोजक जल्द से जल्द सिंगल मैच के टिकट जारी करें.

**होटल और किराया भी महंगा :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट और होटलों के दाम भी आसमान छू रहे हैं. दुबई पहुंचने की लागत भी फैंस की जेब पर भारी पड़ रही है. 13 और 14 सितंबर के आसपास की फ्लाइट्स की मांग इतनी बढ़ चुकी है कि किराए दोगुने हो गए हैं. मुंबई से दुबई फ्लाइट का किराया 11,000 से शुरू हो रहा है. दिल्ली से दुबई टिकट लगभग 15,000 तक पहुंच चुका है. फ्लाइट की वापसी की टिकट की कीमत मैच नजदीक आते-आते 25,000 से 40,000 तक पहुंच सकती है. होटल्स की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है. बजट होटल 5,000 प्रति रात के हिसाब से मिल रहे हैं. 3 से 4 स्टार होटल 9,000 से 12,000 के बीच हैं. 5 स्टार लग्जरी होटल 18,000 से ऊपर तक जा रहे हैं, खासकर डाउनटाउन दुबई जैसे इलाकों में. कई ट्रैवल एजेंसियों ने होटल और मैच टिकट को मिलाकर पैकेज तैयार किए हैं, जिनकी कीमत 76,000 से 88,000 प्रति व्यक्ति तक है (3 से 4 दिनों के लिए).

### भरत अरुण ने बताया एशिया कप जीतने का मंत्र, बोले

# दो खिलाड़ी चल गए, तो चमक जाएगी सूर्या कुमार की किस्मत

एजेंसियां। दुबई



पूर्व राष्ट्रीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि अर्शदीप सिंह की लय हासिल करने और जसप्रीत बुमराह के बिना आराम किए लगातार खेलने की क्षमता भारत के एशिया कप अभियान के लिए काफी अहम होगा. अरुण ने कहा कि इंग्लैंड में अभ्यास सत्र में काफी गेंदबाजी करने के बावजूद अर्शदीप पिछले कुछ समय से प्रतिस्पर्धी मैचों में गेंदबाजी करने के मामले में पीछे हैं. उन्होंने हालांकि उत्तर क्षेत्र के लिए एक दलीप ट्रॉफी मैच खेला था. भारत बुधवार को यूएई के खिलाफ अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत करेगा.

अरुण ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं. उन्होंने इंग्लैंड में बहुत गेंदबाजी की होगी, लेकिन निश्चित रूप वह मैच अभ्यास के मामले में थोड़े पीछे है. आप चाहे अभ्यास सत्र में कितनी भी गेंदबाजी करें लय वास्तव में मैच खेलने से आती है.' भारतीय टीम के 2014 से 2021 के बीच गेंदबाजी कोच रहे अरुण ने कहा, 'यह अर्शदीप के लिए एक बड़ी चुनौती है कि वह कितनी जल्दी अपनी लय हासिल करते हैं. यह बहुत, बहुत महत्वपूर्ण होगा.'

अरुण ने बुमराह के बारे में कहा कि तीन सप्ताह में छह टी20 मैच उन्हें परेशान नहीं करने चाहिए. उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा. लेकिन मुझे लगता है कि यह उनका फैसला है. मुझे लगता है कि उन्हें सभी मैच खेलने चाहिए. मुझे नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट के प्रारूप को देखते हुए उन्हें आराम की ज़रूरत होगी.' अरुण ने आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स में हर्षित राणा का मार्गदर्शन किया है. उन्होंने इस तेज गेंदबाज की तारीफ की लेकिन कहा कि उनके लिए निरंतरता हासिल करना जरूरी होगा. उन्होंने कहा, 'हर्षित टी20 क्रिकेट में बहुत प्रभावशाली रहे हैं. वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं क्योंकि वह बहुत धीमी गेंदों के अच्छे मिश्रण से चुनौती दे सकते हैं. उनके पास यॉर्कर डालने की भी क्षमता है और वह नई गेंद को स्विंग भी करा सकते हैं.' अरुण को भरोसा है कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने वाले कुलदीप यादव एशिया कप में अपनी छाप छोड़ेंगे. उन्होंने कहा, 'कुलदीप यादव एक गेंदबाज के तौर पर बहुत बेहतर हो गए हैं। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं. यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वह इंग्लैंड में नहीं खेल पाए. मुझे हालांकि यकीन है कि उन्होंने बहुत अभ्यास किया होगा.

### कमेंट्री बॉक्स में भी होगी भारत-पाकिस्तान की 'जंग'

# सोनी ने उतारा दिग्गजों का पैनल

एजेंसियां। दुबई

एशिया कप 2025 का रोमांच सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस बार कमेंट्री बॉक्स में भी भारत और पाकिस्तान की ₹जंग₹ देखने को मिलेगी. सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने टूर्नामेंट के लिए मल्टी-लैंग्वेज कमेंट्री पैनल का ऐलान किया है जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड सहित कई देशों के पूर्व क्रिकेटर अपनी आवाज देंगे.

**इंग्लिश कमेंट्री पैनल :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने नाम इस बार इंग्लिश पैनल का हिस्सा होंगे. भारत से सुनील गावस्कर, दिनेश कार्तिक, हर्षा भोगले, रॉबिन उथप्पा और रवि शास्त्री को जगह मिली है. इनके अलावा पाकिस्तान के वसीम अकरम और अतहर अली खान, श्रीलंका के रसेल अर्नोल्ड, इंग्लैंड के नासिर हुसैन और न्यूजीलैंड के साइमन डूल भी आवाज देंगे.

**हिंदी कमेंट्री पैनल :** भारत के क्रिकेट प्रेमियों के लिए हिंदी पैनल हमेशा खास रहता है. इस बार वीरेंद्र सहवाग, अजय जडेजा, इरफान पठान, विवेक राजदान, अभिषेक नायर और सबा करीम जैसे बड़े नाम दर्शकों को मैच का आंखों देखा हाल सुनाएंगे. इनके साथ गौरव कपूर, समीर कोचर और आतिश ठुकराल भी अपनी ऊर्जा से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे.



## रीजनल पैनल - तमिल और तेलुगू

सोनी स्पोर्ट्स ने दक्षिण भारतीय दर्शकों को भी पूरा ध्यान में रखा है. तमिल पैनल में पूर्व भारतीय कोच भरत अरुण, डब्ल्यूवी रमन, हेमांग बदानी, अरुण वी और विद्युत शिवरामकृष्णन को जगह दी गई है. वहीं तेलुगू पैनल में वेंकटपति राजू, रवि तेजा, राकेश देवा और संदीप बी जैसे नाम शामिल किए गए हैं.

## खिलाड़ियों का रिएक्शन

इस मौके पर सुनील गावस्कर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया का एशिया कप सफर दिलचस्प रहने वाला है. वहीं रवि शास्त्री ने टीम को अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण बताते हुए भरोसा जताया कि यह संयोजन आने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के लिए अच्छा संकेत है.

## कब और कहां से होगी शुरुआत

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से यूएई में होगी. इस बार 8 टीमें भाग ले रही हैं - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग. भारत पहला मैच 10 सितंबर को मेजबान यूएई के खिलाफ खेलेगा.



# पीकेएल-12 : अयान के 21 अंकों से पटना पाइरेट्स जीता

एजेंसियां। विशाखापट्टनम

तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने आखिरकार अपने हार के सिलसिले को तोड़ते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन-12 में पहली जीत दर्ज की. सोमवार को खेले गए 22वें मुकाबले में पटना ने अयान लोचन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुनेरी पल्टन को 48-37 से मात दी.

लगातार तीन हार के बाद पटना ने जीत का स्वाद चखा, वहीं लगातार तीन जीत के बाद पल्टन को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी. मैच में पटना के लिए अयान लोचन 21 अंकों के साथ हीरो बने, जबकि कप्तान समेत कोई अन्य खिलाड़ी पल्टन के लिए खास असर नहीं दिखा सका. स्टार रेडर असलम इनामदार तो खासतौर पर फ्लॉप रहे, जिन्हें अयान ने अकेले छह बार आउट किया.

मैच की शुरुआत से ही पटना ने दबदबा बना लिया था. शुरुआती पांच मिनट में ही अयान ने लगातार अंक जुटाकर पल्टन को आलआउट किया और स्कोर 10-3 कर दिया. हाफटाइम तक पटना 27-10 से आगे था. दूसरे हाफ में भी अयान के सुपर रेड्स और डिफेंस की मजबूती ने बढ़त और मजबूत कर दी.

### शिवम को गेंदबाज के रूप में स्थापित करना चाहते हैं मोर्कल, बोले

# उनका हर मैच में चार ओवर डालना जरूरी

एजेंसियां। दुबई

भारतीय टीम के ऑलराउंडर शिवम दुबे अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन पर डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाने का जिम्मा रहता है. लेकिन टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल उन्हें बैकअप मध्यम तेज गेंदबाज के तौर पर स्थापित होते देखना चाहते हैं. शिवम एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा हैं. उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभाई थी और अब टीम को इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी. ऑलराउंडरों को दोनों कौशल पर काम करते देखना चाहते हैं मोर्कल भारत के पास शिवम और हार्दिक पांड्या के रूप में दो अच्छे ऑलराउंडर हैं और इसी भूमिका को देखते हुए मोर्कल चाहते हैं कि शिवम एक गेंदबाज के तौर पर भी उभरे. मोर्कल का कहना है कि उनके लिए यह जरूरी है कि शिवम जैसा ऑलराउंडर भी टी20 में अपने स्पैल के चार ओवर पूरे डाले. भारतीय टीम ने सोमवार को दुबई के आईसीसी अकादमी पर अभ्यास किया. अभ्यास सत्र से इतर मोर्कल ने कहा, मेरे लिए यह देखना जरूरी है कि शिवम जैसा लड़का चार ओवर डाल सके. मैं हमेशा ऑलराउंडरों से कहता हूं कि दोनों कौशल पर काम करें. कई बार लड़के अभ्यास में थोड़े शरारती हो जाते हैं और एक पर ही फोकस करते हैं. यहां इस माहौल में हम कोई गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते. मोर्कल का मानना है कि कई मौकों पर गेंदबाजी में छठा या सातवां विकल्प जरूरी हो जाता है. उन्होंने कहा, ऐसे दिन में हमें ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो हमारे लिए वह काम कर सके. हालात उसे अधिक रास आ सकते हैं. ऐसे में उसे उस दिन अच्छे प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी. जब कप्तान सूर्यकुमार यादव उसे यह जिम्मेदारी सौंपे तो उसे तैयार रहना होगा.



## मोर्कल बोले- अभी पिच पर काफी घास

चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत चार विशेषज्ञ स्पिनरों कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा के साथ उतरा था, लेकिन वह मार्च में थी और मोर्कल ने कहा कि सितंबर में दुबई की विकेट पर घास अधिक होती है और यह तरोताजा रहती है. उन्होंने कहा, हमें विकेट को देखना होगा. चैंपियंस ट्रॉफी जिस समय खेली गई थी, उस समय इस पिच पर काफी क्रिकेट खेला जा चुका था और यह पुरानी लग रही थी. हम पिच को देखेंगे और मुझे लगता है कि इस पर काफी घास है. हमें पता चल जाएगा कि टीम संयोजन और रणनीति क्या होनी चाहिए.

### क्रिकेट | सुनील गावस्कर ने लगाया सूर्यकुमार की कप्तानी पर बड़ा दांव

# एशिया कप से तय होगा टी20 विश्व कप का भविष्य!

एजेंसियां। नयी दिल्ली



एशिया कप 2025 की शुरुआत मंगलवार से हो गई है. टीम इंडिया को इस बार खिताब जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव पर भरोसा जताया है. सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर गावस्कर ने कहा, सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में टीम इंडिया एशिया कप के मंच पर कदम रख रही है. हम दृढ़ता और अनुभव के मिश्रण को टीम का नेतृत्व करते हुए देख रहे हैं. अपनी अनुभवी बल्लेबाजी और कप्तानी के जरिए सूर्या टीम के अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं.

उन्होंने कहा, यह विविधतापूर्ण, बहुमुखी और जुझारू टीम भारतीय क्रिकेट के भविष्य का प्रतीक है. एशिया कप उन्हें न सिर्फ भारत के वर्चस्व को बनाए रखने का, बल्कि टी20 क्रिकेट में भारतीय प्रभुत्व के एक नए युग की नींव रखने का भी एक मंच प्रदान करता है. एशिया कप 9-28 सितंबर के बीच खेला जाना है. इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं. भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को ग्रुप-ए में रखा गया है.

बता दें कि यह टूर्नामेंट टी20 विश्व कप से पहले ड्रेस रिहर्सल के तौर पर है. अगर यहां सूर्यकुमार यादव जीतते हैं तो उनका भविष्य टी20 कप्तान के रूप में काफी मजबूत हो जाएगा. हारने की स्थिति में संभव है कि बीसीसीआई बदलाव करे, जिसकी काफी लंबे अर्से से मीडिया में खबरें आ रही हैं. शुभमन गिल उनकी जगह लेने के सबसे बड़े दावेदार हैं. वहीं, ग्रुप-बी में अफगानिस्तान, हांगकांग, बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें शामिल हैं. भारतीय टीम 10 सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम इंडिया का पहला मैच यूएई के खिलाफ होगा. इसके बाद 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाना है. वहीं, 19 सितंबर को टीम इंडिया का सामना ओमान से होगा.

एशिया कप में भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में है. इस टीम में शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी हैं. एशिया कप 2025 में सुपर-4 के मुकाबले 20 सितंबर से खेले जाएंगे. 28 सितंबर को खिताबी मैच खेला जाएगा. संभावना है कि इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के बीच तीन बार भिड़ंत देखने को मिल सकती है.

# रोहित शर्मा आधी रात को पहुंचे अस्पताल वीडियो वायरल होने से बढ़ गयी है टेंशन

एजेंसियां। मुंबई





आज से क्रिकेट एशिया कप का आयोजन शुरू हो रहा है, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम का पहला मैच बुधवार को यूएई के साथ है. रोहित शर्मा जो टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं, उन्हें 8 सितंबर को देर रात कोकिलाबेन अस्पताल में देखा गया. वह सीधा अंदर चले गए, उन्होंने चप्पल पहनी हुई थी. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, फैंस भी चिंतित हैं कि आखिर क्या बात है. रोहित शर्मा हाल ही में बेंगलुरु से लौटे हैं, जहां उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया. वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अक्टूबर में वापसी करेंगे, जब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज खेलेगी. रोहित टी20 के बाद इस साल टेस्ट से भी संन्यास ले चुके हैं, वह अब सिर्फ वनडे में खेलते हुए नजर आएंगे.

**अस्पताल क्यों गए थे रोहित शर्मा :** रोहित का वीडियो वायरल होने के बाद से फैंस चिंतित है, सोशल मीडिया पर भी उनका वीडियो वायरल हो रहा है और उनका नाम ट्रेंड कर रहा है. लोग पूछ रहे हैं कि आखिर हुआ क्या है? जो रोहित अस्पताल गए. अस्पताल में जाते हुए रोहित ने सफ़ेद रंग की टीशर्ट, काले रंग का पजामा और वह चपल्लों में हैं. हालांकि उनके अस्पताल जाने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन वीडियो देखने से ऐसा लग रहा है कि कोई बड़ी परेशानी नहीं है. जब अस्पताल के अंदर जाने से पहले वहां मौजूद फोटोग्राफर उनसे रुकने के लिए कहते हैं तो वह थोड़ा रुक भी जाते हैं. वह जल्दबाजी में भी नहीं दिख रहे, बड़े आराम से अंदर जा रहे हैं. इसको देखकर लग रहा है कि चिंता करने की बात नहीं है.

## ब्रीफ न्यूज

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के दौरान किया गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि ढाब थाना कांड संख्या-07/25 (दिनांक 08/09/2025) के पोक्सो एक्ट एवं आईटी एक्ट से संबंधित मुख्य आरोपी पवन कुमार (उम्र 26 वर्ष, पिता- सुखन राम उर्फ सुखदेव राम, निवासी- ढाब, कोडरमा) चोरी-छुपे अपने घर आया हुआ है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बमबम कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पवन कुमार पर धारा 64(1)/62/329(4) बीएनएस, 8/12 पोक्सो एक्ट एवं 67(ए) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है.

### वज्रपात से दो महिलाएं घायल स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में हुए वज्रपात की घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं. कंझियाडीह की 25 वर्षीय शांति देवी जानवर चराने खेतों में गई थीं, जहां अचानक आई बारिश और वज्रपात से मामूली चोटें आईं. वहीं, पेठियाबागी की 24 वर्षीय श्वेता सिंह अपने घर के बरामदे में काम करते समय वज्रपात की चपेट में आ गईं और घायल हो गईं. दोनों महिलाओं को ग्रामीणों और परिजनों की मदद से जयनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. चिकित्सकों ने बताया कि दोनों महिलाएं खतरे से बाहर हैं. यह घटनाएं अचानक हुईं और स्थानीय लोगों में चिंता का विषय बनी हैं.

### लघु सिंचाई विभाग में अनियमितता का आरोप

**गोड्डा।** लघु सिंचाई प्रमंडल गोड्डा द्वारा संचालित योजनाओं में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए समाजसेवी सौरभ पराशर उर्फ बच्चू झा ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर कार्यालय परिसर में विरोध दर्ज कराया. उन्होंने कहा कि कार्य आवंटन प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही है, जिससे करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका है. कई बार निविदाएं बिना कारण रद्द कर दी जाती है, जबकि संवेदकों से पांच हजार से दस हजार रुपये तक का नॉन-रिफंडेबल बी क्यू चार्ज लिया जाता है. इसके अलावा कई मामलों में एल वन बोलीदाता को छोड़कर एल थ्री या एल फॉर को कार्य आवंटित किया जाता है, जो नियमों के विरुद्ध है और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाता है. बच्चू झा ने यह भी कहा कि डीएमएफटी फंड से ली गई योजनाओं में भी भ्रष्टाचार हुआ है और उनके आवंटन में आवश्यक नियमों का पालन नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि इसी भ्रष्टाचार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया गया और यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती.

### देव ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में मनाया गया पोषण सप्ताह

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के ओरमो स्थित देव इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस और देव इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी साइंस में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार देव, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कुमारी हितुमी और सेक्रेट्री डॉ. सुषमा कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थे. संस्थान में सात दिन तक विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों के बीच एग पेंटिंग, क्ले आर्ट, पोस्टर प्रेजेंटेशन, सीड आर्ट और रंगोली प्रतियोगिता कराई गई. विद्यार्थियों ने पोषक आहार पर प्रस्तुतियां दीं और प्रयोगशाला में आयरन रिच तथा प्रोटीन रिच आहार भी तैयार किए. आयोजन के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने इट राइट फॉर अ बैटर लाईफ थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया. इस दौरान एएनएम, जीएनएम और डिप्लोमा इन फार्मेसी के विद्यार्थियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों के बीच आहार के महत्व की जानकारी साझा की.

### उप राष्ट्रपति को महिला मोर्चा ने दी बधाई

**बोकारो।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की जीत पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. सीमा सिंह ने उन्हें बधाई दी. सीमा ने कहा कि संख्या बल के हिसाब से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित थी और चुनाव सिर्फ औपचारिकता था. उन्होंने विश्वास जताया कि उप राष्ट्रपति के नेतृत्व में देश नई ऊँचाइयों को छुएगा.

---

### अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव में लगाया रोजगार मेला, 200 से अधिक युवाओं ने लिया भाग

# स्थानीय युवाओं को मिलेगा नौकरी का सुनहरा अवसर

- चयनित उम्मीदवारों को पीएफ, मेडिकल, आवास व इंसेंटिव की सुविधा
- थाना प्रभारी ने किया मेले का उद्घाटन, विभिन्न पदों के लिए शॉर्ट लिस्टिंग की प्रक्रिया जारी



**शुभम संदेश।(बड़कागांव) हजारीबाग**

अदाणी फाउंडेशन की ओर से सोमवार को बड़कागांव में रोजगार मेले का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने किया. उन्होंने मौके पर उपस्थित युवाओं से कहा कि वे रोजगार के अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अदाणी के हर प्रोजेक्ट में रोजगार की संभावनाएं मौजूद हैं और स्थानीय युवाओं को इनसे जुड़कर अपने भविष्य को मजबूत करना चाहिए.

मेले में गोंदुलपारा खनन परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने रैयतों को आरएनआर पॉलिसी और एलए एंड आरआर एक्ट 2013 के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी. उन्होंने जानकारी दी कि अदाणी फाउंडेशन जल्द ही इलाके में स्कूल, हॉस्पिटल और स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सकेगी.

**200 से अधिक युवाओं के सीवी जमा हुए :** रोजगार मेले में 200 से अधिक सीवी जमा हुए, जिनकी शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया जारी है. अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को उनकी योग्यता, अनुभव और कौशल के आधार पर नौकरी के ऑफर दिए जाएंगे. रोजगार मेले के बाद भी एक सप्ताह तक सीवी ड्रॉप बॉक्स सक्रिय रहेगा, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपने दस्तावेज जमा कर सकते हैं. प्राथमिकता विस्थापित परिवारों, परियोजना प्रभावित और आसपास के ग्रामीण परिवारों को दी जाएगी. रोजगार के ये अवसर अहमदाबाद के मुंद्रा, मध्यप्रदेश के सिंगरौली, पटना, आंध्रप्रदेश और पुणे समेत अन्य जगहों के लिए है.

**किन पदों पर होनी है नियुक्ति :** युवाओं के लिए जो मौके उपलब्ध हैं, उनमें कंटेनर मोबिलिटी ऑपरेटर, एचएमवी ड्राइवर और सोलर ऑपरेटर के पद शामिल हैं. चयनित उम्मीदवारों को हर महीने वेतन के साथ कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), वार्षिक मेडिकल जांच, सस्ते दर पर भोजन, आवास तथा इंसेंटिव जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. मेले में मौजूद युवाओं और ग्रामीणों को अदाणी फाउंडेशन के अन्य प्रोजेक्ट्स में चल रहे सीएसआर कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई. इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर सुधार से जुड़े कार्य प्रमुख रहे.

ज्ञात हो कि अदाणी फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से बड़कागांव इलाके में सीएसआर गतिविधियों को निरंतर चला रहा है. इसके तहत फ्री एम्बुलेंस सेवा, टीबी मरीजों को पोषण किट, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, शैक्षणिक सहयोग और छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं, जिनसे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं.

कार्यक्रम में सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, डीजीएम राजेश वर्मा, सीएसआर विभाग के प्रभारी मोहित गुप्ता, सेवानिवृत डीएसपी जीतेन्द्र दुबे, डिप्टी मैनेजर संतोष तिवारी, एचआर लीड लक्ष्मीकांत, एडमिन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

---

# रामगढ़ जिला आपूर्ति कार्यालय के कार्यों की उपायुक्त ने की गहन समीक्षा

## आधार और मोबाइल सीडिंग जल्द पूर्ण करने का निर्देश

- पीवीटीजी डाकिया योजना पर विशेष जोर



**शुभम संदेश ।रामगढ़**

मंगलवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट प्राप्त की और विभागीय योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की.

बैठक की शुरुआत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. इसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से क्रमवार आधार और मोबाइल नंबर सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजना, खाद्यान्न वितरण तथा गोदामों की स्थिति की रिपोर्ट मांगी.

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राशन कार्ड धारकों का आधार और मोबाइल सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लाभुकों को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके. उन्होंने पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत लाभुकों को समय पर खाद्यान्न पहुंचाने के लिए सख्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा.

बैठक में उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को वास्तविक रूप से लाभ मिल रहा है या नहीं. उन्होंने हरा राशन कार्ड और मुख्यमंत्री दाल-भात योजना की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा.

उपायुक्त ने कहा कि खाद्यान्न की रख-रखाव व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए, ताकि गुणवत्तापूर्ण वितरण सुनिश्चित हो सके. उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गोदामों की नियमित जांच की जाए.

बैठक में अपर समाहर्ता, अंचल अधिकारी चितरपुर, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने अंत में सभी अधिकारियों से समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की.

### जनता दरबार में 45 मामलों की सुनवाई

**बोकारो (शुभम संदेश)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं की क्रमवार सुनवाई की. जनता दरबार में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी थी. इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 45 से अधिक लोगों की शिकायतों पर सुनवाई की गई. उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. वहीं, कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास/नावाडीह, बीएसएल, जिला समाज कल्याण विभाग, वन प्रमंडल और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. इस अवसर पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

---

## ग्रामीणों ने की सरकारी शराब दुकान का स्थल बदलने की मांग

**शुभम संदेश। गांडेय(गिरिडीह)**

गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन देकर सरकारी शराब दुकान का स्थान बदलने की मांग की है. ग्रामीणों ने आवेदन की प्रतिलिपि उत्पाद अभियुक्त गिरिडीह, गांडेय विधायक, गांडेय बीडीओ और गांडेय सीओ को भी सौंप दी है. आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि गिरिडीह-टुंडी मुख्य सड़क पर ताराटांड़ पंचायत भवन के समीप एक होटल के बगल में सरकारी शराब दुकान खुलने की सूचना प्राप्त हुई है. ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह शराब दुकान खुलने वाली है, वह मुख्य सड़क से महज बीस फीट की दूरी पर स्थित है. इस दुकान से लगभग 100 मीटर की दूरी पर ताराटांड़ पंचायत सचिवालय, 50 मीटर की दूरी पर आंगनबाड़ी केंद्र एवं बच्चों का बेसिक स्कूल और 250 मीटर की दूरी पर प्लस टू उच्च विद्यालय ताराटांड़ स्थित है. ग्रामीणों का कहना है कि यहां सरकारी शराब की दुकान खुल जाने से बच्चों और महिलाओं के लिए समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं. सरकारी शराब दुकान से होकर आंगनबाड़ी केंद्र, बेसिक स्कूल और प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आवागमन लगेगा, जबकि पंचायत भवन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का भी नियमित आना-जाना होता है. इससे महिलाओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. ग्रामीणों ने सरकारी शराब दुकान का स्थान बदलने के लिए उपायुक्त से जांच और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है. आवेदन में पंचायत की मुखिया और पंसस सहित अभिमन्यु राणा, मो. मुख्तार, रीना देवी, यशोदा देवी, कामती देवी, रीता देवी, गीतामूनि मुर्मू, कुंती देवी, ललिता देवी, कौशल्या देवी, पुनम देवी, सोनिया देवी, किरण हांसदा, बुधनी देवी, मुन्नी मुर्मू, शकुनी देवी समेत अन्य महिलाओं के हस्ताक्षर अंकित हैं.

## बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से डीसी ने मांगा स्पष्टीकरण

**शुभम संदेश। बोकारो**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने डीएमएफटी के तहत कार्यरत विभिन्न एजेंसियों - पीएमयू टीम के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में विभिन्न एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता और वरीय पदाधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और कहा कि ऐसा नहीं चलेगा. बैठक में संबंधित एजेंसियों के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता/प्रतिनिधि उपस्थित थे. उपायुक्त ने बैठक में अनुपस्थित कार्यपालक अभियंता तेनुघाट डैम, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता आरईओ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी तेनुघाट, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विशेष प्रमंडल, कार्यपालक दंडाधिकारी फुसरो नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास, डीपीएम जेएसएलपीएस आदि से अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण मांगा. उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया और कहा कि जब तक संतोषजनक जवाब नहीं आता, सभी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रहेगा. बैठक में उपायुक्त ने यह भी कहा कि वह कभी भी किसी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सकते हैं. सभी पदाधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालय की व्यवस्था दुरुस्त रखें. सभी प्रकार की पंजी को अद्यतन रखें. यदि कोई पंजी एक सप्ताह से अधिक समय तक अद्यतन नहीं पाई जाती है, तो संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## मरकच्चो में विशेष आधार कैंप का हुआ समापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** उपायुक्त कोडरमा के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की पहल पर पंचायत भवन पपलो में 30 अगस्त से 9 सितंबर 2025 तक विशेष आधार कैंप का आयोजन किया गया. इस कैंप का उद्देश्य पीभीटीजी वर्ग, 0-5 वर्ष के बच्चे, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभुक महिलाएं, पोषाहार एवं टीएचआर प्राप्त करने वाली महिलाएं, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार बनवाना था. यह विशेष कार्य प्रखंड स्तरीय आधार एनरोलमेंट ऑपरेटर राजेश कुमार द्वारा संपन्न किया गया. कुल 113 आधार कार्ड बनाए गए, जिनमें 19 नए आधार और 94 अद्यतन किए गए आधार कार्ड शामिल हैं. इस पहल से स्थानीय महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को आधार से जुड़ी सुविधाओं का सीधा लाभ मिला.

---

**जज्बा** | सरदारडीह के युवा किसान अजय साव की मेहनत का असर

# 9 एकड़ बंजर भूमि को उपजाऊ बना मिसाल पेश की

**शुभम संदेश ।चंदवारा (कोडरमा)**



मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, यह कहावत सरदारडीह गांव के 35 वर्षीय युवा किसान अजय साव के जीवन में साकार हुई है. अजय साव ने चंदवारा प्रखंड के आरागारो पंचायत में स्थित अपनी 9 एकड़ बंजर भूमि को अथक प्रयास और लगन से उपजाऊ भूमि में बदलकर एक मिसाल कायम की है. जहां आजकल खेती को घाटे का सौदा मानकर लोग खेती छोड़ रहे हैं, वहीं अजय साव ने पत्थरों से भरी इस जमीन को तोड़-फोड़ कर और मिट्टी भराई कर उर्वर भूमि में तब्दील किया. इस जमीन पर अब वे धान, गेहूं, पपीता, आलू, चना, टमाटर, मिर्च, नेनुआ और बकरेला जैसी सब्जियां उगाते हैं. जैविक एवं वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अजय साव प्रति माह 20 से 30 हजार रुपये की आय कर रहे हैं. वे कम खाद के उपयोग के साथ खेती करते हैं, जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है. खेती में उनके पिता का सहयोग और छोटे भाई की सब्जी मंडी तक त्वरित पहुंचाने वाली सेवा भी उनके प्रयासों को सफल बनाने में सहायक है.

जिला एवं प्रखंड प्रशासन ने अजय साव को उनके उत्कृष्ट काम के लिए सम्मानित किया है. वे कृषि विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और इजराइल, कटक, भोपाल, राँची जैसे कई स्थानों पर खेती के आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं. प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में लागू कर वे नई तकनीकों के माध्यम से खेती कर रहे हैं, जो पूरे प्रखंड के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी है.

अजय साव की मेहनत और लगन से यह साबित होता है कि कठिन परिस्थिति में भी सही दिशा और समर्पण से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है. उनका उदाहरण अन्य किसानों के लिए भी प्रोत्साहन का स्रोत है कि वे भी नवाचार और परिश्रम से कृषि को लाभकारी व्यवसाय बना सकते हैं.

### डीसी ने जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनीं

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं एवं आवेदन लेकर पहुंचे. उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया. जनता दरबार में मुख्यतः पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, पंजी-2 में हेरफेर, रोजगार तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं. उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि वे सभी आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें और जनता को राहत दें. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान करना है.

---

## एक नजर

### डीएवी में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीएवी सेक्टर-4 में शिक्षा और शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक सुगम, बेहतर, ग्रहणशील एवं उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सीबीएसई, सीओई, पटना के तत्वावधान में विद्यालय के शिक्षक-वृंद हेतु एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का विषय था एजुकेटिंग पैरेंट्स अबाउट एजुकेशन. रिसोर्स पर्सन के रूप में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की वाइस प्रिंसिपल राखी बनर्जी एवं एमजीएम स्कूल की शिक्षिका पूजा सिंह उपस्थित रहीं. उनकी सहभागिता ने कार्यशाला को अत्यंत रोचक, सार्थक और प्रभावशाली बनाया. उन्होंने अपनी प्रस्तुति कौशल और इंटरैक्टिव शैली से शिक्षकों को अनेक व्यवहारिक, मूल्यवान, कार्यात्मक और गुणात्मक जानकारी, सुझाव, विधियां एवं पद्धतियां प्रदान कीं. इससे शिक्षक अपने शिक्षण की गुणवत्ता को और विकसित एवं परिष्कृत करने में सफल होंगे. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस. के. मिश्रा ने कहा कि अभिभावकों को शिक्षित करना और उन्हें देश में व्याप्त शिक्षण प्रणाली में आए परिवर्तनों से अवगत कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन हमारे राष्ट्र के शिक्षक-वृंद सदैव जन-जागरण के कार्य में सतत, सजग, तत्पर और क्रियाशील रहते हैं. उन्होंने रिसोर्स पर्सन राखी बनर्जी और पूजा सिंह को सफल कार्यशाला के संचालन हेतु हार्दिक बधाई दी तथा सभी सहभागी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई मौलिक पद्धतियों को अपनी कार्यशैली में अपनाएं.

### चैंबर सचिव को पत्नी शोक

**बोकारो (शुभम संदेश)।** चैंबर के सचिव एवं रोटरी क्लब चास के पूर्व सचिव मुकेश अग्रवाल की धर्मपत्नी 50 वर्षीय रितु अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया. यह दुखद समाचार सुनते ही पूरे समाज में शोक की लहर दौड़ गई. स्व. रितु अग्रवाल सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती थीं और विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाती थीं. वे रोटरी क्लब चास, मारवाड़ी महिला समिति सहित कई संगठनों से जुड़ी हुई थीं. दुखद अवसर पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने मुकेश अग्रवाल एवं उनके परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की. उन्होंने कहा कि समाज ने एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है. भाजपा नेत्री डॉ. परिंदा सिंह ने भी शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया. रितु अग्रवाल अपने पीछे पुत्र आर्यन और पुत्री अदिति सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं. उनका अंतिम संस्कार आज गर्गा घाट पर किया गया, जहां समाज, चैंबर और रोटरी क्लब के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर, सचिव श्वेता रस्तोगी, चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, सिद्धार्थ पारख, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल, श्रमिक नेता संग्राम सिंह सहित कई लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया.

### बच्चों ने सड़कों की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**कसमार (शुभम संदेश)।** पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में ईको क्लब के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वच्छता जागरुकता अभियान आयोजित किया गया. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों और समुदाय के लोगों के नेतृत्व में मंजूरा-कसमार मुख्य मार्ग पर रैली निकाली और लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया. उन्होंने मार्ग की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छ रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया. इस दौरान बताया गया कि रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता को लेकर जागरुकता पैदा करना था, ताकि लोग सावधान रहें और कम बीमार पड़ें. इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी, महाकांत झा, डॉ. अवनीश कुमार झा, धनंजय कुमार, खुर्शीद रजा, परमेश्वर बेसरा, अमित कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, मेहताब खातून, नितेश कुमार प्रजापति, अमित कुमार जायसवाल, प्रेम, सूरज समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, आसपास के दुकानदार और राहगीर मौजूद थे.

### पितृपक्ष के आरंभ से नदी घाटों पर उमड़ी भीड़

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** पितृपक्ष के आरंभ होने से नदी घाटों पर पितरों को तर्पण देने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है. दो दिन बीत जाने के बावजूद कझिया नदी पुल तट घाट और रौतारा घाट पर बड़ी संख्या में लोग तर्पण के लिए पहुंच रहे हैं. नगर परिषद द्वारा नदी घाटों की साफ-सफाई कराई गई है. पंडित की अगुवाई में लोग नदी में स्नान कर पवित्र होकर हाथ में तिल लेकर दक्षिण दिशा की ओर खड़े होकर पितरों को जल अर्पित करते हैं. इस वर्ष पितृपक्ष सात सितंबर से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलेगा. प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से अश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या तक का काल पितृपक्ष होता है. पितृपक्ष दिवंगत आत्माओं को समर्पित है. अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने, क्षमा मांगने और पितृ दोष (पूर्वजों का शाप) से मुक्ति पाने के लिए विधि-विधान के साथ जलार्पण किया जाता है. इस अवधि के दौरान श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे अनुष्ठान से दिवंगत आत्माओं को खुश किया जाता है. हिन्दू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है. इस दौरान लोग पूर्वजों को याद करते हैं और उनके लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं. पितृपक्ष में श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है. पितृपक्ष 15 दिनों का होता है, लेकिन इस बार तिथि गणना के अनुसार श्राद्ध पक्ष 14 दिन का है. प्रत्येक परिवार में मृत माता-पिता का श्राद्ध किया जाता है. भगवान विष्णु और शिव पूजा भी पितृपक्ष में की जाती है. शिव की आराधना से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है. ग्राम लुकलुकी के कुंदन ठाकुर बताते हैं कि नदी के अलावा घर पर भी तर्पण किया जाता है. जिनको अपने पूर्वजों की मृत्यु की कोई तारीख नहीं मालूम है, उन्हें महालया के दिन तर्पण करना चाहिए.

## पेज 3 की खबर

### दरिदा में अतिक्रमण हटाने...

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि अभी तक अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए न तो सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई और न ही अतिक्रमण हटाया गया है. यह विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए ठोस आश्वासन का उपर्युक्त विषयक अधिकारियों द्वारा उल्लंघन है और प्रश्न उठाने वाले सदस्य तथा सभा के विशेषाधिकार का हनन एवं सभा की अवमानना है. सरयू राय ने पत्र में लिखा कि इसके पूर्व उन्होंने पंचम विधानसभा के मानसून सत्र में 02 अगस्त 2024 को अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ.सू.-05 द्वारा यह विषय सदन में उठाया था. इसके उत्तर में सरकार ने माना था कि उक्त स्थल में अतिक्रमण हुआ है. यह भी माना गया था कि ऊंची चाहरदीवारी से घेरकर दबंगों द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों, जिनमें अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक रैयतों और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है और गैर-आबाद प्लॉट संख्या 1837, 1838, 1852, 1853 एवं 582 पर ईंट एवं सीमेंट की दीवार खड़ी कर दी गई है. धनबाद के उपायुक्त के प्रतिवेदन के अनुसार प्रसंगाधीन मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई है. पत्र में सरयू राय ने लिखा है कि तदुपरांत 07 मार्च 2025 को उन्होंने षष्ठ्म झारखण्ड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र में अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ.सू.-36 द्वारा सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया. इस पर सरकार ने उनके प्रश्न का स्वीकारात्मक उत्तर दिया और सदन को बताया कि उक्त अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जिला स्तर से अतिक्रमण वाद संख्या- 07/2024-25, 06 मार्च 2025 प्रारंभ करते हुए नोटिस निर्गत कर अतिक्रमण हटा देने की कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है. इसके बाद प्रसंगाधीन मामले में उनके गैर सरकारी संकल्प की सूचना के उत्तर में दिनांक 28अगस्त 2025 को सरकार ने उत्तर दिया कि दिनांक 08सितंबर 2025 को अतिक्रमण हटा दिया जायेगा. इसके लिए अंचल कार्यालय, बाघमारा के पत्रांक 1158, दिनांक 22अगस्त 2025 द्वारा भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु दिनांक 08सितंबर 2025 की तिथि निर्धारित कर दी गई है और इसके लिए मजिस्टेट तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद से अनुरोध किया गया है. सरयू राय के अनुसार, 08 सितंबर 2025 को प्रश्नगत भूमि से अतिक्रमण मुक्त करते हुए यह प्रतिवेदन अंतिम रूप से समर्पित कर दिया जाएगा परंतु 08 सितंबर 2025 को अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई अंचल अधिकारी, बाघमारा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद तथा धनबाद पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की गई. सरयू राय ने आरोप लगाया कि इस मामले में धनबाद प्रशासन की आरोपी अतिक्रमणकारी के साथ मिलीभगत है और जिला प्रशासन जानबूझकर अतिक्रमण नहीं हटा रहा है. सरकार द्वारा इस मामले में सदन में दिये गए उत्तर से स्पष्ट है कि धनबाद जिला के उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और बाघमारा अंचल अधिकारी ने विधानसभा की अवमानना की है और सदस्य एवं सभा के विशेषाधिकार का हनन किया है. अतः उपायुक्त धनबाद, अनुमंडल अधिकारी, धनबाद एवं अंचल अधिकारी, बाघमारा के विरूद्ध सदन की अवमानना और सदस्य एवं सभा के विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई आरंभ करने की अनुमति दें.



# नेपाल में हिंसा, पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ का सिलसिला जारी

## राजधानी में दो प्रदर्शनकारियों की मौत, दिल्ली और काठमांडू की सभी उड़ानें हुईं रद्द

नयी दिल्ली । नेपाल में बीते दिन से हिंसा, पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ का दौर जारी है. सोशल मीडिया बैन के ख़िलाफ़ युवाओं के प्रदर्शन ने ओली सरकार को पूरी तरह से हिला दिया. प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गृहमंत्री रमेश लेखक, कृषि मंत्री रामनाथ अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा है. सोमवार को हुई हिंसक प्रदर्शन में सोमवार को 20 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हो गए. मंगलवार को भी जेन-जेड का प्रदर्शन सुबह से जारी है. राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं सामने आ रही हैं. राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निजी आवास पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी.

**कालीमाटी में दो युवा प्रदर्शनकारियों की मौत :** काठमांडू के कालीमाटी इलाके में हिंसक झड़प के दौरान पुलिस फायरिंग में दो युवा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई. इलाके में तनाव बढ़ गया है और सुरक्षाबलों की भारी तैनाती कर दी गई है.

## न्यूज अपडेट

### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने लॉस एंजेलिस में आव्रजन जांच पर लगी रोक हटाई

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने लॉस एंजेलिस में आव्रजन जांच पर लगी रोक हटा दी है. इससे अब संघीय एजेंट बड़े पैमाने पर जांच अभियान चला सकेंगे. यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है. अदालत के 6-3 के फैसले के बाद अब इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट एजेंट लोगों को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ कर सकते हैं. निचली अदालत ने पहले इन कार्रवाइयों पर रोक लगाई थी, क्योंकि इसमें लोगों को केवल उनकी भाषा, रंग या काम के आधार पर निशाना बनाया जा रहा था. जस्टिस सोनिया सोटोमेयर ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह लोगों की संवैधानिक आजादी को खतरे में डाल देगा.

### जहरीला मशरूम खिला 3 रिश्तेदारों को मारने वाली पैटरसन को उम्रकैद

**नयी दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने सोमवार को बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड की दोषी मशरूम किलर एरिन पैटरसन को उम्रकैद की सजा सुनाई है. पैटरसन (51) ने खुद से अलग रह रहे पति के चार रिश्तेदारों को जहरीला मशरूम खिला दिया था, जिनमें तीन की मौत हो गई थी. उसे कम से कम 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं होगी. पैटरसन ने अपने रिश्तेदारों को इस बहाने से भोज पर आमंत्रित किया था कि उसे कैंसर हो गया है. हालांकि, कैंसर होने की बात झूठी थी. जस्टिस क्रिस्टोफर बील ने विक्टोरिया प्रांत के उच्चतम न्यायालय में कहा कि पैटरसन ने विश्वासघात किया था. पैटरसन को जुलाई में डॉन और गेल पैटरसन तथा गेल की बहन हीदर विल्किंसन की हत्या तथा हीदर के पति इयान विल्किंसन की हत्या का प्रयास का दोषी ठहराया गया था.

### पाकिस्तान में पीटीआई ने 12 विधायकों को पार्टी से निकाला

**लाहौर ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री गुलबर खान और 11 अन्य विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. इन पर अलग गुट बनाने का आरोप है. एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी से निकाले गए लोगों में खान के अलावा अब्दुल हमीद, हाजी शाह बेग, मुश्ताक अहमद, सैयद अमजद अली जैदी, शमसुल हक लोन, दिलशाद बानो, राजा नासिर अली खान, सुरैया जमान, राजा आजम खान अमाचा और राजा फजल रहीम शामिल हैं.

### इस्राइली सेना ने गाजा को पूरी तरह से खाली करने का किया आग्रह

**नयी दिल्ली ।** इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा में अपने नियोजित विस्तारित सैन्य अभियान से पहले, मंगलवार सुबह गाजा शहर को पूरी तरह से खाली करने का आग्रह किया. यह मौजूदा लड़ाई के दौर में शहर को पूरी तरह से खाली करने की पहली चेतावनी है. मंगलवार को ही, रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि इस्राइल ने गाजा में 30 ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया है, जिनका इस्तेमाल उसने हमास पर सैन्य बुनियादी ढांचे के लिए करने का आरोप लगाया था. वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि इस्राइल कम से कम 50 आतंक के टावरों को नष्ट करने की योजना बना रहा है, जिनका इस्तेमाल हमास करता है.

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री शिनावात्रा को साल भर रहना होगा जेल में

**बैंकॉक (थाईलैंड) ।** थाईलैंड के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देश प्रभावशाली पूर्व प्रधानमंत्री और अरबपति थाकसिन शिनावात्रा को एक साल की जेल की सजा सुनाई है. न्यायालय ने पिछले साल थाकसिन के लंबे समय तक अस्पताल में रहने को गैरकानूनी करार दिया और उन्हें बैंकॉक रिमांड जेल में अपनी सजा काटने का आदेश दिया. सीएनएन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. रिपोर्ट के अनुसार, 76 वर्षीय थाकसिन 2001 से 2006 तक सैन्य तख्तापलट के दौरान अपदस्थ होने तक प्रधानमंत्री रहे. 15 साल के स्व निर्वासन के बाद 2023 में उन्होंने नाटकीय ढंग से थाईलैंड वापसी की. सत्ता में रहने के दौरान हितों के टकराव, सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के लिए उन्हें आठ साल जेल की सजा सुनाई गई. थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने थाकसिन की जेल की सजा घटाकर एक साल कर दी.

### जुलूस में पाक समर्थक नारे लगने का वीडियो वायरल, प्राथमिकी दर्ज

**शिमोगा ।** कर्नाटक राज्य के शिवमोग्गा जिले के भद्रावती नगर में ईद ए मिलाद के जुलूस के दौरान पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद न्यू टाउन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया है. पुलिस ने वीडियो को फोरेंसिक लैब भेज दिया है. दरअसल, इस वायरल वीडियो में सोमवार रात ईद मिलाद के जुलूस के दौरान अंबेडकर सर्किल में कुछ युवकों ने ₹पाकिस्तान जिंदाबाद₹ जैसे नारे लगाते दिखते हैं. इस वीडियो की सत्यता हमारा मीडिया ग्रुप नहीं करता है. इस वीडियो के वायरल होने के बाद न्यू टाउन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया.

## प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल के बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा

# 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की गयी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश का दौरा कर भारी वर्षा, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न हालात का जायजा लिया. उन्होंने मंडी और कुल्लू जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और इसके बाद कांगड़ा में प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की. यहां उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की. प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की. वहीं, एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी. केंद्र सरकार ने नुकसान के आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिए हैं और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की.



**कांगड़ा में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की :** प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कांगड़ा में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की. उन्होंने हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति पर एक प्रस्तुति देखी. इस दौरान उनके साथ राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' भी थे.प्रधानमंत्री ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी. प्रधानमंत्री ने पूरे क्षेत्र और लोगों का जीवन पटरी पर लाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया. ये कार्य कई तरीकों से किए जाएँगे, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, स्कूलों का पुनर्निर्माण, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुओं के लिए मिनी किट जारी करना. कृषि समुदाय को सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए विशेष रूप से उन किसानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं.

**बोले-क्षतिग्रस्त घरों की जियोटैगिंग की जाएगी :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, क्षतिग्रस्त घरों की जियोटैगिंग की जाएगी. इससे नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावित लोगों तक त्वरित सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी. निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल नुकसान की सूचना दे सकेंगे और उसे जियोटैग कर सकेंगे, जिससे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता मिल सकेगी. वर्षा जल के संग्रहण और भंडारण हेतु जल संचयन हेतु पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा. इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार होगा और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा.

**आपदा मित्र टीमों के सदस्यों से भी संवाद किया :** प्रधानमंत्री ने इस दौरे में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और आपदा मित्र टीमों के सदस्यों से भी संवाद किया. उन्होंने प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं और राहत एवं बचाव अभियानों की प्रगति का आकलन किया. उन्होंने तत्काल राहत और बचाव कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य प्रशासन और अन्य सेवा-उन्मुख संगठनों के कर्मियों के प्रयासों की सराहना की. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी आज उप राष्ट्रपति पद के लिए चल रही मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के बाद हिमाचल के लिए रवाना हुए थे. बाद में वे पंजाब जायेंगे. प्रधानमंत्री ने यात्रा के पूर्व सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है.

### बंगाल के व्यापारी के घर ईडी का छापा, 64 लाख रु नकद बरामद

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में रेत तस्करी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बसंतपुर निवासी व्यापारी सौरभ राय के घर छापेमारी कर 64 लाख नकद बरामद किए. नोटों की गड्डियां घर के अलग-अलग हिस्सों में छिपाई गई थीं. ईडी के सूत्रों ने बताया कि एजेंसी की टीम ने सोमवार सुबह से ही राज्य के कई ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू की थी. छापेमारी के दौरान सौरभ राय घर पर मौजूद नहीं थे. परिवार के सदस्य इतनी बड़ी नकदी के स्रोत और उद्देश्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके.

### 183 करोड़ के फर्जी मामले में एमडी समेत दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में 183 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी घोटाले मामले में निजी कंपनी तीर्थ गोपिकॉन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) महेश कुंभानी और एक अन्य व्यक्ति गौरव धाकड़ को गिरफ्तार किया है. मामला इंदौर स्थित एक कंपनी द्वारा मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड (एमपीजेएनएल) को जाली बैंक गारंटी जमा करने और बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा है. इसमें सीबीआई ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे. गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जल्दी ही इंदौर न्यायालय के विशेष मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा. आरोप है कि साल 2023 में कंपनी राज्य के छतरपुर, सागर और डिंडोरी जिलों में कुल 974 करोड़ रुपए मूल्य की तीन सिचाई परियोजनाओं में शामिल थी. इन परियोजनाओं के अनुबंध हासिल करने के लिए कंपनी ने 183.21 करोड़ रुपए की आठ फर्जी बैंक गारंटी जमा कीं. कंपनीं को इन्हीं गारंटियों के आधार पर एमपीजेएनएल ने एडवांस के तौर पर 85 करोड़ रुपए दिए थे.

### शिल्पा और राज को धोखाधड़ी के मामले में मुंबई पुलिस ने भेजा समन

**मुंबई ।** फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने मंगलवार को समन जारी कर उनके खिलाफ दर्ज 60.48 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में 15 सितंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है. मुंबई पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को समन जारी कर 10 सितंबर को पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने समय सीमा बढ़ाने की मांग की, जो मंजूर कर ली गई. इससे पहले मुंबई पुलिस की ओर से शिल्पा और राज के खिलाफ एक लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था, जिसमें जांच से बचने के लिए उनके देश छोड़कर जाने की आशंका के चलते उनकी भारत से बाहर यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के ऑडिटर को भी समन जारी किया गया है, जिनसे वित्तीय लेन-देन का पता लगाने में जांचकर्ताओं की सहायता करने की उम्मीद है.



### जंगली हाथी के हमले में घायल चाय बागान मजदूर की हो गई मौत

**नीलगिरी ।** गुडालूर के पास जंगली हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल चाय बागान मजदूर की मंगलवार को मौत हो गई. इसी हमले में घायल दूसरे मजदूर की हालत गंभीर है जिसे ऊटी के सरकारी मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है. नीलगिरी जिले के गुडलूर के पास ओवेली और उसके आसपास जंगली हाथियों की आवाजाही दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. खासकर, जंगल से भागकर आए जंगली हाथी न केवल घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि इंसानों पर भी हमला कर रहे हैं. ऐसे में, बारवुड इलाके के दो लोग, शम्सुद्दीन और सेलादुरई, मंगलवार सुबह चाय बागान में काम करने गए थे. उसी समय, जंगल से निकल कर चाय बागान में मौजूद एक जंगली हाथी ने शम्सुद्दीन और उसके साथी पर हमला कर दिया. हमले में गंभीर रूप से घायल शम्सुद्दीन की मौत हो गई.

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने फिर दोहराया-किसी भी युद्ध में थल सेना की भूमिका महत्वपूर्ण, बोले-

# हमारे सामने ढाई मोर्चों पर हमेशा खतरा बना हुआ है

**संवाददाता । नई दिल्ली**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक बार फिर किसी भी युद्ध में थल सेना की भूमिका को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बताया है. जनरल द्विवेदी ने युद्ध के बदलते स्वरूप और परिवर्तनकारी सुधारों के तहत उभरती तकनीकों को अपनाने के भारतीय सेना के प्रयासों पर भी बात की. सेना प्रमुख ने दोहराया कि चूंकि, हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन ही हमेशा जीत की मुद्रा बनी रहेगी. उन्होंने जोर दिया कि सेनाओं का थिएटराइजेशन ही इसका समाधान है, क्योंकि कमान की एकता ज्यादा जरूरी है. सेना प्रमुख मंगलवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन में युद्धों की अप्रत्याशितता पर प्रकाश डालने के साथ आधुनिक सैन्य तैयारियों के तीन प्रमुख पहलुओं को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि युद्ध हमेशा अप्रत्याशित होता है. हमें यह समझने की जरूरत है कि युद्ध को लंबे समय तक जारी रखने के लिए दूसरी तरफ कौन सी तकनीक उपलब्ध है. इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने में सक्षम होना चाहिए कि हमारे पास लंबे युद्ध के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हों. उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कम लागत वाली उच्च तकनीक है, तो भी आप अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर सकते हैं. उन्होंने अपनी बात को रेखांकित करने के लिए पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का हवाला दिया. उन्होंने कहा कि दोनों राष्ट्रपतियों ने बस इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी जमीन का आदान-प्रदान करना है. उन्होंने कहा कि जब रूस युद्ध में उतरा, तो हमने हमेशा सोचा था कि यह युद्ध केवल 10 दिनों तक चलेगा. जैसा कि हमने देखा कि ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 वर्षों तक चला, लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर की बात आई, तो हमें यकीन नहीं था कि यह कितने दिनों तक चलेगा. सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई लोगों ने सवाल उठाया कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई चार दिन के टेस्ट मैच में ही क्यों खत्म हो गई? जनरल द्विवेदी ने इससे पहले शुक्रवार को लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस 'टिनी' ढिल्लों (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'ऑपरेशन सिंदूरः पाकिस्तान के अंदर भारत के गहरे हमलों की अनकही कहानी' के विमोचन समारोह में भी युद्ध में थल सेना की भूमिका के बारे में बताया था.




### मेक्सिको में मालगाड़ी और बस में टक्कर, 10 की मौत, 41 घायल हुए

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको में एक मालगाड़ी और एक डबल डेकर बस के बीच हुई टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस दो हिस्सों में बंट गई. यह दुर्घटना सुबह 7 बजे से कुछ पहले राजधानी मेक्सिको सिटी में स्थित अटलाकोमुल्को शहर के एक औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग पर हुई. रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने एक्स पर कहा कि अधिकारी अभी भी दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं. राज्य अभियोजक कार्यालय ने कहा कि उसने जांच शुरू कर दी है. अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि सात महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई और कुछ घायलों की हालत गंभीर है.

### उत्तर कोरिया ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन का किया परीक्षण

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में छलांग लगाते हुए उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन मिसाइल इंजन का परीक्षण किया. देश के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन परीक्षण के समय मौजूद रहे. इस इंजन को देश के रक्षा अनुसंधान संस्थान ने विकसित किया है. इस इंजन का प्रयोग अगली पीढ़ी की मिसाइल ह्वासोंग-20 में किया जाएगा. द कोरिया टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया की सरकारी संवाद सेवा 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने मंगलवार को यह जानकारी दी. किम ने तैयार किए जा रहे इंजन की प्रगति जानने के लिए हफ्ते भर पहले रक्षा अनुसंधान संस्थान का दौरा किया था. इसे रक्षा प्रौद्योगिकी के हालिया आधुनिकीकरण में सबसे रणनीतिक सफलता कहा जा सकता है.

### पाक के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में टीटीपी के आठ आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद ।** पाक के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले की दत्ता खेल तहसील में सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने तहरीक-ए-तालिबान पाक के कुछ कमांडरों समेत आठ आतंकवादियों को मार गिराया. सुरक्षा सूत्रों का दावा है कि दो दर्जन से ज्यादा आतंकवादी अभी भी इलाके में छुपे हुए हैं और ग्रामीणों को मानव ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, यह इलाका बेहद दुर्गम और अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है. सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच कई घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान दत्ता खेल गोलियों और विस्फोटों की आवाजों से गूंजता रहा. स्थानीय लोग अपने घरों में दुबके रहे और उन्हें खाने-पीने और अन्य जरूरी चीज़ों की कमी का सामना करना पड़ा.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.